* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 30 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 142 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



### झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर ट्रांसफर-पोस्टिंग की तैयारी

# एसपी, डीआईजी, आईजी रैंक के अफसरों का होगा तबादला

- सरकार की ओर से शुरू कर दी गयी है तबादले की तैयारी
- डीएसपी रैंक के अफसरों का भी तबादला करने की है तैयारी

संवाददाता। रांची

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है. संभावना जताई जा रही है कि झारखंड में अक्टूबर महीने के पहले सप्ताह में चुनाव की घोषणा हो सकती है. इसको देखते हुए सरकार की ओर से पुलिस महकमे में बड़े स्तर पर तबादले की तैयारी शुरू कर दी गयी है. दो दिन पहले ही एसपी रैंक के 10 आईपीएस अफसरों का तबादला किया गया है. जानकारी के मुताबिक, आने वाले सप्ताह में आईपीएस स्तर के कई पुलिस अधिकारियों का तबादला होगा. इनमें एसपी, डीआईजी और आईजी रैंक के अफसर शामिल रहेंगे. इसके अलावा पुलिस मुख्यालय स्तर पर भी कई अफसरों को इधर से उधर किया जा सकता है.

**विधि व्यवस्था को ध्यान में रख किया जाएगा तबादला :** पुलिस अफसरों के तबादले को लेकर कई बिंदुओं पर मंथन चल रहा है. पुलिस मुख्यालय भी जिलावार विधि-व्यवस्था, अपराध व नक्सल आदि बिंदुओं पर आकलन कर रहा है. जिस जिले में अपराध के आंकड़े अधिक होंगे और निष्पादन व खुलासे का प्रतिशत कम होगा, उस जिले के कप्तान को बदलने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जाएगा. वहीं डीएसपी स्तर के पुलिस पदाधिकारी के ट्रांसफर के लिए भी सूची तैयार की जा रही है. आने वाले कुछ ही दिनों में राज्य के अलग-अलग पदों पर पदस्थापित डीएसपी रैंक के कई पुलिस अफसरों का तबादला किया जाएगा.

**18 अगस्त को पुलिसकर्मियों का हुआ था तबादला :** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर एक ही जिले में तीन साल या उससे अधिक समय से पदस्थापित पुलिस कर्मियों का तबादला किया जा चुका है. राज्य पुलिस स्थापना परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के बाद बीते 18 अगस्त को एक ही पुलिस निरीक्षक और परिचारी प्रभारी की ट्रांसफर-पोस्टिंग हुई थी.

### अगले पांच महीने में चार और आईपीएस भी हो जाएंगे सेवानिवृत्त

## झारखंड कैडर के आईपीएस एसएन प्रधान 31 को होंगे रिटायर

संवाददाता। रांची

झारखंड कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी एसएन प्रधान दो दिन बाद यानी 31 अगस्त सेवानिवृत्त (रिटायर्ड) हो जायेंगे. वे वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डीजी हैं. 31 अगस्त को रिटायर होने के बाद उन्हें झारखंड पुलिस विदाई देगी. प्रधान के अलावा 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय भटनागर भी इसी वर्ष नवंबर में सेवानिवृत्त होंगे. वे भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और वर्तमान में सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं.अगले पांच माह में झारखंड कैडर के चार और आईपीएस सेवानिवृत्त हो जाएंगे. अजय भटनागर 30 नवंबर 2024 को, पूर्व डीजीपी अजय कुमार सिंह व मुरलीलाल मीणा जनवरी 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो जायेंगे.

**एक जनवरी से छह आईपीएस हो जाएंगे डीआईजी**

झारखंड कैडर के 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी 2025 से डीआईजी हो जाएंगे. सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है. इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं.

**कोर्ट की खबरें**

### जमानत के खिलाफ ईडी ने दाखिल की है याचिका

## सुप्रीम कोर्ट ने दिलीप घोष का बैंक स्टेटमेंट मांगा

- ईडी की अपील पर दिलीप घोष से जुड़े मामले की आज फिर सुनवाई करेगी शीर्ष अदालत

संवाददाता। रांची

सुप्रीम कोर्ट ने कथित तौर पर फर्जी संपत्ति दस्तावेज तैयार करके रांची में भारतीय सेना की 4.55 एकड़ जमीन की बिक्री से संबंधित वित्तीय लेनदेन का पता लगाने के लिए गुरुवार को एक आरोपी का बैंक स्टेटमेंट मांगा. झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी कथित भूमि घोटाले से उत्पन्न धनशोधन मामले में आरोपी हैं. वह अभी जमानत पर हैं. शीर्ष अदालत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक अपील पर सुनवाई कर रही है, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट द्वारा 28 नवंबर, 2023 को सह-आरोपी दिलीप घोष को जमानत दिए जाने को चुनौती दी गई है. न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने दिलीप घोष की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एस नागमुथु से कहा, आप गुरुवार शाम तक संबंधित अवधि का बैंक स्टेटमेंट (आरोपी का) पेश करें. इस पर शुक्रवार सुनवाई होगी.

**तारीख देने से किया इंकार :** शीर्ष अदालत ने नागमुथु के अनुरोध के अनुसार मामले को बाद की तारीख पर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया और कहा कि इस पर शुक्रवार को ही सुनवाई होगी. संघीय धनशोधन रोधी जांच एजेंसी के अनुसार, भारतीय सेना से संबंधित 4.55 एकड़ जमीन को गैर-मालिकों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया. उसने कहा कि झारखंड की राजधानी रांची के बरियातू मुहल्ले के निवासी अफसर अली और उसके साथियों ने कोलकाता में रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस (रिकॉर्ड) के कार्यालय में प्रफुल्ल बागची के नाम से एक फर्जी दस्तावेज तैयार किया और दावा किया कि जमीन प्रफुल्ल बागची की है.

**कोर्ट में दोनों पक्षों की दलीलें :** बुधवार को पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से पूछा कि क्या जांच एजेंसी के पास घोष और बागची की कॉल डिटेल्स हैं. जांच एजेंसी ने कहा कि उसके पास वे नहीं हैं, लेकिन वह इस पहलू को बाद में स्पष्ट करेगी.

**हाईकोर्ट का आदेश**

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि जेटीईपीएल ने संपत्ति सात करोड़ रुपए की तय राशि में खरीदी है, जबकि इसका मौजूदा मूल्य 20 करोड़ रुपए से अधिक है, क्योंकि उक्त संपत्ति के संबंध में भारतीय सेना के साथ एक मुकदमा चल रहा था. झारखंड हाईकोर्ट ने कहा था कि यह दावा किया गया था कि जेटीईपीएल द्वारा आरोपी प्रदीप बागची के पक्ष में चेक जारी किए गए थे. हाईकोर्ट ने कहा था कि 25 लाख रुपए का चेक भुनाया गया था और आपसी समझ के अनुसार, शेष राशि संबंधित संपत्ति का भौतिक कब्जा सौंपने पर देय थी. ईडी आरोपियों के बीच मिलीभगत का दावा कर रही है और कथित धनशोधन के लिए उन पर मुकदमा चलाना चाहती है. बता दें कि धनशोधन का यह मामला झारखंड पुलिस द्वारा 4 जून, 2022 को रांची के बरियातू थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467 और 471 के तहत स्थानीय निवासी प्रदीप बागची के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ. प्राथमिकी रांची नगर निगम के कर संग्रहकर्ता दिलीप शर्मा की एक शिकायत पर आधारित थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बागची ने जाली कागजात जमा करके जमीन के दो होल्डिंग नंबर प्राप्त किए. बाद में उन्होंने कथित तौर पर धोखाधड़ी से संपत्ति को बेच दिया.

विधि अधिकारी ने कहा कि बिक्री विलेख कुल 7 करोड़ रुपए की राशि का था, लेकिन इसमें बागची को 25 लाख रुपए के आंशिक भुगतान का कोई संदर्भ नहीं है. उन्होंने कहा, हालांकि बिक्री विलेख में 7 करोड़ रुपए के भुगतान के लिए चेक का उल्लेख है, लेकिन कोई भी चेक भुनाया नहीं गया. पीठ ने कहा, आपने 7 करोड़ रुपए का भुगतान कैसे किया...सवाल यह है कि अगर यह दिखाया गया है कि ये भुगतान चेक जारी करके किए गए थे, तो बिक्री विलेख में इस बात का उल्लेख है कि चेक भुनाए नहीं गए.

## 380 से अधिक अधिकारी हुए प्रोन्नत, बने जीएम

संवाददाता। रांची

**कोल इंडिया** के 380 से अधिक अधिकारियों को महाप्रबंधक के पद पर प्रोन्नत किया गया है. सभी अधिकारी विभिन्न संवर्ग के हैं. इंटरव्यू बोर्ड ने इन अधिकारियों के नाम की अनुशंसा की थी. विभिन्न संवर्ग के इन अधिकारियों को ई-7 से ई-8 में प्रमोशन दिया गया है. कोल इंडिया ने इन अधिकारियों का प्रोन्नति आदेश 28 अगस्त 2024 को जारी करते हुए कुछ का दूसरी जगह पदस्थापन कर दिया है. अधिकारियों की प्रोन्नति के लिए प्रबंधन ने विभिन्न तिथियों को इंटरव्यू लिया था. इंटरव्यू में शामिल हुए अधिकारी कोल इंडिया की विभिन्न सहायक कंपनियों में पदस्थापित हैं. कुछ अधिकारियों का प्रोन्नति देने के बाद कई तबादला भी कर दिया गया है. प्रोन्नति आदेश में कहा गया है कि तय समय के अंदर पदोन्नत पद पर कार्यभार ग्रहण करना होगा. ऐसा नहीं करने पर प्रोन्नति आदेश रद्द माना जाएगा. जीएम के पद पर योगदान देने के बाद अधिकारियों को वेतन, ग्रेच्युटी, पेंशन, लिव इनकैशमेंट सहित कई तरह के आर्थिक लाभ भी मिलेंगे.

### झारखंड विस चुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान लॉन्च

# सूबे की जनता से सुझाव लेकर घोषणा पत्र तैयार करेगी भाजपा

संवाददाता। रांची

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं. भारतीय जनता पार्टी भी संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) तैयार करने में जुट गयी है. इस बार भाजपा राज्य में विभिन्न वर्ग के लोगों से सुझाव लेकर अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी. इसको लेकर पार्टी के सांसद, विधायक और पदाधिकारी राज्य के प्रमंडल से लेकर प्रखंड स्तर तक पर जायेंगे और हर वर्ग की जनता से संवाद करेंगे. पार्टी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप के जरिये भी लोगों से सुझाव आमंत्रित करेगी. भाजपा ने संकल्प पत्र तैयार करने के लिए जनसंपर्क अभियान लॉन्च कर दिया है.




भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और घोषणा पत्र समिति के संयोजक अनंत ओझा ने गुरुवार को प्रदेश पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी.

**भाजपा जो संकल्प पत्र जारी करेगा, वो जनता का घोषणा पत्र होगा :** घोषणा पत्र समिति के संयोजक अनंत ओझा ने कहा कि हमारी पार्टी चुनाव के पहले जो संकल्प पत्र जारी करती है, वह वस्तुतः जनता की आकांक्षाओं का ही दर्पण होता है. हम उनकी विचारों और मांगों को ही अपना संकल्प बनाते हैं और उसके अनुसार अपनी सरकार की दिशा तय करते हैं. उन्होंने बताया कि लोग व्हाट्सएप नंबर 6202750671 पर भी अपने सुझाव भेज सकते हैं. अनंत ओझा ने कहा कि पार्टी के सांसद, विधायक और पदाधिकारी राज्य के प्रत्येक प्रमंडल से लेकर प्रखंड स्तर पर जायेंगे और हर वर्ग की जनता से संवाद करेंगे. युवा, महिला, किसान, सरकारी कर्मचारी, श्रमिक, व्यापारी, छात्र सभी वर्ग की समस्याओं और उनकी मांगों पर चर्चा की जायेगी.

**चंपाई सोरेन आज भाजपा में होंगे शामिल**

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि चंपाई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में औपचारिक रूप से शामिल होंगे. इसके लिए धुर्वा शहीद मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है.

लोग अपनी बातें लिखित रूप से सुझाव पेटी में भी डाल सकते हैं. इसके बाद हम जो संकल्प पत्र जारी करेंगे, वह वास्तव में जनता का घोषणा पत्र होगा.

**सुझावों का विश्लेषण कर संकल्प पत्र तैयार करने वाली समिति में ये शामिल :** बता दें कि जनता से प्राप्त होने वाले सुझावों का विश्लेषण कर संकल्प पत्र तैयार करने की जिम्मेदारी जिस समिति को सौंपी गयी है, उसमें अनंत ओझा के अलावा बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक भानु प्रताप शाही, नवीन जायसवाल, सांसद वीडी. राम और पूर्व सांसद गीता कोड़ा शामिल हैं.

## आईआरबी के 227 जवान बनेंगे एएसआई



संवाददाता। रांची

इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के 227 जवानों को एएसआई में प्रोन्नति मिलेगी. झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इन 227 जवानों की वरीयता सूची जारी कर दी है. गौरतलब है कि केंद्र सरकार आईआरबी के गठन को मंजूरी देती है. इसका खर्च भी केंद्र सरकार वहन करती है. बटालियन के गठन के लिए यह शर्त भी रहती है कि केंद्र सरकार जहां चाहे इस बटालियन का उपयोग कर सकती है. इस बल का गठन राज्यों में सीआरपीएफ या अन्य केंद्रीय बलों से निर्भरता खत्म करने के लिए किया गया है.

**आश्रितों को उनकी शेष सेवा अवधि के बराबर किया जाएगा भुगतान :** बता दें कि आईआरबी में कार्यरत जवानों और कर्मियों की सेवानिवृत्ति की आयु पहले तय नहीं थी. लेकिन इस साल फरवरी में हुई कैबिनेट की बैठक में सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष तय की गयी. कैबिनेट की बैठक में आईआरबी जवानों और कर्मियों के आश्रितों को उनकी शेष सेवावधि के बराबर भुगतान करने को मंजूरी मिली.

### उत्पाद मंत्री ने सचिव को लिखा पीत पत्र

## शराब दुकान पर काम करने वालों को मिलता है कम वेतन

संवाददाता। रांची

शराब बिक्री में लगी आउटसोर्सिंग कंपनियों की वजह से सरकार की बदनामी हो रही है. शराब बिक्री में लगे लोगों को नियुक्त लोगों को वेतन देने के लिए कंपनियां सरकार से पूरा पैसा लेती है, पर देती है आधी तनख्वाह. इसके साथ ही मिलावटी शराब की बिक्री भी की जा रही है. इस वजह से सरकार की बदनामी हो रही है. इस मुद्दे को लेकर उत्पाद विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम ने उत्पाद सचिव को पीत पत्र लिखा है. उन्होंने शराब के बाजार में चल रहे अन्य दिक्कतों को लेकर भी सचिव का ध्यान खींचा है. मंत्री ने पूरे मामले पर उत्पाद विभाग के सचिव से रिपोर्ट मांगी है. पूछा है कि शराब बिक्री की व्यवस्था को कैसे पारदर्शी बनाया जाये, ताकि इसमें काम करने वाले



लोगों के साथ गलत ना हो और खरीदने वालों को मिलावटी शराब ना मिले.

उल्लेखनीय है कि राज्य के तकरीबन सभी जिलों से इस तरह की रिपोर्ट आती रहती है कि शराब दुकानदार प्रिंट रेट से ज्यादा रुपये खरीददारों से वसूलते हैं. प्रति बोतल 10-20 रुपये की अधिक कीमत वसूली जाती है. बताया जाता है कि प्रिंट रेट से अधिक वसूली से मिली राशि में से ही वहां काम करने वाले लोगों को वेतन दिया जाता है. यही कारण है कि शराब दुकानों पर काम करने वाले लोग ज्यादा कीमत पर शराब खरीदते हैं.

## पहले से नौकरी कर रहे लोगों को दें उम्र सीमा में छूट : हाईकोर्ट

- एसीएफ और रेंजर नियुक्ति मामला

रांची। जेपीएससी द्वारा वन विभाग के एसीएफ (असिस्टेंट फॉरेस्ट कंजरवेटर) और रेंजर नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में पहले से नौकरी कर रहे लोगों को उम्र सीमा में छूट नहीं दिये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई. इस दौरान अदालात ने वैसे अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में छूट देने का निर्देश दिया, जो पहले से नौकरी में हैं.

न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन के कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तिथि निर्धारित करते हुए कहा कि याचिका के अंतिम आदेश से प्रार्थियों की नियुक्ति प्रभावित होगी. इस संबंध में पिंटू कुमार और अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने बहस की.

## पंकज मिश्रा को बेल देने से इंकार

संवाददाता। रांची

साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने और टेंडर मैनेज करने के आरोप में जेल में बंद सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है. कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी है. इससे पहले अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. बता दें कि पूर्व में भी ईडी की विशेष अदालत ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी. इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दी थी. लेकिन हाईकोर्ट से पिछले दिनों याचिका वापस ले ली गई थी और फिर पीएमएलए कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी. बता दें



कि ईडी ने 19 जुलाई 2022 को पंकज मिश्रा को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था. जांच के दौरान पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त किये गये थे. वहीं साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जाचौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली गयी थी. इस दौरान कई दस्तावेज, अवैध रूप से संचालित पांच स्टोन क्रशर, पांच अवैध बंदूक, कारतूस और 5.34 करोड़ रुपये नकद जब्त किये गये थे.

## लॉ यूनिवर्सिटी के भवन की डीपीआर कब तक बनाएंगे?

- हाईकोर्ट ने बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड से पूछा
- राज्य सरकार से मांगा जवाब, अगली सुनवाई सोमवार को

संवाददाता। रांची

राजधानी के बाहरी इलाके कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई. गुरुवार को मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड से पूछा कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके की अतिरिक्त भवन बनाने के लिए डीपीआर कब तक बनेगा? अदालत ने राज्य सरकार को इसपर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है, अगली सुनवाई सोमवार को होगी. राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने पैरवी की. खंडपीठ ने झारखंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन से पूछा कि अगर आपको डीपीआर की राशि का भुगतान कर दिया जाता है तो कब



तक नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन का डीपीआर तैयार होगा?

बता दें कि पिछली सुनवाई में झारखंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के एमडी कोर्ट में सशरीर पेश हुए थे. उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि कारपोरेशन के पास वित्त विभाग की चिट्ठी है, जिसके तहत वह किसी भी भवन का डीपीआर बनाने के लिए प्रोजेक्ट का कुल लागत का 10% राशि चार्ज लेता है. पूर्व की सुनवाई दौरान सीसीएल, सेल आदि की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के अतिरिक्त भवन सीएसआर फंड के तहत तैयार करा सकता है, लेकिन उसे भवन का डीपीआर बना कर दिया जाए. बार एसोसिएशन झारखंड हाईकोर्ट की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को जरूरी सुविधा उपलब्ध करने का आग्रह किया गया है.

## खतियान डिजिटाईज नहीं तो, सीओ देंगे लगान रसीद काटने का आदेश

संवाददाता। रांची

राज्य के विभिन्न अंचलों में जमीन के लाखों खातों की जमाबंदी का डिजिटाईजेशन नहीं हो पाया है. इस वजह से जमीन मालिक लगान ऑनलाईन नहीं जमा कर पा रहे हैं. क्योंकि जमीन की जमाबंदी की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल इंद्राज पर उपलब्ध नहीं है. इसकी वजह यह है कि खतियानों के बहुत पुराना होने या कैथी भाषा में होने के कारण डिजिटाईजेशन में समस्या है. ऐसे मामलों में सरकार ने यह तय किया है कि संबंधित अंचल के अंचलाधिकारी उपलब्ध दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे. साथ ही संबंधित खतियान व जमीन का भौतिक सत्यापन करा कर पंजी-टू में दर्ज करेंगे. जिसके आधार पर जमीन मालिक लगान का ऑनलाईन भुगतान कर पायेंगे. सरकार ने इससे संबंधित आदेश सभी प्रमंडलों के आयुक्त और सभी जिलों के डीसी को दे दिया है.

उल्लेखनीय है कि झारखंड में जमीनों के दस्तावेज को ऑनलाईन करने का काम कई सालों से किया जा रहा है. लेकिन अब भी करीब आधी जमीन का भी ब्योरा ऑनलाईन पोर्टल पर रजिस्टर्ड नहीं किया जा सका है. इससे जमीन मालिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. जमीन मालिकों की दिक्कतों को देखते हुए ही सरकार ने अंचलाधिकारियों को यह तय करने का अधिकार दिया है कि जो उपलब्ध दस्तावेज हैं, उसके मुताबिक जमीन की क्या स्थिति है, इसे ऑनलाईन दर्ज करा दें.

**बड़ा निर्णय** 1320 मेगावाट का पावर प्लांट लगाने की योजना से पीछे हटा जिंदल ग्रुप

## गोड्डा में जिंदल को मिली 368 एकड़ जमीन वापस लेगी सरकार

संवाददाता। रांची

गोड्डा में जिंदल कंपनी को मिली 368 एकड़ जमीन सरकार वापस लेगी. इसमें से 216 एकड़ जमीन रैयती है, जबकि 152 एकड़ गैर मजरुआ जमीन है. सारी जमीन वापस ली जाएगी. रैयती जमीन रैयतों को वापस कर दी जाएगी, जबकि गैरमजरुआ जमीन राज्य सरकार के भूमि बैंक को वापस की जाएगी. इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

जानकारी के मुताबिक जिंदल स्टील एवं पावर ने प्लांट के लिए सरकार से गोड्डा के निपनियां में 834 एकड़ जमीन की मांग की थी. सरकार ने जमीन अधिग्रहण की




कार्रवाई भी शुरू कर दी थी. कंपनी ने 368 एकड़ जमीन का अधिग्रहण भी कर लिया था. इस बीच वर्ष 2014 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिंदल कंपनी को मिले कोल ब्लॉक का आवंटन रद्द कर दिया गया.इसके बाद कंपनी ने जमीन अधिग्रहण का काम बंद कर दिया. साथ ही कंपनी ने निपनियां में पावर प्लांट लगाने की योजना को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया.

**खास बातें**

- 2014 में जिंदल को मिले कोल ब्लाक का आवंटन रद्द हो गया था
- 834 एकड़ जमीन की मांग की थी जिंदल ग्रुप ने

उल्लेखनीय है कि भूमि अधिग्रहण अधिनयम-2013 में यह प्रावधान है कि जिस काम के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया है, अगर उस जमीन का इस्तेमाल पांच साल तक नहीं किया जाता है, तो जमीन रैयत को वापस लौटानी पड़ेगी. इसके साथ ही झारखंड भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन नियमावली 2015 में यह प्रावधान है कि ऐसी स्थिति में जमीन को राज्य सरकार के भूमि बैंक में वापस कर दी जाएगी.

गोड्डा के निपनियां में जिंदल ग्रुप ने 1320 मेगावाट का पावर प्लांट लगाने की योजना बनायी थी. इसके लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया था. स्थानीय लोग इस प्लांट के निर्माण का लगातार विरोध करते रहे थे. लेकिन जब कंपनी खुद प्लांट लगाने की योजना से पीछे हट गई, तब जमीन वापसी की प्रक्रिया शुरू की गई है.

### विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस सक्रिय

## प्रत्याशियों के नामों की होगी समीक्षा

- 31 अगस्त और एक सितबंर को होगी स्क्रिनिंग कमेटी की बैठक

संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधानसभा चुनाव को लेकर एक्टिव हो गई है. उम्मीदवारों के नामों पर विचार करने के लिए स्क्रिनिंग कमेटी की बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को होगी. उम्मीदवारों के आवेदन जिला अध्यक्ष स्क्रिनिंग कमेटी को सौंपेंगे. जानकारी के अनुसार हर विधानसभा सीट से लगभग 70 से 80 आवेदन मिले हैं. वहीं शीट शेयरिंग का फैसला आलाकमान के हाथों में है. प्रदेश कांग्रेस झारखंड में अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है. वहीं विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति पर भी मंथन किया जा रहा है.

इस बार कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी का चयन करने के लिए अलग तरह की रणनीति पर काम कर रही है. अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के लिए आए नामों को लेकर पार्टी सर्वे करायेगी. सर्वे में जिसका पलरा भारी रहेगा, उसी को विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया जायेगा. पिछले हफ्ते हुई पार्टी की बैठक में विधायकों को इस बात की जानकारी दे दी गई थी. यह जता दिया गया था कि कोई यह ना मान ले कि टिकट मिलेगा ही. टिकट उसे ही मिलेगा, जिसके जीतने की उम्मीद सबसे अधिक होगी.

**क्लासिफाइड**






# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित | रांची, शुक्रवार 30 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 142 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





## जोहार झारखंड

झारखंड को घुसपैठियों, दलालों, भ्रष्ट ऑफ़िसरों एवं परिवारवादी ताकतों से

मुक्त कराने का संकल्प लेकर

भाजपा परिवार में शामिल हो रहे

कोल्हान टाइगर

श्री चंपाई सोरेन जी

का हार्दिक स्वागत है





भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश

तापमान
31.0° अधिकतम | 23.1° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 30 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 142 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## रिम्स : 10 बार टेंडर हुआ, नहीं लग सकी एमआरआई मशीन

संवाददाता। रांची

- अभी निजी कंपनी पीपीपी मोड पर करती है एमआरआई
- पिछले साल 12,388 और इस साल 4284 मरीजों की जांच

राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के पास अपनी एमआरआई मशीन नहीं है.इस कारण रिम्स में भर्ती होने वाले मरीजों को एमआरआई कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. हालांकि सरकार ने मरीजों की सुविधा के लिए पीपीपी मोड पर एमआरआई मशीन की व्यवस्था की है. वित्तीय वर्ष 2023-24 में 12,388 मरीजों का एमआरआई किया गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जुलाई माह तक 4284 मरीजों का एमआरआई किया गया.

जानकारी के मुताबिक, 10 बार टेंडर होने और सप्लायर नहीं मिलने या एक ही सप्लायर के टेंडर में हिस्सा लेने की वजह से एमआरआई मशीन की खरीद नहीं की जा सकी है.

**एमआरआई मशीन की जल्द हो सकती है खरीदारी :** पिछले माह हुई रिम्स शासी परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया कि अगर टेंडर में एक ही कंपनी भाग लेती है, तो उससे ही मशीन खरीदी जाएगी. मशीन खरीद का ऑर्डर देने से पहले अन्य बड़े अस्पतालों में मशीन की खरीद मूल्य की जानकारी लेनी होगी.

**गुड न्यूज :** 28 कमरे का होगा पेइंग वार्ड, 1000 रुपये में एसी रूम मिलेगा, गीजर-टीवी भी लगा रहेगा

## सदर अस्पताल में शीघ्र शुरू होगा पेइंग वार्ड, मिलेंगी ए ग्रेड सुविधाएं

आकर्ष अनिकेत। रांची

राज्य के सबसे बड़े और राजधानी के दूसरे बड़े सरकारी जिला अस्पताल यानि सदर अस्पताल, रांची में मरीजों को और बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी. अस्पताल प्रबंधन इस दिशा में लगातार कदम उठा रहा है. अस्पताल प्रबंधन की पहल पर स्वास्थ्य विभाग भी भरपूर सहयोग कर रहा है.

सदर अस्पताल में अगले एक सप्ताह के अंदर 28 कमरे के पेइंग वार्ड की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी. मरीजों को पेइंग वार्ड में एक ओर जहां 1000 रुपये में एसी कमरा मिलेगा, वहीं 24 घंटे नर्सिंग की व्यवस्था भी रहेगी. इससे पेइंग वार्ड में एडमिट मरीज की तुरंत मदद की जा सकेगी. बता दें कि पहले चरण में 28 कमरे के साथ पेइंग वार्ड की शुरुआत की जा रही है. आगे डिमांड बढ़ने पर और भी कमरों को व्यवस्था की जाएगी.

**पेइंग वार्ड के कमरे में वन टच कॉल की सुविधा भी होगी :** 1000 रुपये देकर वे पेइंग वार्ड में कमरा ले सकते है. एसी रूम के साथ गीजर की सुविधा रूम में उपलब्ध होगी. इसके अलावा जल्द ही रूम में टीवी व अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी. इसके अलावा वन टच कॉल की सुविधा भी मिलेगी. बेल बजाते ही अटेंडेंट आपके पास हाजिर होगा. ट्रीटमेंट के बाद डॉक्टरों के निर्देश पर मरीजों को पेइंग वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा.

### विशेषज्ञ चिकित्सक भी दे रहे सेवा

सदर अस्पताल राजधानी में रिम्स के बाद दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल है, जो मरीजों के इलाज और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराने में रिम्स को पीछे छोड़ रहा है. अस्पताल में कैंसर और हार्ट के मरीजों का भी इलाज किया जा रहा है. अलग-अलग विभाग के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की भी सेवाएं ली जा रही हैं. यहां हर तबके के लोग इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं. संपन्न तबके के लोग भी यहां पहुंच रहे हैं.

- 24 घंटे नर्सिंग की व्यवस्था भी रहेगी एडमिट मरीज को जरूरत पड़ने पर तत्काल मदद मिलेगी
- ऑन कॉल स्पेशलिस्ट डॉक्टर निजी अस्पतालों से यहां आकर मरीजों का कर रहे हैं इलाज




### 500 से अधिक बेड का है अस्पताल

रांची का दूसरा सबड़े बड़ा सरकारी अस्पताल, सदर अस्पताल 500 से अधिक बेड का है. अस्पताल में स्पेशलिस्ट विभागों की भी शुरुआत की गई है. ऑन कॉल स्पेशलिस्ट डॉक्टर प्राइवेट हॉस्पिटलों से आकर यहां के मरीजों का इलाज भी कर रहे हैं. अब कई और नए विभाग खोलने की भी तैयारी है, ताकि मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल का चक्कर न लगाना पड़े.

## ब्रीफ खबरें

### मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम अब चार को

**रांची।** 30 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में होने वाला मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम फिलहाल टल गया है. सूचना है कि अब इस कार्यक्रम का आयोजन 4 सितंबर को शहर के बाहर किया जाएगा. जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम में तीन लाख से ज्यादा लाभुक को बुलाया जाना है. बता दें कि मोरहाबादी मैदान में होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी थी. लेकिन, कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर करने को लेकर इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गयी है.

### अधिवक्ता रामदेव को प्रत्याशी बनाने की मांग

**रांची।** झारखंड राजद विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की. इस दौरान आग्रह किया कि डाल्टनगंज या विश्रामपुर विधानसभा सीट क्षेत्र से अधिवक्ता रामदेव प्रसाद यादव को पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया जाए. बता दें कि रामदेव प्रसाद झारखंड राजद विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हैं और लंबे समय से राजद से जुड़े हैं. पार्टी पदाधिकारियों ने लालू को बताया कि दोनों विधानसभा से कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारती है, पर दोनों सीट पर उसे लगातार हार मिल रही है.

### दो सितंबर को टॉपर्स को सम्मानित करेगा जैक

**रांची।** झारखंड अधिविध परिषद (जैक) दो सितंबर को 2024 के माध्यमिक, इंटरमीडिएट, इंटर व्यावसायिक, मध्यमा एवं मदरसा परीक्षाओं के टॉपर्स को सम्मानित करेगा. कार्यक्रम का आयोजन नामकुम स्थित जैक परिसर में होगा. मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम एवं खिजरी विधायक राजेश कच्छप, शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे. वहीं जेईपीसी के निदेशक आदित्य रंजन, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक उत्कर्ष गुप्ता, प्राथमिक शिक्षा के निदेशक शशि प्रकाश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे.

सीएम ने 365 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा

## लोग तभी स्वस्थ रहेंगे, जब स्वास्थ्य विभाग स्वस्थ रहेगा : हेमंत सोरेन

प्रमुख संवाददाता। रांची

- **पहली** बार ट्रांसजेंडर सीएचओ को नियुक्ति पत्र सौंपा गया
- **ऑलराउंडर** की भूमिका में हैं सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी


प्रोजेक्ट भवन में सीएचओ को नियुक्ति पत्र सौंपते सीएम हेमंत सोरेन.

लोग तभी स्वस्थ रहेंगे, जब स्वास्थ्य विभाग स्वस्थ रहेगा. सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी ऑलराउंडर की भूमिका में हैं. सीएम हेमंत ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में ये बातें कहीं. इस दौरान उन्होंने 365 अनुबंध आधारित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ) को नियुक्ति पत्र सौंपा. कार्यक्रम में सीएम ने पांच सीएचओ को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जिसमें पहली बार ट्रांसजेंडर अमीर महतो के अलावा रीता महतो, डॉ. पियुल कुजूर, मजमा परवीन और डॉ संदीप कुमार को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा गया.

**स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक सरलता से पहुंचाएं :** सीएम ने नवनियुक्त सीएचओ से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक सरलता से पहुंचाएं. आज भी लोग झाड़फूंक, जड़ी-बूटी के आधार पर परंपरागत तरीके से स्वास्थ्य उपचार कराने में लगे रहते हैं. यह एक चिंतनीय विषय है. राज्य के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति विश्वास के साथ जोड़ना है. आज अलग-अलग विभागों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है.

### राज्य में हजारों नियुक्तियां प्रक्रियाधीन

सीएम ने कहा कि राज्य में हजारों नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं. उन्होंने कहा कि कुछ साथियों को लगता है कि हमलोग हाथ पर हाथ धरे बैठें हैं, लेकिन हम बताना चाहते हैं कि सरकार ने पशु चिकित्सक, चिकित्सा पदाधिकारी, लैब अस्सिटेंट, जूनियर इंजीनियर, सहायक इंजीनियर, पंचायत सचिव, लिपिक, लेखापाल, दंत चिकित्सक, नर्स, आयुष चिकित्सक, फॉरेंसिक साइंटिस्ट आदि पदों पर कई नियुक्तियां की हैं. बेहतर कानून व्यवस्था और न्याय के लिए एपीपी की भी नियुक्तियां की गई हैं.

### 21680 सुरक्षित व 11356 ऑक्सीजनयुक्त बेड

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में 15 से ज्यदा आरटीपीसीआर लैब हैं. जीनोम सिक्वेंशिंग मशीन भी है. 21,680 बेड सुरक्षित हैं और 11,356 ऑक्सीजन युक्त बेड हैं. विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि सीएचओ 100 तरह की दवाओं को प्रेसक्राइब कर सकते हैं. स्वस्थ झारखंड की परिकल्पना को मूर्त रूप देने में सीएचओ की अहम भूमिका होगी. उन्होंने कहा कि अगर अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं हैं, तो लोगों का इलाज प्राइवेट डॉक्टरों से कराया जाएगा. इसके बदले उन्हें प्रोत्साहन राशि दी जाएगी.

### स्वास्थ्य केंद्रों के रखरखाव को पांच करोड़ का बजट

हेमंत सोरेन ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों के रखरखाव के लिए सालाना पांच करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है. वहीं स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए दो लाख, पीएचसी के लिए पांच लाख, सीएचसी के लिए 10 लाख, सब जिविजनल हॉस्पीटल के लिए 50 लाख और जिला अस्पताल के लिए सालाना 75 लाख रुपये का प्रावधान रखरखाव के लिए किया गया है.

हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा

## रूफ टॉप बार व रेस्टोरेंट का संचालन कहां तक उचित है ?

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा है कि रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट का संचालन कहां तक उचित है? कहीं यह बिल्डिंग प्लान का उल्लंघन तो नहीं है? हाईकोर्ट की खंडपीठ ने रांची नगर निगम से यह भी पूछा कि शहर के बार एवं रेस्टोरेंट में पार्किंग की सुविधा के लिए क्या पहल की गई है? कोर्ट ने इस पर रांची नगर निगम से जवाब मांगा है.

गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि रांची में अधिक संख्या में रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट चल रहे हैं. इन पर अंकुश लगाने की जरूरत है. यह भी बताया गया कि रांची के हरमू रोड स्थित काव्स रेस्टोरेंट के पास पार्क में गांजा एवं अफीम की बिक्री होती है. पीठ ने रांची एसएसपी को इस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. इससे पहले एमिकस कुमार वैभव की ओर से बार एवं रेस्टोरेंट के साथ-साथ गांजा, अफीम जैसे मादक पदार्थ की बिक्री रोकने को लेकर पुलिस की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) पर सुझाव दिया गया. इस पर महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि सुझाव पर राज्य सरकार विचार करते हुए आगे कदम उठाएगी.

**मंदिर एवं शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास शराब दुकान एवं बार का संचालन न हो :** सुनवाई के दौरान रांची में मंदिर एवं शैक्षणिक संस्थाओं के निकट खुदरा शराब दुकान एवं बार के संचालन पर सवाल उठाया गया, जिस पर खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि उत्पाद विभाग के एसओपी में इन बिंदुओं पर फोकस रखें, जिससे मंदिर एवं शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास शराब दुकान एवं बार का संचालन न हो. कोर्ट ने पुलिस की एसओपी में आए सुझावों पर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. इसके अलावा उत्पाद विभाग से भी जवाब मांगा. अगली सुनवाई 12 सितंबर को होगी.

दरअसल, राज्य में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक को लेकर हाईकोर्ट के स्वतः संज्ञान के साथ-साथ रांची में मंदिर एवं शैक्षणिक संस्थाओं के नजदीक बार के संचालन के खिलाफ लेकर दायर अनुराग कुमार की जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई. दरअसल, खूंटी में अफीम की फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है.

**कहीं बिल्डिंग प्लान का उल्लंघन तो नहीं हो रहा**




आदिवासी जमीन की लूट की सीबीआई से जांच कराने की मांग

## आज डीसी कार्यालय घेरेंगे आदिवासी

संवाददाता। रांची

विभिन्न आदिवासी संगठनों के धार्मिक अगुवा शुक्रवार को आदिवासी जमीन की लूट के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेंगे. इनके द्वारा राज्य के आदिवासियों की सामाजिक और धार्मिक जमीन की अवैध तरीके से की गयी खरीद-बिक्री की सीबीआई से जांच कराने की मांग की जाएगी. साथ ही अपनी मांगों से उपायुक्त को अवगत कराएंगे.

### ये हैं आदिवासी संगठनों की मुख्य मांगें

- आदिवासी खतियान को गैर आदिवासी जमीन बनाने पर रोक लगायी जाए.
- सादा पट्टा से आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक लगायी जाए.
- सामाजिक और धार्मिक जमीन को सरकार चिह्नित कर उसकी रक्षा करे.
- भुंईहरी जमीन को कायमी बनाकर खरीद-बिक्री पर रोक लगे.
- लंबित दखल देहानी जमीन पर उसके मालिक को दखल दिलायी जाए.
- सीएनटी-एसपीटी एक्ट को सख्ती से लागू कर धरातल पर उतारा जाए.
- आदिवासी लोहरा की जमीन को जनरल बता कर खरीद-बिक्री पर रोक लगे.
- रिकॉर्ड रूम से खतियान फाड़ दिया गया है, इसकी सीबीआई जांच हो.
- गैर मजरूआ जमीन का गलत तरीके से बिक्री पर पर रोक लगायी जाए.
- एसएआर कोर्ट सशक्त बनाएं, गलत कंपनसेशन की सीबीआई जांच हो.

### जेएससीए का एजीएम जमशेदपुर में आठ को

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की वार्षिक आम सभा (एजीएम) आठ सितंबर को जमशेदपुर में होगी. कमिटी ऑफ मैनेजमेंट की गुरुवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया. बैठक में सभी निर्वाचित सदस्यों द्वारा जेएससीए में दो-दो आजीवन सदस्य बनाए जाने के निर्णय पर सहमति बनी है, जिस पर एजीएम के हंगामेदार रहने के आसार है. एजीएम में पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी को भी शामिल होना होगा. अगर वे भाग नहीं लेते हैं, तो नियमतः उनकी जेएससीए की आजीवन सदस्यता जा सकती है.

**खुशखबरी :** 3000 ई-रिक्शा को सिटी पास देने पर सहमति बनी

## ऑटो व ई-रिक्शा चालकों की हड़ताल समाप्त

संवाददाता। रांची

ऑटो चालकों की परिवहन सचिव व नगर आयुक्त के साथ गुरुवार को हुई वार्ता सफल रही. ऑटो व ई-रिक्शा चालकों ने हड़ताल समाप्त कर दी. वार्ता में 3000 नए ई-रिक्शा और 1000 नए ऑटो को सिटी पास देने पर सहमति बनी. वहीं, ऑटो की परमिट को 17 रूट में बांटने पर अगली बैठक तक रोक लगा दिया गया है. ऑटो और ई-रिक्शा चालकों से फिलहाल कोई जुर्माना नहीं वसूला जाएगा. अब शनिवार सुबह से ही ऑटो और ई-रिक्शा सड़कों पर सुचारू रूप से चलने लगेंगे.


हड़ताल समाप्ति के बाद दिनेश सोनी, अर्जुन यादव, चंचल चटर्जी व ऑटो चालक.

**स्पोर्ट्स इवेंट** प्रतियोगिता में डीएवी ग्रुप के 650 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, विजेता व उपविजेता खिलाड़ी सम्मानित

## डीएवी हेहल में स्टेट लेवल डीएवी स्पोटर्स 2024 टूर्नामेंट का समापन


डीएवी हेहल में विजेता महिला खिलाड़ियों को सम्मनित करते अतिथि.

संवाददाता। रांची

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में दो-दिवसीय स्टेट लेवल डीएवी स्पोर्ट्स-2024 टूर्नामेंट बालक एवं बालिका वर्ग (अंडर 14, 17 व 19) का समापन हो गया. टूर्नामेंट में राज्य के 10 क्लस्टर के 65 डीएवी स्कूलों के लगभग 650 खिलाड़ियों ने योग, शतरंज, तीरंदाजी एवं शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया. क्लस्टर हेड सह प्राचार्य सह सहायक डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन- जे के क्षेत्रीय अधिकारी एसके मिश्रा ने कहा कि इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी अब डीएवी द्वारा आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे. इस अवसर पर सभी विजेता व उपविजेता को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया.

### दो-दिवसीय खेल प्रतियोगिता के परिणाम

**योग**

**बालक वर्ग अंडर 14**
प्रथम : डीएवी पब्लिक स्कूल, कुसुंडा, धनबाद
द्वितीय : डीएवी पब्लिक स्कूल केस्टर टाउन, देवघर

**बालिका वर्ग- अंडर 14**
प्रथम : गीता देवी, डीएवी पब्लिक स्कूल, देवघर
द्वितीय : डीएवी कुसुंडा, धनबाद

**योग बालक वर्ग- अंडर 17**
प्रथम : डीएवी पब्लिक स्कूल, लोहरदगा
द्वितीय : डीएवी पब्लिक स्कूल, सरिया

**बालिका वर्ग- अंडर 17**
प्रथम : डीएवी पब्लिक स्कूल, लोहरदगा
द्वितीय : डीएवी पब्लिक स्कूल, कुसुंडा, धनबाद

**बालक वर्ग- अंडर 19**
प्रथम : डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल, रांची
द्वितीय : डीएवी पब्लिक स्कूल, हजारीबाग

**बालिका वर्ग- अंडर 19**
प्रथम : अग्रसेन डीएवी पब्लिक स्कूल, भरेचनगर
द्वितीय : डीएवी पब्लिक स्कूल कोयलानगर, धनबाद

**शतरंज**

**बालक वर्ग- अंडर 14**
प्रथम : डीएवी नीरजा सहाय, कांके, रांची
द्वितीय : अग्रसेन डीएवी, भरेचनागर, रामगढ़

**बालिका वर्ग- अंडर 14**
प्रथम : गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, देवघर
द्वितीय : डीएवी बरियातू, रांची

**बालक वर्ग- अंडर 17**
प्रथम : डीएवी, बिष्टुपुर, जमशेदपुर
द्वितीय : डीएवी, रजरप्पा, रामगढ़

**बालिका वर्ग- अंडर 17**
प्रथम : डीएवी, चाईबासा
द्वितीय : डीएवी सरिया, गिरीडीह

**बालक वर्ग- अंडर 19**
प्रथम : डीएवी एनआईटी, आदित्यपुर, जमशेदपुर
द्वितीय : डीएवी, चाईबासा

**बालिका वर्ग- अंडर 19**
प्रथम : डीएवी गांधीनगर, रांची
द्वितीय : डीएवी, हजारीबाग

**शूटिंग**

**ओपन साइट टीम इवेंट्स बालिका वर्ग**
अंडर 14 – डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल, रांची
अंडर 17 – डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल, रांची
अंडर 19 – डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल, रांची

**ओपन साइट टीम इवेंट्स बालक वर्ग**
अंडर 14 : डीएवी पब्लिक स्कूल, खूंटी
अंडर 17 : डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल, रांची
अंडर 19 : डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल, रांची

**पीप साइट बालक वर्ग**
अंडर 17 : डीएवी, खूंटी
अंडर 19 : डीएवी हेहल, रांची

**पीप साइट बालिका वर्ग**
अंडर 17 : डीएवी, हजारीबाग
अंडर 19 : डीएवी, हेहल, रांची

**तीरंदाजी (व्यक्तिगत)**
बालक वर्ग अंडर14 : डीएवी, सीएफआरआई, धनबाद
बालिका वर्ग अंडर 14 : डीएवी पब्लिक स्कूल, खूंटी
बालक वर्ग अंडर 17 : डीएवी पब्लिक स्कूल, खूंटी
बालक वर्ग अंडर 19 : डीएवी, दुग्धा, बोकारो
बालिका वर्ग अंडर 19 : डीएवी पब्लिक स्कूल, खूंटी

## जेपीएससी मेंस का परिणाम शीघ्र प्रकाशित करने की मांग

संवाददाता। रांची

- परीक्षाफल का शीघ्र प्रकाशन नहीं हुआ, तो जोरदार आंदोलन करेंगे अभ्यर्थी

झारखंड स्टेट स्टूडेंटस एसोसिएशन ने जेपीएससी मेंस 11वीं और 13वीं का परीक्षाफल शीघ्र प्रकाशित करने की मांग की है. एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि परीक्षाफल का शीघ्र प्रकाशन नहीं किया गया, तो हजारों अभ्यर्थी जोरदार आंदोलन के साथ-साथ सीएम आवास का घेराव भी करेंगे. एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यनारायण शुक्ला, महासचिव प्रकाश कुमार और संरक्षक राहुल कुमार गुरुवार को ऑक्सीजन पार्क में मीडिया से बात कर रहे थे.

उन्होंने कहा कि जेपीएससी ने 31 जुलाई को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मेंस परीक्षा का परिणाम जल्द प्रकाशित करने की घोषणा की थी और अगस्त के दूसरे सप्ताह में साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का आश्वासन दिया था. अब अगस्त माह खत्म होने में दो दिन ही बचे हैं और परीक्षाफल के प्रकाशन का कुछ अता-पता नहीं है. एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जेपीएससी मेंस 11वीं और13वीं का परीक्षाफल शीघ्र प्रकाशित करने की मांग की. इसके अलावा जेपीएससी चेयरमैन पद पर शीघ्र नियुक्ति करने की भी मांग रखी.

मालूम हो कि जेपीएससी ने झारखंड सिविल सेवा के 342 पदों के लिए 27 जनवरी 2024 को विज्ञापन प्रकाशित किया था. फॉर्म भरने भरने की अंतिम तिथि 3 मार्च 2024 तक थी. प्रारंभिक परीक्षा 17 मार्च से 24 अप्रैल तक और मुख्य परीक्षा 22 जून से 24 जून तक ली गई थी.

मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.2 | 23.0 |
| जमशेदपुर | 33.6 | 24.5 |
| डालटनगंज | 32.4 | 26.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित | रांची, शुक्रवार 30 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 142 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,800 |
| चांदी (किलो) | 87,000 |

## ब्रीफ खबरें

### छग में मुठभेड़, तीन महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों को मार गिराया है. पुलिस ने गुरुवार को बताया कि नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने तीन वर्दीधारी महिला नक्सलियों को मार गिराया है. उन्होंने बताया कि नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षाबलों ने अभियान चलाया और मुठभेड़ हो गई.

### पाकिस्तान ने पीएम मोदी को निमंत्रण भेजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अक्टूबर में यहां आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है. विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी.

### कश्मीर में एलओसी के पास तीन आतंकी मारे गए

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की दो कोशिशों को नाकाम कर दिया और तीन आतंकवादियों को मार गिराया. यह जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि सीमा पर मुठभेड़ जारी है. दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हो रही है.

### असम में मुस्लिम विवाह तलाक बिल हुआ पास

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा ने मुस्लिमों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण संबंधी एक विधेयक को भारी विरोध के बीच गुरुवार को पारित किया. विपक्ष ने आरोप लगाया हिमंता सरकार हिंदू-मुस्लिमों के बीच गहरी खाई खाईं बढ़ा रही है.

### ममता बोलीं-मैंने नहीं दी किसी को धमकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने गुरुवा को कहा कि उन्होंने सरकारी अस्पतालों के कनिष्ठ चिकित्सकों को कोई धमकी नहीं दी है. ये चिकित्सक आरजी कर अस्पताल की एक महिला चिकित्सक से कथित तौर पर दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में 21 दिन से हड़ताल कर रहे हैं.

### महिला की पिटाई मामले में छह जवान सस्पेंड

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने कटनी जिले में एक बुजुर्ग महिला और उसके पोते की पिटाई के मामले में थाना प्रभारी सहित जीआरपी के छह कर्मचारियों को गुरुवार को निलंबित कर दिया. इस मामले में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें थाने के अंदर बेवजह महिला एवं उसके पोते की महिला पुलिस कर्मी पिटाई कर रही हैं.

---

**हेमंत सरकार का मास्टर स्ट्रोक : जनहित में लिए कई फैसले**

# 39.44 लाख उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल होगा माफ

**रवि भारती। रांची**



हेमंत सरकार ने एक बार फिर मास्टर स्ट्रोक खेला है. अब राज्य में 200 यूनिट फ्री बिजली उपभोग करने वाले 39 लाख 44 हजार 389 घरेलू उपभोक्ताओं का बकाया माफ करेगी. बकाया माफी के लिए राज्य सरकार 3584 करोड़ रुपए खर्च करेगी. गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में ऊर्जा विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई.

कैबिनेट की बैठक में कुल 44 प्रस्तावों को मंजूरी मिली. वहीं सरकार ने पूर्व में कार्यरत पोषण सखियों को फिर से बहाल करने का निर्णय लिया है. इसके तहत धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, चतरा और कोडरमा में कार्यरत 10 हजार 388 पोषण सखियों को फिर से बहाल किया जाएगा. केंद्र द्वारा पैसा नहीं देने के कारण इन्हें सेवा से हटा दिया गया था. पीएम पोषण योजना के तहत अब राज्य की 79,286 रसोइया-सहायिका को अब 10 महीने के जगह अब 12 महीने का मानदेय दिया जाएगा. इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 31 करोड़ 71 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे.

### कैबिनेट के फैसले

**बिजली बकाया माफी के लिए सरकार करेगी 3584 करोड़ खर्च**

- 10,388 पोषण सखियों की सरकार फिर से करेगी बहाली
- 79,286 रसोइया-सहायिका को अब 12 महीने का मिलेगा मानदेय
- सरकारी कर्मियों के महंगाई भत्ते में नौ फीसदी की वृद्धि
- झारखंड वक्फ नियमावली 2024 पर लगी मुहर
- हेमंत कैबिनेट ने कुल 44 एजेंडों को दी मंजूरी

### इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- पूर्वी सिंहभूम में पांच और पलामू में नौ मेगावाट सोलर पावर प्लांट के लिए 147 .20 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति
- गृह विभाग अंतर्गत फिंगर प्रिंट डिपार्टमेंट में पदों की स्वीकृति
- स्टेट ऑफ आर्ट के लिए राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में भवन निर्णाण के लिए 41 करोड़ 63 लाख 91 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति
- पथ निर्माण के संविदा प्रक्रिया निर्धारण में अंतरराशि के कैलकुलेशन के लिए एसओपी की स्वीकृति
- पश्चिम सिंहभूम के परकेला, पंडावीर,बाड़ालागया को सदर अंचल चाईबासा में शामिल कर नया हल्का के गठन की स्वीकृति
- देवघर एम्स के लिए ग्रिड सब स्टेशन और संचरण लाइन के लिए 64 .78 करोड़ की स्वीकृति
- दो मोबाइल साइंस एक्जीविजशन बस संचालन की स्वीकृति
- नेतरहाट समेत झारखंड के चार विशेष विद्यालयों को आगे कंटिन्यू रखने का फैसला
- झारखंड वक्फ नियमावली 2024 को मंजूरी
- झारखंड अग्नि शमन सेवा विधेयक 2024 पारित

**अग्निवीर के आश्रितों को मिलेगी नौकरी, 10 लाख का अनुदान भी :** सैन्य अभियान में मारे गए राज्य के अग्निवीर के आश्रितों को राज्य सरकार अनुकंपा के आधार पर नौकरी देगी. साथ ही 10 लाख रुपए का विशेष अनुग्रह अनुदान भी दिया जाएगा. केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन ईको टूरिज्म योजना के अंतर्गत नेतरहाट-बेतला मिस्यईया-दलमा-गंतलसूद-चाहिल सर्किट के पर्यटन विकास के लिए 43.03 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई. राज्य सरकार के कर्मियों के महंगाई भत्ते में नौ फीसदी की वृद्धि की गई है. अब कर्मियों का महंगाई भत्ता 230 फीसदी से बढ़कर 239 फीसदी हो जाएगा. वित्त विभाग के पीएमयू के लिए प्रोजेक्ट डायरेक्टर और एडिशनल प्रोग्राम डायरेक्टर के पदों का सृजन की मंजूरी दी गई.

### राज्य निर्वाचन आयुक्त को एक साल का अवधि विस्तार

झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त डीके तिवारी को पदग्रहण कि तिथि से एक साल का अवधि विस्तार दिया गया. झारखंड वक्फ नियमावली 2024 के गठन की स्वीकृति दी गई. सिद्धो-कान्हो विश्वविद्याल के तहत जामा में महिला कॉलेज के लिए 58.70 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई. कोडरमा में चिकित्सा महाविद्यालय के लिए 42 पद सृजन की स्वीकृति दी गई. इस पर तीन करोड़ 63 लाख रुपए सालाना खर्च होगा. एनसीसी के अंशकालीन पदाधिकारियों के मानदेव में वृद्धि की स्वीकृति दी गई. देसी मसालेदार शराब की आपूर्ति के लिए भंडारण संशोधन नियमावली 2024 के गठन की स्वीकृति दी गई. इसके तहत शीशा और प्लास्टिक के पारदर्शी पेट में 600 एमएल, 300 एमएल और 200 एमएल शराब की बोतलें बिकेंगी. मुसाबनी में हिन्दुस्तान कॉपर के खनन पट्टा को अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई. पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के 130 आवासीय विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से छात्रों की वृद्धि की जाएगी. वर्तमान में इन विद्यालयों में 16,368 छात्र हैं, जिसे बढ़ाकर 39380 करने का लक्ष्य रखा गया है.

---

# सरायकेला में डॉक्टर का अपहरण कर हत्या

**संवाददाता। सरायकेला**

**दुस्साहस**



- हत्या कर भाग रहे दो अपराधी गिरफ्तार
- पुलिस कर रही पूछताछ जल्द होगा खुलासा

झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बी मंडल की गुरुवार सुबह अपहरण करने के बाद हत्या कर दी गई. उनका शव पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिले के कवाली थाना क्षेत्र से बरामद किया गया. खबर मिलते ही पुलिस ने पीछा कर घटना में शामिल दो अपराधियों को पकड़ लिया. उनसे पूछताछ हो रही है.

किन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इसकी जानकारी अभी तक नहीं दी गई है. बताया जाता है कि वे दोनों सिजुलता के रहने वाले हैं. अपहरण और हत्या की वजहों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है. वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है.

बताया गया कि डॉ. बी मंडल राजनगर में अपने घर पर ही क्लीनिक चलाते थे. गुरुवार सुबह करीब दस बजे हथियारबंद अपराधियों ने क्लीनिक पर धावा बोल कर उनका अपहरण कर लिया और उन्हें एक सफेद रंग की एसयूवी में बिठा कर निकल भागे. इसकी जानकारी मिलते ही सरायकेला और आसपास के जिलों की पुलिस एक्टिव हो गई.

**हत्या में इस्तेमाल हथियार भी जब्त :** प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने अपराधियों के भागने की दिशा में पीछा किया. पूर्वी सिंहभूम के पोटका थाने की पुलिस ने संदिग्ध एसयूवी को रोक कर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया. उनके पास से डॉक्टर की हत्या में इस्तेमाल किए गए, हथियार भी जब्त किए गए हैं. हालांकि पकड़े जाने के पहले ही अपराधियों ने डॉक्टर की हत्या कर उनका कवाली थाना क्षेत्र के भालकी गांव में फेंक दिया था. पुलिस ने डॉक्टर का शव बरामद कर लिया है. पुलिस फिलहाल पूरे मामले गहन की तहकीकात कर रही है.

### गौतम अडानी देश के सबसे बड़े अमीर



**मुंबई।** देश के अग्रणी कारोबारी समूह अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी तथा उनके परिवार ने वर्ष 2024 की हुरुन इंडिया रिच लिस्ट, यानी अमीरों की सूची में 11.61 लाख करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ रिलायन्स इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन मुकेश अंबानी और उनके परिवार को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल कर लिया है. मुकेश अंबानी तथा उनके परिवार की कुल संपत्ति 10.14 लाख करोड़ आंकी गई, और वे सूची में दूसरे स्थान पर रहे. - पेज 11 भी देखें

---

# रांची में आज दिखेगी सियासी टशन

## इधर, चंपाई थामेंगे भाजपा का दामन, उधर, हेमंत भी रामदास को बना लेंगे मंत्री

**प्रवीण कुमार। रांची**

पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है. राज्यपाल संतोष गंगवार ने उनका इस्तीफा मंजूर भी कर लिया है. इतना ही नहीं चंपाई ने झामुमो से भी रिश्ता तोड़ लिया है. चंपाई सोरेन शुक्रवार को रांची के शहीद मैदान में झारखंड के विस चुनाव प्रभारी व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता विस्व सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा आदि की मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लेंगे. इसकी सारी तैयारियां हो चुकी हैं.

उधर, सीएम हेमंत सोरेन ने भी उनकी काट खोज ली है. चंपाई सोरेन के बागी तेवर के बाद से ही शह-मात का खेल जारी है. शुक्रवार को ही हेमंत सोरेन कैबिनेट में घाटशिला विधायक और कभी चंपाई सोरेन के करीबी रहे रामदास सोरेन की कैबिनेट में इंट्री होगी. राज्यपाल कोल्हान के नेता रामदास सोरेन को चंपाई सोरेन की जगह दोपहर में मंत्री पद की शपथ दिलाएंगे.

बता दें कि चंपाई के इस्तीफे के बाद कैबिनेट में मंत्री का एक पद रिक्त हो गया है. लिहाजा, सीएम हेमंत सोरेन ने कोल्हान को ही तरजीह देते हुए रामदास सोरेन को मंत्री बनाने का फैसला लिया है. दरअसल, घाटशिला विधायक रामदास हेमंत मंत्रिमंडल के 12वें मंत्री होंगे. मंत्रिमंडल निगरानी एवं समन्वय विभाग ने भी इस खबर की पुष्टि की है. चंपाई सोरेन को जो विभाग मिले हुए थे, वह सभी विभाग रामदास सोरेन को मिलेंगे.

### रामदास की घाटशिला में है जबरदस्त पकड़

रामदास सोरेन कोल्हान प्रमंडल के घाटशिला से झामुमो के विधायक हैं. वह दूसरी बार विधायक बने हैं. उन्होंने पहला चुनाव 1995 में जमशेदपुर पूर्वी से रघुवर दास के खिलाफ लड़ा था. तब उन्हें महज 7,306 वोट मिले थे. उस चुनाव में रघुवर दास की जीत हुई थी. उन्होंने कांग्रेस के केपी सिंह को सिर्फ 1,101 वोट के अंतर से हराया था. रामदास सोरेन ने 2005 में घाटशिला से झामुमो का टिकट नहीं मिलने पर बतौर निर्दलीय ताल ठोक दिया था. 2009 में उन्होंने झामुमो की टिकट पर कांग्रेस के प्रदीप बलमुचू को महज 1,192 वोट से हराकर पहली जीत दर्ज की थी. इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सूर्य सिंह बेसरा तीसरे स्थान पर रहे थे. 2014 में मोदी लहर का असर पड़ा. इस चुनाव में रामदास सोरेन को भाजपा के लक्ष्मण टुडू ने हरा दिया था. 2019 में रामदास सोरेन ने भाजपा के लखन चंद्र मार्डी को हराकर दूसरी बार जीत दर्ज की. रामदास सोरेन मूल रूप से घाटशिला के तामपाड़ा के रहने वाले हैं. वर्तमान में जमशेदपुर के घोड़ाबांधा में परिवार के साथ रहते हैं. रामदास सोरेन झारखंड आंदोलनकारी रहे हैं.



### चंपाई ने सीधे राज्यपाल को भेज दिया था इस्तीफा

चंपाई सोरेन ने पार्टी छोड़ने के बाद कैबिनेट से अपना इस्तीफा सीधे राज्यपाल को भेज दिया था. तीन पंक्तियों के अपने इस्तीफे में उन्होंने मंत्री पद त्यागने की बात कही थी.



इसके साथ ही उन्होंने लिखा है कि मंत्रिमंडल के सहयोगी के तौर पर काम करने का अवसर देने के लिए सदा आभारी रहूंगा. बता दें कि इस्तीफा के साथ चंपई ने झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन को भी एक भावुक पत्र भेजा था. चंपाई ने झामुमो के सभी पदों से इस्तीफा देते हुए लिखा कि मैं चंपाई सोरेन, झामुमो की वर्तमान कार्यशैली एवं नीतियों से विक्षुब्ध होकर, पार्टी छोड़ने को विवश हूं, उन्होंने लिखा, अत्यंत ही दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आपके मार्गदर्शन में जिस पार्टी का सपना हम जैसे कार्यकर्ताओं ने देखा था, एवं जिसके लिए हम लोगों ने जंगलों, पहाड़ों एवं गांवों की खाक छानी थी, आज पार्टी अपनी उस दिशा से भटक चुकी है. आपके मार्गदर्शन में, झारखंड आंदोलन के दौरान तथा उसके बाद भी, मुझे जीवन में बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हुआ है. आप सदैव मेरे मार्गदर्शक बने रहेंगे. अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि मेरा इस्तीफा स्वीकार करने की कृपा करें.

---

# आलमगीर के करीबी हाकिम के घर पर सीबीआई की रेड

**कार्रवाई**

- चार साल में हाकिम मोमिन की संपत्ति में हुआ काफी इजाफा
- 2020 में पांच हाइवा और 2024 में 107 हाइवा व जेसीबी

**संवाददाता। रांची**

पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के करीबी कोयला कारोबारी हाकिम मोमिन के घर पर गुरुवार को सीबीआई की टीम ने छापेमारी की. सीबीआई की टीम ने पाकुड़ शहर स्थित हाकिम के घर पर कागजात की सघन जांच की है. आलमगीर आलम के करीबी हाकिम के बारे में सनसनीखेज जानकारी सामने आई है. हाकिम के पास वर्ष 2020 में पांच हाइवा था, जबकि आज की तारीख में उसके नाम से 107 हाइवा और जेसीबी हैं.

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 वही साल है, जब आलमगीर आलम का ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री होने का सफर शुरू हुआ था. हाकिम की तरक्की इतनी तेजी से कैसे हुई, यह समझना ज्यादा मुश्किल काम नहीं है. हाकिम के पास मौजूद भारी वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 100 करोड़ रुपए है. उसने सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन पाकुड़ से ही कराया है. हाकिम के नाम से गाड़ियां होने के दस्तावेज लगातार न्यूज नेटवर्क के पास उपलब्ध हैं.



कोयला कारोबारी हाकिम मोमिन का आवास, जहां हुई रेड.

### सरकारी ठेका के काम में लगते हैं हाकिम के वाहन

जानकारी के मुताबिक, हाकिम के सभी वाहन सरकारी ठेका के काम में लगते हैं. ठेकेदारों की मजाल नहीं है कि वो हाकिम को छोड़ किसी दूसरे के वाहन का इस्तेमाल कर सकें. हाकिम ने 107 वाहनों की खरीदारी के लिए अलग-अलग बैंक और फाइनांस कंपनियों से लोन लिया है. इनमें एसबीआई, टाटा कैपिटल, सीआईएफसीएल, एमएमएफएसएल, एक्सिस बैंक, एचडीबी, आईबीएल, कोटक, फेडरल, टीएमएफ, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई शामिल हैं.

---

# क्या से क्या हो गया टाइगर

**प्रसंगवश**



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

झारखंड की राजनीति में उठा भभूका अब शांत होने जा रहा है. पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो विधायक चंपाई सोरेन शुक्रवार 30 अगस्त को भाजपाई हो जायेंगे. वह कह रहे हैं कि उन्हें जिस तरह से सीएम पद से हटाया गया, उन्हें पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में शरीक होने से जिस प्रकार रोका गया, उससे उनका कलेजा चाक हो गया है. अपने कलेजे को ठंडक पहुंचाने के लिए ही उन्होंने कमल छाप रुह अफजा पीने का निर्णय लिया है. उम्मीद की जानी चाहिए कि अब उनके साथ गर्हित कृत्य नहीं होगा. उन्होंने पहले कहा था कि वह नया संगठन बनायेंगे. लेकिन उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था. वह अब कह रहे हैं कि नये संगठन के लिए समय नहीं था. जब बकौल हिमंता विस्वा शर्मा उनकी बातचीत चार-पांच महीने से चल रही थी, तब हुजूर ने पाला बदलने में इतनी देर क्यों कर दी ? मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने कोई तिकड़म की होती तो शायद कुछ विधायक भी उनके साथ चले आते. अब तो बाप-बेटे के सिवा कोई है ही नहीं जो उनके साथ खड़ा हो. अभी यह साफ नहीं हुआ है कि वह भाजपा में किन शर्तें पर जा रहे हैं, लेकिन यदि भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बनाती है तो उन्हें मिलेगा क्या ? अधिक से अधिक विधानसभा में एक-दो सीटें. और यदि भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री पद का दावेदार बनाती है तो पार्टी में ऐसा भूचाल आ सकता है, जिसके शमन का कोई उपाय आलाकमान को भी नहीं सूझेगा. चंपाई सोरेन को भाजपा की हरी झंडी मिलने में देरी का कारण भी यह है कि भाजपा ने उनकी शर्तें नहीं मानी हैं और खुद चंपाई सोरेन इतना फार्वर्ड खेल चुके थे कि उन्हें स्टंप आउट होना ही था. यानी वह मजबूर कर दिये गये थे या मजबूर हो गये थे.

चंपाई अलग संगठन बनाने से पीछे इसलिए नहीं हटे कि समय कम था. दरअसल किसी बड़े संगठन से अलग होकर नया संगठन खड़ा करना और उसे विजयोन्मुख बनाना सिर्फ टाइगरी गुर्राहट से संभव नहीं है. उन्होंने कृष्णा मार्डी और सूरज मंडल का हश्र देखा है. ये दोनों भी समझते थे कि वे झामुमो को नेस्तानाबूद कर देंगे, लेकिन आज उनका कोई राजनीतिक वजूद ही नहीं बचा है. बाबूलाल मरांडी भी सकल करम कर थकेउ गुसाईं के बाद उसी जहाज पर हैं जहां से उड़े थे. सूर्य सिंह बेसरा भी सियासी झंझावात में तड़प ही रहे हैं. टटका उदाहरण सरयू राय का है. उन्होंने भी नया ठौर तलाश लिया है, वह भी इस उम्मीद में कि पुराने साथी मजबूरी में ही सही साथ आयेंगे जरूर. चंपाई सोरेन भी कोई नया संगठन नहीं चला पाते. उन्होंने अपनी हैसियत का सही आकलन किया और नया घर बनाने की जहमत उठाने के बदले पुराने घर को छोड़कर बने-बनाये घर में जाना ही मुनासिब समझा. इसके विपरीत भाजपा चाहती थी कि चंपाई अपना संगठन बनाकर कम से कम कोल्हान की सभी विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारते तो भाजपा को ज्यादा फायदा होता, क्योंकि तब भाजपा विरोधी वोट बंटते कम या अधिक. लेकिन इससे मुकरने के बाद चंपाई को पार्टी में लेना भाजपा की भी मजबूरी थी. यानी चंपाई के आने से भाजपा को कोई विशेष लाभ नहीं मिलेगा. अलबत्ता वह उनके बहाने नया विमर्श जरूर गढ़ेगी जिसके असर का आकलन चुनाव के बाद ही होगा.

लेकिन सवाल यह है कि चंपाई बाबू को अपने अपमान का अहसास कब हुआ ? उन्हें अपमान का कड़वा घूंट पीकर हेमंत सरकार में मंत्री बनने के लिए किसने विवश किया ? यदि वह मुख्यमंत्री पद से हटाये जाने के तौर-तरीकों से सचमुच मर्माहत थे तो विधायक दल की बैठक में यह लो अपनी लकुटि कमरिया बहुतहि नाच नचायो कह कर उन्होंने स्वयं इस्तीफे की पहल क्यों नहीं कर दी और बाद में मंत्री पद की शपथ लेने से इनकार क्यों नहीं कर दिया ? इन सवालों के जवाब उन्होंने अब तक नहीं दिये हैं. इसलिए यह कयास लग रहा है कि उनके चोटिल आत्मसम्मान को किसी ने कुरेदा है. किसने कुरेदा है, इस बाबत मीडिया में कई नाम उछले या उछाले गये हैं. (शेष पेज 11 पर)

### विपक्ष के साथ जदयू ने भी उठाई जातीय जनगणना की मांग

**नयी दिल्ली।** देश में जातीय जनगणना की मांग कर रहे विपक्ष के साथ अब एनडीए के साथी जदयू ने भी सुर मिला लिया है. इससे केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बढ़ सकता है. गुरुवार को जदयू ने कहा, कि अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संबंधी संसदीय समिति में चर्चा के लिए जाति जनगणना को विषय के रूप में शामिल किया जाए. द्रमुक के टीआर बालू ने समिति की पहली बैठक में मुद्दा उठाया. भाजपा के गणेश सिंह समिति के अध्यक्ष हैं. कांग्रेस सदस्य मणिकम टैगोर चाहते थे कि समिति चर्चा के लिए सबसे पहले विषय के रूप में जाति जनगणना को सूचीबद्ध करे. जदयू के गिरधारी यादव भी चाहते थे कि समिति चर्चा के लिए जाति गणना को भी मुद्दे के तौर पर सूचीबद्ध करे. टीएमसी के कल्याण बनर्जी ने मांग की कि समिति जाति जनगणना के मुद्दे पर गृह मंत्रालय को पत्र लिखे.

# राहुल का 'जूडो अवतार'

**देशवासियों को खास अंदाज में दी राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं**



**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 'जूडो अवतार' सामने आया है. वो मार्शल आर्ट के गुर सीखते और एक्शन में दिखे. अपने इंस्टाग्राम पर राहुल ने वीडियो शेयर किया है.

इसमें पहले मार्शल आर्ट की तकनीक को समझते नजर आ रहे, फिर विरोधी को चित करते भी दिखे. राहुल इसके जरिए लोगों को खेल दिवस की बधाई दी है. उन्होंने बताया, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हमारे कैंप में जिऊ-जित्सू का अभ्यास हमारी दिनचर्या में शामिल था. इस मार्शल आर्ट के जरिए हमने युवाओं को ध्यान, अहिंसा, आत्मरक्षा व उनकी शक्ति समझाने की कोशिश की. युवाओं के बीच ये जेंटिल आर्ट आसानी से सुरक्षित समाज का साधन बन सकते हैं. राहुल पहले भी बता चुके कि उन्हें जापानी मार्शल आर्ट बेहद पसंद है. वो अकसर ही इसका नियमित अभ्यास करते रहते हैं.

**आरोप-प्रत्यारोप : चंपाई सोरेन की दिल्ली में कथित जासूसी पर अब भी नहीं थमा बवंडर, दोनों दलों में तीखी तकरार**

# हिमंता संघीय ढांचे को कमजोर करने का कर रहे काम: सुप्रियो

**ब्यूरो प्रमुख। रांची**

सत्तारूढ़ झामुमो ने एक बार फिर गुरुवार को असम के सीएम और भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा पर निशाना साधा है. पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने तंज कसते हुए कहा जिस प्रकार की बातें बुधवार को असम के सीएम ने कीं, ऐसी बातें कोई भी गंभीर व्यक्ति अज्ञानता में भी नहीं करेगा, ये निम्नस्तरीय बातें व पूर्वाग्रह जो उन्होंने दिखाया, वो संघीय ढांचे के लिए भी सही नहीं है. किसी राज्य के पुलिस महकमे पर किसी राज्य का मुखिया इस प्रकार की बचकाना बातें करे, तो घोर आश्चर्य होता है.

उन्होंने कहा कि दो साल पूर्व की बात है. असम में एक घटना



- एक राज्य का सीएम होने के बावजूद इस तरह के आरोप लगाना बेहद शर्मनाक
- हिमंता का हर बयान पूर्वाग्रह से भरा होता है, नफरत फैलाती हैं इनकी बातें

घटी थी, मणिपुर पुलिस के साथ असम पुलिस की झड़प हो गई थी. स्थिति ऐसी हो गई कि दोनों के बीच फायरिंग की नौबत आ गई थी. एक दूसरे को अरेस्ट भी करने लगे थे. ये संघ का टकराव असम ने शुरू किया और इसे कल फिर दिल्ली की घटना को कर दोहराया गया. सुप्रियो ने कहा कि उसी वक्त उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री को कहा था कि यह सही नहीं है, केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के किसी भी नेता का चुनाव प्रचार के लिए राजकीय कोष से खर्च वहन अत्यंत शर्मनाक है. ये सरकारी दस्तावेज सभी के पास उपलब्ध है.

सुप्रियो ने कहा कि ये हनी ट्रैपिंग की बात करते हैं. मंत्री का नाम नहीं लेना चाहता. ऐसे कई भाजपा नेता हैं, मीडिया की ओर इशारा करते हुए आपलोगों ने नहीं चलाया, जन प्रतिनिधि भी हैं. बड़े-बड़े राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के कारनामें पब्लिक डोमेन में हैं.

**भाजपा का पलटवार**

# चंपाई की जासूसी में फंसी सरकार कहानियां गढ़ रही: प्रतुल शाहदेव

**ब्यूरो प्रमुख। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो पर पलटवार करते हुए कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की जासूसी कराई जा रही थी.

प्रतुल ने कहा कि ऐसा लगता है कि झामुमो के नेता अब कहानियां बना कर सरकार के बचाव में लग गए हैं. यह कैसा इत्तेफाक है कि जिस विमान से चंपाई सोरेन जाते हैं, उसी विमान से ये दोनों स्पेशल ब्रांच के अधिकारी जाते हैं. उसी शहर में, उसी होटल में, उसी तल्ले पर बगल के रूम में यह दोनों अधिकारी ठहरते हैं, जहां चंपाई भी ठहरते हैं. उसके बाद ये खुफिया विभाग के अधिकारी छिप-छिप कर चंपाई सोरेन



- होटल के बगल के कमरे से छिप कर खुफिया विभाग के अधिकारी तस्वीर ले रहे थे, यह जासूसी नहीं तो और क्या?
- हिमंता विस्व सरमा से झामुमो भयभीत रहता है

से मिलने वाले लोगों की तस्वीर खींच रहे थे. सबसे बड़ा प्रश्न है कि जब चंपाई की सुरक्षा में खुफिया विभाग के दो अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हुई थी, तो यह सूचना चंपाई सोरेन जी को क्यों नहीं दी गई? जाहिर तौर पर अब सरकार बड़ा कवर अप ऑपरेशन चला कर मामले की लीपापोती करा रही है. प्रतुल ने कहा कि असम के सीएम के दौरों से झामुमो भयभीत है. तभी तो अमर्यादित आरोप लगाते रहते हैं. इन्होंने सरकार के करीबी प्रेम प्रकाश के घर में ईडी के रेड में सीएम हेमंत सोरेन के हाउस गार्ड के दो एक-47 बरामद होने के समय बारिश का बहाना देकर एक-47 को रखने की हास्यास्पद बात कही थी. जासूसी में पकड़े जाने पर सुरक्षा का बहाना बना रहे. यह उनकी पुरानी आदत है. प्रतुल ने कहा कि भाजपा ने तो पहले भी मांग की है कि हाईकोर्ट के सिटिंग जज से पूरे प्रकरण की जांच हो तथा यह भी पता किया जाए कि सरकार किन-किन विरोधियों की अवैध फोन टैपिंग करवा रही है.

# झामुमो और गठबंधन में मंत्री विधायकों की जासूसी : शिवराज

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और गठबंधन में जितने मंत्री व विधायक हैं, सबकी जासूसी हो रही है और दो महीने जिसको मुख्यमंत्री रहना है वह एक महीने का मंत्री भी बनाता है. चंपाई सोरेन का जो अपमान किया गया है. मुख्यमंत्री रहते हुए उनके साथ व्यवहार हुआ है. वो अच्छा काम कर रहे थे, उन्होंने झारखंड को पटरी पर लाने की कोशिश की, गलत वसूली करने वालों के काम रोक लगाया और उसका बदला अपमानित होकर चुकाना पड़ा.

उन्हें इस हद तक आहत किया गया कि झारखंड बचाने के लिए उन्होंने झामुमो छोड़ दिया. झामुमो तो अब जासूसी मोर्चा हो गया है. पूरा झारखंड तबाह और बर्बाद है. मंत्री के यहां से नोटों के ढेर जो बरामद हुए, झारखंड की जनता को लूटने की दास्तां को बयां कर रहे हैं.



**बाल्टी में बिक रही है बालू**

शिवराज ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए हमारे आदिवासी भाई-बहनों की जमीन पर कब्जा करते जा रहे हैं. बेटियों से शादी करके जमीनें छीनी जा रही हैं. भ्रष्टाचार की आति है, जुल्म की पराकाष्ठा है, बालू बाल्टी में बिक रही है. अब इस सरकार के अंतिम दिन आ गए हैं झारखंड को बचाने के लिए भाजपा इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी.

## ब्रीफ खबरें

### चंपाई को मंत्री पद से हटाने का आदेश जारी

**रांची।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के मंत्री पद से इस्तीफा दे देने के बाद झारखंड कैबिनेट से उनकी सदस्यता भी अपने आप चली गई है. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है और बताया है कि जल संसाधन विभाग तथा एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री चंपाई सोरेन 29 अगस्त से राज्य के मंत्री या मंत्रिपरिषद के सदस्य नहीं रहे.

### पूजा सिंघल से जुड़े मामले में हुई गवाही

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले मे पीएमएलए कोर्ट में गुरुवार को गवाही दर्ज की गई. ईडी की ओर से प्रस्तुत गवाह का बयान कोर्ट ने दर्ज किया. मामले में ईडी के तत्कालीन उप-निदेशक सुबोध कुमार समेत 15 से अधिक गवाहों की गवाही दर्ज की जा चुकी है. गवाही के दौरान जेल में बंद पूजा सिंघल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुई थीं. अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 31 अगस्त निर्धारित की है.

### नितिन कुलकर्णी बने रहेंगे राज्यपाल के प्रधान सचिव

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 25 अगस्त को निकाले गए तबादला आदेश में अब संशोधन कर दिया गया है. अब नितिन मदन कुलकर्णी राज्यपाल के प्रधान सचिव के पद पर बने रहेंगे. वहीं डॉ. अमिताभ कौशल सचिव वाणिज्य कर विभाग, रांची, सचिव वन एवं पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रांची के पद पर पदस्थापित अबू बकर सिद्दीकी को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ कृषि सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है.

### भजंत्री मामले में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** देवघर के पूर्व डीसी मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने एवं चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के निर्वाचन आयोग के आदेश को लेकर मंजूनाथ भजंत्री की याचिका में हाईकोर्ट एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली ईसीआई की अपील पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. मामले में हाईकोर्ट की खंडपीठ ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है. ईसीआई की ओर से अधिवक्ता राजीव सिन्हा ने पैरवी की.

**यूजर चार्ज देने बावजूद घरों से नहीं उठाया जा रहा है कचरा, गुस्से में लोग**

# यूजर चार्ज वसूलने में आगे-आगे, पर घर-घर कचरा उठाने में पीछे-पीछे

**आकर्ष अनिकेत। रांची**

रांची नगर निगम शहर को साफ और स्वच्छ बनाने का दावा तो करता है, लेकिन जिस ऐजेंसी को शहर की साफ-सफाई की जिम्मेवारी सौंपी गयी है, वह न तो घर-घर से कचरा उठा पा रही है और न मुहल्लों और सड़कों के किनारे पड़े कचरा की ही सफाई हो पा रही है. हर दिन डोर टू डोर कलेक्शन का दावा तो किया जाता है, लेकिन सच्चाई यह है कि 10-10 दिनों तक लोगों के घरों से कचरा नहीं उठाया जाता है. लोगों के घरों और प्रतिष्ठानों में कचरा डंप रहता है. नगर निगम की गाड़ियां कूड़ा उठाने के लिए आ ही नहीं रही हैं. शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है. यूजर चार्ज का समय से भुगतान करने के बाद भी घर-घर से कचरा नहीं उठाया जा रहा है, जिससे लोगों में काफी गुस्सा है. लोगों को घर-प्रतिष्ठान में कचरा पड़ा है, लेकिन नगर निगम की कचरा उठानेवाली गाड़ियां मुहल्लों में आती ही नहीं. लोग परेशान हैं. जब नगर निगम की गाड़ियां घरों से कचरा उठाने नहीं आती हैं, तो मजबूरन लोगों को कचरा मुहल्ले में ही सड़क किनारे फेंकना पड़ रहा है. लोग रात के अंधेरे में कचरा घरों के बाहर सड़क किनारे फेंक आते हैं. हल्की बारिश होते ही कचरा बारिश के पानी के साथ-साथ पूरे मुहल्ले में सड़क पर ही पसर जाता है, जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है.

**निगम में शिकायत करने के बावजूद सुधार नहीं :** समय से वेस्ट यूजर चार्ज देने के बाद भी कचरे का उठाव नहीं होने से गुस्साएं लोगों ने अब वेस्ट यूजर चार्ज वसूलनेवावाली एजेंसी के टैक्स कलेक्टर को भगाना शुरू कर दिया है. लोगों का कहना है कि जब घर-प्रतिष्ठान से कचरा उठता ही नहीं है, तो पूरे महीने का चार्ज क्यों दें. घर-घर से कचरा कलेक्शन नहीं होने की शिकायत लोग लगातार रांची नगर निगम के अफसरों से विभिन्न माध्यमों से कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद घरों से कचरा उठाव की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की जा रही है.

**वार्डों की तुलना में कचरा उठानेवाली गाड़ियां कम :** रांची नगर निगम में 53 वार्ड है. इन वार्डों के सवा दो लाख से अधिक हाउस होल्डर निगम में रजिस्टर्ड हैं. शहर के हर वार्ड में कचरा उठाव के लिए निगम की ओर से पांच-छह गाड़ियां उपलब्ध करायी गयी हैं, लेकिन गाड़ियों की संख्या कम होने के कारण पूरे वार्ड से हर दिन कचरे का उठाव नहीं हो पा रहा है. वैसे भी अक्सर हर वार्ड में जितनी गाड़ियां कचरा उठाने के लिए उपलब्धकरायी गयी हैं, उनमें से आधी अक्सर ब्रेक डाउन रहती हैं. इसका भी असर कचरा उठाव पर पड़ रहा है. यहीं वजह है कि गाड़ियां हफ्ते भर कचरा उठाने नहीं आती. और जब आती है तो एक-दो मुहल्ले में ही गाड़ी फुल हो जाती है.

**शहर में हर दिन निकलता है छह हजार मीट्रिक टन कचरा :** शहर का तेजी से विस्तार हो रहा है. नए घर और फ्लैट का लोड बढ़ता जा रहा है. नतीजन शहर निकलने वाला कचरा भी बढ़ा है. आबादी बढ़ने के बाद से शहर से हर दिन लगभग 6 हजार मीट्रिक टन कचरा निकल रहा है, जिसे कलेक्ट कर झिरी डंपिंग यार्ड पहुंचाया जाता है. अब वहां पर गीले कचरे से गैस बनाने के लिए प्लांट तो बनकर तैयार है. लेकिन प्लांट की जरूरत के अनुसार कचरा ही नहीं मिल पा रहा है. प्लांट में जहां हर दिन 150 टन गीले कचरे की जरूरत है. वहां नगर निगम उसका आधा भी नहीं दे पा रहा है. ऐसे में प्लांट के संचालन को लेकर भी सवाल उठने लगे है.

**गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करना है कलेक्ट :** नगर निगम घर-घर में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है. लोग काफी हद तक गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने की कोशिश भी कर रहे हैं. लेकिन हर रोज घरों से कचरा कलेक्ट करने के लिए गाड़ी नहीं आती है, तो लोगों की परेशानी बढ़ जा रही है. नतीजतन मजबूरी में लोगों को कचरा सड़क पर फेंकना पर पड़ रहा है.

**प्लांट को भी नहीं मिल पा रहा क्षमता के अनुसार गीला कचरा :** झिरी डंपिंग यार्ड के पास गीला कचरा से गैस व खाद बनाने के लिए प्लांट तो गेल की ओर से लगा दिया गया है, लेकिन प्लांट को सुचारू रूप से चलाने के लिए जितने गीला कचरा की जरूरत हर दिन पड़ती है, उतना नहीं मिल पा रहा है. नतीजतन प्लांट भी पूरी क्षमता के अनुसार काम नहीं कर पा रहा है. गेल की ओर से प्लांट लगाया गया है और यहां गीला कचरा से उत्पादित गैस को घर-घर सप्लाई करने की योजना है.



**केस स्टडी**

### अब हम अपने घर का कचरा खुद ही फेंकते हैं: मोनल

*वार्ड नंबर आठ कोकर बिजली कॉलोनी के पास रहने वाले मोनल ने बताया कि मनमर्जी तरीके से घरों से कचरे का उठाव किया जा रहा है. पर पैसा पूरा वसूला जा रहा है. कई-कई दिनों तक हमारे घरों से कचरे का उठाव नहीं होने के कारण हम अब खुद ही कचरा फेंक देते हैं. पहले कचरा उठाने वाली गाड़ी का इंतजार करते-करते घर में कचरा भर जाता था और उसमें से दुर्गंध आने लगती थी. इसी वजह से वह कचरा बाहर फेंकने के लिए मजबूर हैं.*

### कई दिनों से नहीं दिखी कचरा उठाने वाली गाड़ी: विशाल



वार्ड नंबर 10 के निवासी विशाल ने बताया कि बीते कई दिनों से उनके इलाके में कचरा उठाने वाली गाड़ी नहीं दिखी है. उन्होंने बताया कि अगर गाड़ी आती भी है तो पता नहीं चल पाता है. पहले गाड़ी आती थी, तो वह सिटी बजाते थे या गाना, पर अब वे लोग चुपचाप आकर चले जाते हैं.

### थक गये हैं, अब न कचरा उठाने देंगे, न ही बिल भरेंगे: सन्नी



कांटाटोली में रहने वाले सन्नी ने बताया कि कचरा उठाव कार्य में काफी अनियमितता है. हम काफी परेशान हो चुके हैं. इसकी शिकायत कई बार करने के बावजूद भी कोई फायदा नहीं. उन्होंने बताया कि अब हम थक चुके हैं. अब न तो अपने घर से कचरा उठाने देंगे और न ही कचरे का बिल भरेंगे.

### कचरे को लेकर काफी परेशानी हो रही है: सिद्धार्थ



रातू रोड के इंद्रपुरी में रहने वाले सिद्धार्थ ने बताया कि कचरे को लेकर काफी परेशानी हो रही है. पहले नियमित रूप से घर से कचरा उठाया जाता था, पर अब ऐसा नहीं है. कभी तीन दिन में, तो कभी हफ्ते में एक बार कचरा उठाया जा रहा है और बिल भी पूरा आता है.

**झारखंड कैबिनेट के फैसले**

# नवगठित स्थानीय शहरी नगर निकायों में पदों का होगा सृजन

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

कैबिनेट की बैठक में झारखंड राज्य के नवगठित शहरी स्थानीय नगर निकायों में आवश्यकता आधारित पदों का सृजन किया जाएगा. 2017 के बाद निकायों में पदों का सृजन किया जाएगा. नगर विकास विभाग ने इस आशय का प्रस्ताव तैयार किया जिस पर मंजूरी मिली. 6 नये नगर निकायों हरिहरगंज बरहरवा, महागामा, डोमचांच, बड़कीसरैया तथा धनवार नगर पंचायत में विभिन्न कार्यों के लिए 204 से अधिक पद सृजित होंगे. वहीं, पांच नगर निगम गिरिडीह नगर निगम, हजारीबाग नगर निगम, चास नगर निगम, आदित्यपुर नगर निगम एवं मेदिनीनगर नगर निगम में अभी नगर आयुक्त का पद सृजित नहीं हैं, ऐसे में इन निकायों में एक-एक नगर आयुक्त के कुल पांच पद सृजित किए जाएंगे. इसके अलावा गिरिडीह व मेदिनीनगर नगर निगम में अपर नगर आयुक्त के पद भी सृजित किए जायेंगे. वहीं, सहायक नगर आयुक्तों के पद भी सृजित किए गए

### सहायक अध्यापक सेवा शर्त 2024 नियमावली में संशोधन

सहायक अध्यापक सेवा शर्त 2024 नियमावली में संशोधन किया गया. इसके तहत नगर निगम क्षेत्र में मेयर और नगर आयुक्त को प्रशासनिक और अनुशासनिक अधिकार उनके लिए दिया गया है और नगर परिषद नगर पंचायत में नगर अध्यक्ष या कार्यपालक पदाधिकारी को अधिकार दिया गया है. झारखंड राज्य अल्पसंख्यक कब्रिस्तान की रूपरेखा बनाने के लिए मंजूरी दी गई. पूर्व में रैयत के जमीन में अगर कब्रिस्तान है तो उसे अधिकृत करने का प्रावधान था, लेकिन अब इसमें संशोधन किया गया अब अगर कब्रिस्तान रैयत कब्रिस्तान में है तो रैयत अगर दान देता है तभी उस योजना पर काम किया जा सकेगा

### ये भी लिए गए फैसले

- वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई.
- **झारखंड की पेंशन मोचन निधि के संचालन हेतु दिशा-निर्देश की स्वीकृति दी गई.**
- एएनए स्पर्श कोषागार एवं साइबर कोषागार की स्थापना को स्वीकृति दी गई.
- **अपराध अनुसंधान विभाग अन्तर्गत गठित राज्य अंगुलांक ब्यूरो हेतु आवश्यक पदों के सृजन हेतु स्वीकृति दी गई.**
- तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन ललपनिया में सोलर पावर प्लांट के अधिष्ठापन हेतु कुल प्राक्कलित राशि रू0 275.00 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति
- **भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के दो भू-खण्डों के बीच सम्पर्क पथ हेतु 0.97 एकड़ भूमि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली को नि:शुल्क हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी गई.**
- स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में झारखंड राज्य लिपिक / लिपिक-सह-टंकक / टंकक / अन्य लिपिकीय सेवा संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्तें) नियमावली, 2010 को अंगीकृत किये जाने की स्वीकृति.
- **झारखंड निजी विश्वविद्यालय विधेयक, 2024 पर घटनोत्तर स्वीकृति**
- झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत बजटीय उपबंध प्राप्ति हेतु वित्त विभागीय परामर्शानुसार प्रशासी विभाग के विचारित पुनर्विनियोग प्रस्ताव के क्रम में वित्त विभागीय संकल्प के कतिपय शर्तों को शिथिल करने संबंधी प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई.
- **राज्य सरकार द्वारा दिनांक 01.08.2024 से 31.12.2024 तक आम जनों या व्यक्तिगत क्रेताओं को नि:शुल्क बालू खनिज उपलब्ध कराने के निमित घटनोत्तर स्वीकृति दी गई.**
- झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई.

**गोड्डा सांसद की अमयार्यादित टिप्पणी पर मूलवासी सदान मोर्चा में आक्रोश**

# सांसद निशिकांत का पुतला फूंका

**संवाददाता। रांची**

गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी किये जाने से नाराज मूलवासी सदान मोर्चा की रातू प्रखंड शाखा ने सांसद का पुतला फूंका और उनके विरोध में नारेबाजी की. पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मंजूर खान ने किया. उन्होंने कहा कि मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद झारखंड आंदोलकारी हैं. अलग राज्य का गठन कराने में इनका बड़ा योगदान रहा है. सांसद निशिकांत दुबे द्वारा उनपर अमर्यादित टिप्पणी करना, हर झारखंडी का अपमान है.

मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुरारी गुप्ता ने कहा कि कोई भी व्यक्ति यदि पिछड़ी जाति और मूलवासी सदानों का अपमान करेगा, तो उसका मूलवासी सदान मोर्चा विरोध करेगा. राजू पासवान ने कहा कि निशिकांत दुबे सामंतवादी विचारधारा के व्यक्ति हैं. पुतला दहन में तेली समाज के नेता हरि नाथ साहू, हजार मोदी, विशाल साहू, वासुदेव महतो, मुकेश पुराण, संदीप साहू, शिव कुमार, विकास कुमार, मृत्युंजय साहू, सूरज सिंह, अर्पित, निखिल गोप, राजु राजू पासवान, मंटू साहू, निशार खान, मुकेश साहू आदि शामिल थे.

### भाजपा जहां से भी टिकट देगी, जनता मुझे जिता देगी : सीता सोरेन

**रांची।** भाजपा की दुमका लोस की पूर्व प्रत्याशी सीता सोरेन ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा उन्हें कहीं से भी टिकट दे, जनता उन्हें जिता देगी. सीता ने कहा कि भाजपा बड़ी पार्टी है. उसका सबकुछ दिल्ली से तय होता है. विस चुनाव में टिकट देने को लेकर पार्टी जो फैसला लेगी, वह मुझे मान्य होगा. सीता ने यह भी कहा कि वह खुद तो चुनाव लड़ना चाहती ही हैं, साथ ही चाहती हैं कि उनकी बेटी भी विस चुनाव लड़े.

**वेलफेयर सिनेमा हॉल अब बनेगा मॉल, सैनिक कल्याण बोर्ड में रखा गया प्रस्ताव**

# भूतपूर्व सैनिकों के लिए रोजगार की पहल करे बोर्ड : राज्यपाल

**संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में गुरुवार को राजभवन में सैनिक कल्याण निदेशालय प्रबंध समिति की बैठक हुई, जिसमें सैनिक कल्याण बोर्ड की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया गया. बैठक में मेन रोड सैनिक मार्केट परिसर स्थित वर्षों से बंद पड़े वेलफेयर सिनेमा हॉल के स्थान पर मॉल बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया. साथ ही सैनिक बाजार परिसर के पार्किंग क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की चर्चा की गई. भूतपूर्व सैनिकों की राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली नियुक्ति में आरक्षण का लाभ मिले देने की बात भी कही गयी. साथ ही बैठक में बोर्ड की ऑडिट रिपोर्ट रखी गयी.

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि सैनिक कल्याण बोर्ड सिर्फ प्रस्ताव तक सीमित न रहे. बल्कि अपने कार्यों में तेजी लाये. उन्होंने सैनिक मार्केट में भूतपूर्व सैनिकों को वर्षों पहले आवंटित दुकान खाली कराने के मामले में कहा कि जब सभी चीजें सही व अनुकूल चल रही हों, तो अनावश्यक खाली कराने की कार्रवाई क्यों? अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए.

**पूर्व सैनिकों के आश्रितों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्देश :** राज्यपाल गंगवार ने बैठक में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलनेवाले भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्देश दिया. भूतपूर्व सैनिकों के बच्चे जिनका चयन कमीशन ऑफिसर के रूप में हुआ है, उन्हें शुरू में 25,000 रु पारितोषिक राशि के रूप में देने पर सहमित बनी.



सैनिक कल्याण निदेशालय प्रबंध समिति की बैठक में राज्यपाल संतोष गंगवार व अन्य.

### भूतपूर्व सैनिकों की डीजीआर के तहत सिक्योरिटी एजेंसी से सेवाएं ली जाएं

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि जिन भूतपूर्व सैनिकों को रोजगार की आवश्यकता है, उन्हें राज्य में मौजूद कंपनी में काम दिलाया जाए. इसके लिए भूतपूर्व सैनिकों की डीजीआर के तहत सिक्योरिटी एजेंसी से सेवाएं ली जाएं. बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा सहित सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखंड के निदेशक एवं सहायक निदेशक सहित कई वरीय पदाधिकारीगण मौजूद थे.

**कवायद ‘सरकार आपके द्वार कार्यक्रम’ आज से, सभी वार्डों में लगाया जाएगा शिविर**

# आज बिरसा स्कूल के पास शिविर लगाएगा निगम




**संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार के चार साल पूरे होने पर आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुक्रवार से पुनः शुरू होगा. कार्यक्रम के तहत नगर निगम सभी वार्डों में शिविर लगाएगा. यह शिविर अगल-अलग दिन शहर के विभिन्न वार्डों लगाया जाएगा, जो 15 सितंबर तक चलेगा. शुक्रवार को शिविर का आयोजन वार्ड नंबर एक में बिरसा स्कूल के पास किया जाएगा. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक व पदाधिकारियों को निर्धारित तिथि में संबंधिक कार्यों की जानकारी, आवेदनों की प्राप्ति व निगम संबंधित समस्याओं का ऑन-सपॉट निराकरण के के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है.

### शिविर में इन गतिविधियों का संपादन किया जाएगा

1. झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन
2. **जन्म के 30 दिनों के अंदर आने वाले बच्चों का जन्म निबंधन**
3. मृत्यु की घटना घटित होने के 30 दिनों के अंदर मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए निबंधन
4. **अपने परिसर में वर्षा जल संयोजन के अधिष्ठापन की सूचना निगम रिकॉर्ड में अपडेट कराना.**
5. नये जल संयोजन या नियमितीकरण कराना
6. **जल कर का भुगतान**
7. म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन
8. **म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस का नवीकरण के लिए आवेदन**
9. लॉज, छात्रावास एवं बैंक्वेट हॉल के पंजीकरण के लिए आवेदन
10. **प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के लिए आवेदन**
11. मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत श्रमिक कार्ड के लिए आवेदन
12. **पीएम स्वनिधि के अंतर्गत आवेदन**
13. विक्रेता अनुज्ञप्ति पत्र के लिए आवेदन
14. **स्वयं सहायता समूह के लिए आवेदन**
15. छोटे दुकानदारों को (सेप्ट-I) के तहत मुद्रा लोन आवेदन
16. **निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर**
17. जरूरतमंदों की पहचान करते हुए कंबल वितरण
18. **घरों के स्व-कर निर्धारण एवं गृह-कर का भुगतान**
19. घृतिकर के आंकड़ों में किसी भी तरह की लिपिकीय भूल का सुधार

21. **सॉलिड वेस्ट यूजर चार्ज का भुगतान**

**ब्रीफ खबरें**

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित

**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस सामाजिक संस्था शारदा फाउंडेशन की ओर से हरमू स्थित सरदार पटेल पार्क में दो दिवसीय मेजर ध्यानचंद बैडमिंटन का आयोजन किया गया. इसमें 25 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक संस्था शारदा फाउंडेशन के आशुतोष द्विवेदी, खेल शिक्षक गोविंद झा, राजीव आनंद, प्रकाश कुमार, सुशील कुमार और जय श्रीवास्तव ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया. बालक वर्ग में रणवीर राज प्रथम, शास्वत सिन्हा दूसरे और देव कुमार तीसरे एवं ईशान अग्रवाल चौथे स्थान पर विजेता बने. जबकि सब जूनियर बालक वर्ग अश्विक कुमार सोनी पहले, आकर्ष कुमार दूसरे, आहान तीसरे और हार्दिक पांडेय चौथे स्थान पर विजयी रहे.

## वक्फ बोर्ड के लिए नियुक्त किये जाएंगे सर्वेक्षण आयुक्त

**रांची।** झारखंड राज्य के वक्फ का सर्वेक्षण किया जाएगा. सर्वेक्षण के कार्य के लिए सर्वेक्षण आयुक्त, अपर सर्वेक्षण आयुक्त एवं सहायक सर्वेक्षण आयुक्त नियुक्त किये जाएंगे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई झारखंड मंत्री परिषद की बैठक में वक्फ अधिनियम 1995 यथा संशोधित की धारा 109 द्वारा की शक्तिका प्रयोग करते हुए झारखंड वक्फ नियमावली 2024 बनाने की मंजूरी दी गई है. इस नियमावली के अंतर्गत वक्फ बोर्ड के गठन की पूरी प्रक्रिया का भी उल्लेख किया गया है. वक्फ बोर्ड के गठन के लिए सांसद, विधायक, बार काउंसिल के सदस्य मुतवल्ली, वक्फ संपत्ति के प्रबंधक के निर्वाचन की प्रक्रिया का भी उल्लेख किया गया है.

## झारखंड टीईटी परीक्षा के लिए बढ़ी आवेदन की तिथि

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटीआईटी) 2024 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि एक बार फिर से आगे बढ़ा दी गई है.योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार अब आधिकारिक पोर्टल jactetportal.com के माध्यम से 30 अगस्त तक जेटीआईटी 2024 के लिए आवेदन भर सकते हैं. आपको बता दें, उम्मीदवारों के द्वारा आवेदन की आखिरी तिथि बढ़ाने के अनुरोध के जवाब में जैक ने उम्मीदवारों को एक अंतिम अवसर प्रदान किया है.

## सर्वसम्मति से कोकर गणेश पूजा कमेटी का हुआ गठन

**रांची ।** कोकर गणेश पूजा इंडस्ट्रियल एरिया में सर्वसम्मति से नयी कमेटी का गठन किया गया, जिसमें मुख्य संरक्षक चुन्नू सिंह, चंचल चटर्जी, अश्विनी शर्मा, अरविंद मंडल, मुकुल सिंह, युवराज पासवान, दीपू पासवान को बनाया गया है, वहीं मिथिलेश छतरी, रवि रंजन पाठक, प्रदीप, रवि, राजेश झा, बिहार गोप, बैजनाथ प्रसाद, केके वर्मा, सूरज शर्मा, विक्की सिंह, नवीन वर्मा, सुजान सिंह, रंजीत ठाकुर को संरक्षण बनाया गया है. अध्यक्ष गुड्डु सोनी और उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह, जीतू सिंह, रोहित सिंह, सुमित सिंह, सतीश सिंह, कैलाश पंडित, मिथिलेश ठाकुर, सतीश सुमन, दुर्गा ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष में अमित कुमार, दुर्गेश झा, बंटी राम, विशाल कुमार, समीर सिंह, हिमांशु राय, गांधी दीपू राय, मनीष पांडे, अमन सिंह, शीतल मीडिया प्रभारी मनोरंजन सिंह, पिंटू दुबे, रोहित सिंह, छोटू को मनोनीत किया गया है.

**श्रद्धाभक्ति :** श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का 117वां पाठ का आयोजन तीन सितंबर को

# श्रीश्याम मंदिर में भक्तिपूर्वक मनायी गयी अजा एकादशी

**संवाददाता।रांची**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को अजा एकादशी भक्तिमय वातावरण में मनायी गयी. प्रातः से ही मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा. 5:30 बजे की मंगल आरती के देर बाद बाबा श्याम के एवं तीनों मंड के पर्दा लगाकर प्रातः कालीन शृंगार किया गया.

शृंगार आरती 8:30 बजे शुरू हुई . दोपहर के बाद संध्या कालीन शृंगार मंदिर के आचार्य द्वारा किया गया. 4:30 बजे पट खुलते ही भक्तों ने बाबा के एकादशी के संध्या कालीन श्यामल रूप के दर्शन किए. अजा एकादशी का मुख्य कार्यक्रम अध्यक्ष



सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ. महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में सभी भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की. प्रसाद वितरण में संजय सराफ, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार एवं अभिषेक सरावगी ने सहयोग किया. अखंड ज्योत प्रज्वलित होते ही मंडल के सदस्यों ने भजनों की गंगा प्रवाह की.शनिवार को श्री श्याम भंडारा

मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि श्री श्याम मंदिर में 31 अगस्त को 126 वा श्री श्याम भंडारा आयोजित किया जाएगा. इसके बाद भादो अमावस्या के शुभ अवसर पर तीन सितंबर को खाटूनरेश का महास्नान अनुष्ठान किया जाएगा. साथ ही श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का 117वां पाठ का आयोजन किया जाएगा.

### देर रात तक बहती रही मनमोहक भजनों की गंगा



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में गुरुवार को एकादशी पर्व अत्यन्त श्रद्धा भाव व भक्तिमय वातावरण में मनाया गया. प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल गुलाब, जूही, बेला, रजनीगंधा के ताजे और खुशबूदार फूलों से मनमोहक शृंगार किया गया. साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं हनुमान का भी इस अवसर पर विशेष शृंगार किया गया. रात्रि नौ बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच श्री श्याम नाम की दिव्य ज्योति प्रज्वलित की गई एवं मनमोहक भजन प्रस्तुत किये गये. रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ आज का कार्यक्रम का समापन किया गया.

**न्यूज अपडेट**

### लायंस क्लब ने कोच और रेफरी को किया सम्मानित




**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को लायंस क्लब ऑफ रांची हरि कनक ग्रेटर के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता हरि कनक ग्रेटर के अध्यक्ष राजेश केडिया ने की. मौके पर क्लब की ओर से रांची विश्वविद्यालय के क्रिकेट कोच चंचल भट्टाचार्य एवं रांची जिला योग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व योग इंस्ट्रक्टर ऑल इंडिया रेफरी रीमा वर्मा को मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया. साथ दोनों को खेल दिवस की शुभकामनाएं दी गईं. कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व हॉकी स्टेडियम में होनहार खिलाड़ियों से मिलकर पूरे टीम का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई. मौके पर क्लब के रीजन चेयर पर्सन प्रेमशंकर मिश्रा, सचिव अमित मिश्रा, शिव किशोर शर्मा, प्रशांत कुमार उपस्थित थे.

राज्यपाल ने किया दिव्य कला मेले का उद्घाटन

# दिव्यांगों को प्रशिक्षण भवन के लिए दें पांच एकड़ जमीन : मंत्री

**संवाददाता।रांची**

केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनान के लिए राज्य में पांच एकड़ जमीन उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि एक भवन से दिव्यांग जनों के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा सके. मंत्री गुरुवार को हरमू मैदान मे दिव्यकला मेला का उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि पूरे भारत मे विभिन्न राज्यों में दिव्यागजनों द्वारा बनाये गये उत्पाद उनकी कला को लोगों को सामने प्रस्तुत किया जा रहा है. इसके विकास के लिए राज्य सरकार को भी आगे आने की जरूरत है.

दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए कम ब्याज मे 50 लाख रुपए तक का लोन उपलब्ध कराया जा रहा है. इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत राज्यपाल संतोष गंगवार ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इस अवसर पर राज्यपाल ने 14 दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए 12 को 50 हजार रुपए, राशन, अंडा दुकान और बकरी पालन करने के लिए स्वीकृति प्रदान किया. वहीं दो लोगो को ऑटो रिक्शा के लिए तीन लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी.




दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल वितरण करते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार.



उद्घाटन समारोह के अवसर पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा, दिव्यांगजन के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित हैं, जरूरत है लोगों को इन योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें लाभान्वित करने की. राज्यपाल ने कहा कि हर्ष का विषय है कि झारखंड की इस पावन धरती पर दिव्य कला मेला का आयोजन हो रहा है. यह मेला न केवल कला व शिल्प का उत्सव तथा सांस्कृतिक आयोजन है, बल्कि हमारे दिव्यांगजनों की अद्वितीय प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं साहस का प्रतीक भी है. उन्होंने कहा कि यह मेला दिव्यांगजन के सशक्तीकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है.उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में आयोजित इस मेला के माध्यम से हमारे देश के दिव्यांगजन को एक ऐसा मंच प्रदान किया जा रहा है, जहां वे अपनी कला, शिल्प और उद्यमिता का न केवल प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि अपनी प्रतिभा से अन्य दिव्यांगजन के लिए प्रेरणा का कार्य भी कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि देश में यह 18वां मेला है. सबसे पहले दिल्ली में इन मेलों के माध्यम से दिव्यांगजन अपने उत्पादों को न केवल देश भर में प्रदर्शित कर सकते हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक बाजारों तक भी पहुंचा सकते हैं.

**इन्हें मिली राशि :** जगेश्वर महतो और मनोज महतो को ऑटो रिक्शा के लिए तीन लाख से अधिक की राशि स्वीकृति प्रदान की गई.

**इन्हे मिली 50 हजार की स्वीकृति** : बालेश्वर महतो, राजू मुंडा, करम कुमार महतो , लीला कुमारी , रथी कुमारी , देवंती कुमारी , सोमवती कुमारी, ललकू महतो, झालू कुमारी शामिल हैं.

**ह्वील चेयर भी प्रदान की गई** :दिव्यकला मेला मे जो चलने में असमर्थ थे. वैसे लोगों को ह्वील चेयर भी प्रदान की गई.



पुलिस-प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन.

सीएम ने दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ समेत अन्य पर्वों को ले की बैठक, कहा

# विधि-व्यवस्था व बिजली की समस्या न हो, करें तैयारी

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व सहित अन्य पर्व-त्योहार राज्य में शांतिपूर्वक संपन्न हो इस निमित्त हर हाल में बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व-त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की कोई हिंसा, उपद्रव, संगठित अपराध इत्यादि की घटनाओं को अबिलम्ब रोका जा सके इसके लिए पुख्ता तैयारी रखें. अपराध को अंजाम देने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें. सभी प्रशासनिक तैयारियां एक बेहतर प्लानिंग के साथ की जाए. उक्त निर्देश मुख्यमंत्री ने गुरुवार झारखंड मंत्रालय में आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व सहित अन्य पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए. बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक अभियान श्री संजय ए लाटकर, आईजी अभियान एवी होमकर, आईजी स्पेशल ब्रांच श्री प्रभात कुमार, ऊर्जा संचरण निगम के एमडी श्री केके वर्मा उपस्थित थे.

**बोले हेमंत**

- त्योहारों के दौरान हिंसा, उपद्रव, संगठित अपराध किसी भी हाल में स्वीकार्य नही, कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो, अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जाए

**निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे कस्बों में भी पर्व- त्योहारों को बहुत उत्साह, उमंग और खुशी के साथ मनाया जाता है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी हाल में पर्व-त्योहारों के दौरान बिजली की समस्या उत्पन्न न हो इसकी पूरी तैयारी रखी जाए. निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए विभाग एक बेहतर बैकअप प्लान शीघ्र तैयार करे. आगामी 4 माह विभिन्न पर्व-त्योहारों का समय है, अधिकारी संवेदनशीलता के साथ व्यवस्थाओं को दुरुस्त एवं सुदृढ़ करने पर बल दें. कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान बिजली कटने के क्रम में कई बार दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है. ऐसे में शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति को लेकर बेहतर बैकअप प्लान तैयार रखी जाए.

**संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतें :** हेमंत सोरेन ने कहा कि फेस्टिवल के दौरान संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतें. विशेष कर पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें. कहा कि गतिविधियों की निगरानी के लिए पूजा पंडालों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाए जाएं. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर पूरी नजर रखें. यदि कोई सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रम फैलाने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई करें. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि साम्प्रदायिक सौहार्द एवं संवेदनशीलता को देखते हुए असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों पर सख्ती से कार्रवाई करें. अफवाह फैलाने एवं कानून का उल्लंघन करने वाले तत्वों पर चौकसी बरतते हुए उनपर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए.

# सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में बच्चों के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**संवाददाता।रांची**

अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड स्थित सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल न्यू अशोक नगर, रांची में नेशनल स्पोर्ट्स डे के अवसर पर कक्षा षष्टम से दशम तक के बच्चों के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों से परिचय करने के उपरांत टॉस करके किया गया. इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन के सदस्य रमाकांत प्रसाद, सुषमा सिन्हा, अक्षय कुमार सिन्हा, प्राचार्य श्रावणी पाण्डेय ने भी ग्राउंड में उतरकर बच्चों के मनोबल बढ़ाया. प्रतियोगिता विद्यालय के चारों हाउसों के बच्चों के बीच हुई, जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. मौके पर रमाकांत प्रसाद ने बच्चों को वॉलीबॉल गेम के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि यह खेल बच्चों को एक व्यापक कसरत कराता है, जिससे हृदय, मांसपेशियों, समन्वय, मानसिक स्वास्थ्य और लचीलेपन में मदद पहुंचाता है. इस क्रम में सिंगल वॉलीबॉल कंपटीशन के विनर ब्लू हाउस की टीम रही, जिसमें पीयूष उरांव, प्रियांशु उरांव, रोहित चंपिया, सोनू सुरीन, आयुष कुमार और राहुल कुमार रहे, वहीं मिक्स वॉलीबॉल कंपटीशन के विनर रेड और येलो हाउस के टीम रहा, जिसके खिलाड़ी इश्मित कुमार, हेमंत कुमार, आदित्य राज, श्रीकांत चिक बराईक, आर्यन लकड़ा, मनीष कुमार और मो. फैजान रहे. विद्यालय की प्राचार्य श्रावणी पाण्डेय ने बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. खेल का संचालन विद्यालय के खेल-कूद शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार पाण्डेय, विवेक कुमार, संदीप कुमार के नेतृत्व में किया गया. प्रतियोगिता को रोचक और मज्जेदार बनाने के लिए विद्यालय की शिक्षिका तृषा कुमारी ने कमेंट्री की.

# महिला वर्ग में एकलव्य सेंटर और पुरुष वर्ग में नवल टाटा एकेडमी बनी विजेता

**खेल संवाददाता।रांची**

टाटा स्टील फेडरेशन, झारखंड खेल विभाग और हॉकी झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 29 अगस्त तक आयोजित सातवीं सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप में महिला वर्ग में एकलव्य सेंटर और पुरुष वर्ग में नवल टाटा हॉकी एकेडमी विजेता बनी. पांचवें दिन महिला पुरुष दोनों वर्गों का फाइनल मैच और तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेले गए. इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से 24 और महिला वर्ग से 14 टीमों ने भाग लिया था.

महिला वर्ग के फाइनल मैच में एकलव्य सेंटर ने सिमडेगा को 2-0 से पराजित कर विजेता बनी, जबकि तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में रांची ने पाकुड़ को 3-2 से पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया. पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में वल टाटा हॉकी एकेडमी ने एकलव्य सेंटर को 4-1 से



पराजित कर विजेता बनी. तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में साउथ ईस्टर्न रेलवे की टीम ने पूर्वी सिंहभूम को 4-1 से पराजित कर तृतीय स्थान का खिताब अपने नाम किया. पुरुष वर्ग में बेस्ट गोलकीपर बिमसेन किस्कू (एनटीएचए),बेस्ट डिफेंडर सिमोन बोदरा (एनटीएचए), बेस्ट प्लेयर जोसेफ टोपनो (एकलव्य सेंटर), इमर्जिंग प्लेयर प्रेमचंद सोय (पूर्वी सिंहभूम) को दिया गया. वहीं महिला वर्ग में बेस्ट गोलकीपर रश्मि होरो (एकलव्य सेंटर), बेस्ट डिफेंडर-सीता कुमारी (सिमडेगा), बेस्ट प्लेयर अनुप्रिया सोरेंग (सिमडेगा), इमर्जिंग प्लेयर अनीषा कुल्लू (पाकुड़) को चुना गया.

मुख्य अतिथि खेल निदेशक संदीप कुमार, विशिष्ट अतिथि आईएएस अदित्या पाण्डेय, सह संयुक्त निदेशक राज किशोर खाखा, विभूति आदेसेरा-हैड ऑफ स्पोर्ट्स - टाटा स्टील, शिवेंद्र कुमार रांची डीएसओ, गुरमीत सिंह राव–प्रोजेक्ट डाइरेक्टर एनटीएचए , संजीव कुमार मैनेजर टाटा स्टील खेल, चन्द्रीयी मजूमदार मैनेजर टाटा स्टील फाउंडेशन, अनन्या लिपी सहायक मैनेजर टाटा स्टील खेल, असुन्ता लकड़ा अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, कान्ति बी लकड़ा, असरिता लकड़ा, माइकल लाल ने विजेता उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया.

# चतरा राइफल क्लब के निशानेबाजों ने चैंपियनशिप में हासिल किया टॉप स्कोर

**संवाददाता ।रांची**

चतरा राइफल क्लब रांची के निशानेबाजों ने गुरुवार को डीएवी ज़ोनल चैंपियनशिप अपने नाम कर लिया. बता दें कि गुरुवार को रांची के डीएवी हेहल स्कूल में ज़ोनल चैंपियनशिप का समापन हुआ. इसमें चतरा राइफल क्लब रांची के खिलाड़ियों ने मेडल के साथ नेशनल क्वालीफाई कर लिया है. अब ये सारे खिलाड़ी डीएवी नेशनल में हिस्सा लेने दिल्ली जाएंगे.



गोल्ड मेडल के साथ अदिति महिमा एवं मान्या कुमारी.

**खिलाड़ियों का नाम और उपलब्धि**

- अदिति महिमा टॉप स्कोरर और डबल गोल्ड मेडल
- मान्या कुमारी गोल्ड और सिल्वर मेडल
- यसीका किंगर एक गोल्ड
- वैश्विक सिंह राठौड़ गोल्ड और सिल्वर
- अर्णव कुमार ब्रोंज मेडल

सभी खिलाड़ियों ने नेशनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है. इन सभी खिलाड़ियों ने मेडल का श्रेय कोच नीतीश को दिया है। आगामी चैंपियनशिप सीबीएससी, खेलो झारखंड, ईस्ट ज़ोनल और एसजीएफआई चैंपियनशिप की तैयारी में नीतीश ज़ोर शोर से लगे हुए हैं. उम्मीद है कि सभी खिलाड़ी इससे भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे.

**राष्ट्रीय खेल दिवस** मोरहाबादी मैदान में मैराथन दौड़, पारंपरिक खेलों में गेड़ी दौड़, गुलेल से निशाना, पारंपरिक धनुष से तीरंदाजी का आयोजन

# मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच में पत्रकारों ने अपने प्रदर्शन से जीता दर्शकों का दिल

**खेल संवाददाता।रांची**

झारखंड खेल विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरुवार को पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत मैराथन दौड़ के साथ हुई. मोरहाबादी मैदान में पुरुष-महिला वर्ग में लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया. मैराथन दौड़ का आरंभ मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के आदित्य पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि पूर्व हॉकी ओलंपियन मनोहर टोप्नो एवं प्रोजेक्ट पदाधिकारी ऋतुराज ने संयुक्त रूप से किया.

दूसरे सत्र का उद्घाटन सुबह साढ़े दस बजे खेलकूद एवं युवा कार्य



प्रतियोगिता के दौरान गुलेल से निशाना साधती छात्राएं.

निदेशालय के निदेशक संदीप कुमार, विशिष्ट अतिथि साझा के संयुक्त सचिव सह संयुक्त निदेशक राज किशोर खाखा एवं विभागीय उपनिदेशक मनीष कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. मौके पर जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार मौजूद रहे. मौके पर गेड़ी दौड़, गुलेल से निशाना, पारंपरिक धनुष से तीरंदाजी का आयोजन किया गया, जिसमें खूंटी, गुमला, रामगढ़ और रांची के प्रतिभागियों ने भाग लिया.

**प्रतियोगिता के परिणाम**

**मैराथन दौड़**

पुरुष वर्ग
1.पवन सिंह
2.दीपक कुमार
3.छोटेलाल

महिला वर्ग
1.आशा कुमारी
2.ममता कुमारी
3.सुशान्ति कुमारी

गुलेल

बालक वर्ग
1.खिलेश्वर कालो
2.हर्ष सिमल केरकेट्टा

बालिका वर्ग
1.संगीता टिटु
2.रेशमा सोरेन

गेड़ी दौड़

बालक वर्ग
1.राम मुण्डू
2.दीपक कुमार मुण्डा
3.संजू कुमार

बालिका वर्ग
1.गुरुमनी टुटी
2.नेहा कुमारी

पारम्परिक तीरंदाजी प्रतियोगिता

बालक वर्ग
1.आकाश कुमार
2.आलोक कुमार मुण्डा
3.मो. काशिफ

बालिका वर्ग
1.निशा एक्का
2.नेहा कुमारी
3.नुपूर टोप्पो

**खेल विभाग व खेल पत्रकार के बीच फुटबॉल मैच**

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल विभाग और खेल पत्रकार के बीच मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच का आयोजन हुआ. दोनों टीमों ने स्पोर्ट्समैन स्पिरिट का परिचय दिया. फुटबॉल मैच के दौरान पत्रकारों ने अपने प्रदर्शन से दिल जीता. समापन समारोह के मुख्य अतिथि खेल निदेशक झारखंड प्रशासनिक सेवा के संदीप कुमार, विशिष्ट अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के जिलाधिकारी, रांची आदित्य पाण्डेय, साझा के संयुक्त सचिव सह संयुक्त निदेशक राज किशोर खाखा, खेल पदाधिकारी टाटा समूह की आयुष सेरी, वॉलीबॉल प्रशिक्षक विश्वनाथ सिंह, अंशुता लकड़ा एवं जिला खेल पदाधिकारी, रांची शिवेंद्र कुमार ने सभी विजेता, उपविजेता, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम के सभी सदस्यों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया. पुरस्कार वितरण का मंच संचालन विभाग के वरीय प्रशिक्षक अजय झा ने किया. पूरी प्रतियोगिता के सफल संचालन में विभागीय प्रशिक्षक तपन कुमार राउत, राजू साहू, हरीश कुमार, भरत शाह, गोपाल तिर्की, सुनील कुमार, कुश साहु, सोना राम चाम्पिया, नुपुर टोप्पो, मोहन साहू, डि सायसवरी, काली चरण महतो, अंगद हंसराज, प्रेम पूर्ति, अख्तर हुसैन, शाहिद अंसारी, गम्भीर कुमार, विनय क्षेत्रीय, फरजाना खातून, मंदग तांमग ने बखूबी से निभाया.

## श्री श्री दुर्गा पूजा समिति पुंदाग के महासचिव बनाये गये लोकेश कुमार

**रांची।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति महावीर मंदिर प्रांगण पुंदाग मे दूर्गा पूजा की तैयारी को लेकर गुरुवार को बैठक हुई, जिसमें मंडल की पुरानी कार्यसमिति को भंग कर नयी कार्यसमिति का गठन किया गया. उनमें मुख्य संरक्षक धनीनाथ राम साहू, गौरी शंकर विद्यार्थी, अध्यक्ष कृष्णा कुमार, महासचिव लोकेश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार, वरीय उपाध्यक्ष डेविड साहू, उपाध्यक्ष संतोष साहू, कोषाध्यक्ष अंचन कुमार और बसंत कुमार महतो, मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार, चंदन चौधरी मनोनीत किये गये. बैठक की अध्यक्षता कृष्णा कुमार और संचालन लोकेश कुमार ने किया.

# राष्ट्रपति की जायज चिंता

राष्ट्रपति ने कोलकाता में हुए दुष्कर्म के मामले में दखल दिया है. राष्ट्रपति ने कहा है कि वे निराश और भयभीत हैं. विपक्ष के कई नेताओं ने सवाल पूछा है कि मणिपुर, बदलापुर सहित देश के अन्य हिस्सों में हुई वीभत्स घटनाओं पर खामोशी का क्या राज है. राष्ट्रपति की चिंता जायज है, लेकिन जिस तरह की राजनीति केवल बंगाल को ले कर हो रही है उसे भी संजीदगी से समझने की जरूरत है. देश भर में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के मामले को रोकने की दिशा में सामूहिक पहल की जरूरत है. केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों के साथ संवाद कर इन घटनाओं को रोकने की ठोस रणनीति बनानी चाहिए. पश्चिम बंगाल में रातोंरात बन कर उभरे छात्र समाज के नवान्न आंदोलन का मकसद इंसाफ पाना है या फिर ममता बनर्जी सरकार को अपदस्थ करना. यह सवाल भी उठ रहा है. यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है कि नवान्न आंदोलन के दो नेताओं ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि उनका रिश्ता आरएसएस से है. मंगलवार के प्रतिरोध और उस पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में बंगाल बंद का आह्वान भारतीय जनता पार्टी ने किया. ममता बनर्जी ने तीन दिनों के प्रतिरोध और दस दिनों में कठोर कानून बनाने की बात कही है. दूसरी ओर नवान्न आंदोलन का पहले समर्थन कर रहे वामदलों और कांग्रेस ने इससे स्वयं को अलग कर लिया है. कोलकाता के आरजी अस्पाताल में भयावह घटना हुई. सर्वोच्च अदालत तक ने इसका स्वतः संज्ञान लिया, लेकिन इसके साथ ही महाराष्ट्र के बदलापुर में भी भयावह यौन हिंसा हुई, लेकिन उस पर भाजपा जैसे दलों की खामोशी भी रेखांकित करने वाली बात है. दोनों ही घटनाओं को कुछ राजनीतिक दलों के देखने का तरीका बता रहा है कि महिला हिंसा खत्म करने के बजाय उनका मकसद सरकारों को अपदस्थ करने की है. पश्चिम बंगाल में नवान्न आंदोलन ने राज्य की राजनीति में एक नई बहस छेड़ दी है. यह आंदोलन कई कारणों से महत्वपूर्ण है. नवान्न आंदोलनकारियों ने दुष्कर्म की घटना को लेकर राज्य सरकार और विशेषकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया और उनके इस्तीफे की मांग की. यदि आंदोलन ने मजबूती हासिल कर ली तो राज्य की राजनीति में एक नया मोड़ आ सकता है. पश्चिम बंगाल नवान्न आंदोलन एक महत्वपूर्ण घटना है, जो राज्य के सामाजिक, राजनीतिक और कानून व्यवस्था के लिए कई चुनौतियां पेश करती है सरकार को इस आंदोलन से सबक लेते हुए लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाने होंगे. साथ ही, विपक्ष को भी रचनात्मक भूमिका निभानी होगी और सरकार के साथ मिलकर महिला हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाना चाहिए. ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर देश भर में होने वाले बलात्कार की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे रोकने के लिए और ज्यादा कठोर कानून बनाने की मांग की है. इस समय जरूरत महिलाओं को न्याय दिलाने की है और इस दिशा में सबको मिल कर कदम उठाने की जरूरत है. यौन अपराधियों को राजनीतिक पनाह देना भी एक बड़ा अपराध है. राजनीतिक दलों को इससे परहेज करते हुए ऐसी घटनाओं पर सामूहिक नजरिया देश के सामने पेश करना चाहिए.

> नवान्न आंदोलनकारियों ने दुष्कर्म की घटना को लेकर राज्य सरकार और विशेषकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया और उनके इस्तीफे की मांग की.

## सुभाषित

**दिवसेनैव तत् कुर्याद् येन रात्रौ सुखं वसेत् ।**
**यावज्जीवं च तत्कुर्याद् येन प्रेत्य सुखं वसेत् ।।**

दिन भर ऐसा काम करो जिससे रात में चैन की नींद आ सके. वैसे ही जीवनभर ऐसा काम करो, जिससे मृत्यु पश्चात सुख मिले. दिन में ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे रात में नींद ही गायब हो जाए. इसी प्रकार जीवन में कई ऐसे नीच काम होते हैं, जिनसे मृत्यु के पश्चात दुःख मिलता है.

# जैव प्रौद्योगिकी नीति : अग्रणी पहल

**भारत को 'हरित विकास' के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ाने की राष्ट्रीय प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए, एकीकृत बायोईउ (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति जलवायु परिवर्तन, घटते गैर-नवीकरणीय संसाधनों और असंवहनीय अपशिष्ट उत्पादन की चुनौतीपूर्ण पृष्ठभूमि में, सतत विकास की दिशा में एक सकारात्मक और निर्णायक कदम है. इस नीति का एक प्रमुख उद्देश्य रसायन आधारित उद्योगों को अधिक स्थायी जैव-आधारित औद्योगिक मॉडल में परिवर्तित करना है.**



• देश-काल



**डॉ.जितेंद्र सिंह**
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री

दूरगामी प्रभाव वाली एक ऐतिहासिक पहल के रूप में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) की बायोई 3 (अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यावरण के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति को मंजूरी दे दी है. इस नीति का उद्देश्य स्वच्छ, हरित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के लिए उच्च प्रदर्शन वाले जैव विनिर्माण को बढ़ावा देना है. यह नीति पूरी दुनिया के भविष्य के आर्थिक विकास के शुरुआती मार्गदर्शकों में से एक के रूप में भारत के लिए वैश्विक परिदृश्य में अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करेगी.

भौतिक उपभोग, अत्यधिक संसाधन उपयोग और अपशिष्ट उत्पादन के असंवहनीय प्रारूप ने विभिन्न वैश्विक आपदाओं को जन्म दिया है, जैसे जंगल की आग, ग्लेशियरों का पिघलना और जैव विविधता में कमी आदि. भारत को 'हरित विकास' के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ाने की राष्ट्रीय प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए एकीकृत बायोई3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति जलवायु परिवर्तन, घटते गैर-नवीकरणीय संसाधनों और असंवहनीय अपशिष्ट उत्पादन की चुनौतीपूर्ण पृष्ठभूमि में, सतत विकास की दिशा में एक सकारात्मक और निर्णायक कदम है. इस नीति का एक प्रमुख उद्देश्य रसायन आधारित उद्योगों को अधिक स्थायी जैव-आधारित औद्योगिक मॉडल में परिवर्तित करना है. यह चक्रीय जैव अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा, ताकि नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल किया जा सके. इसके लिए यह जैव-आधारित उत्पादों के उत्पादन के लिए माइक्रोबियल सेल कारखानों द्वारा बायोमास, लैंडफिल, ग्रीन हाउस गैसों जैसे अपशिष्ट के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा.

इसके अलावा, बायोई3 नीति भारत की जैव अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा देने, जैव-आधारित उत्पादों के पैमाने का विस्तार करने और व्यावसायीकरण की सुविधा प्रदान करने अपशिष्ट पदार्थों की मात्रा कम करने, इनका पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण करने भारत के अत्यधिक कुशल कार्यबल के समूह का विस्तार करने, रोजगार सृजन में तेजी लाने तथा उद्यमिता की गति को तेज करने के लिए अभिनव समाधान तैयार करेगी. नीति की प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैं :

1) उच्च मूल्य वाले जैव-आधारित रसायन, बायोपॉलिमर और एंजाइम, स्मार्ट प्रोटीन और फंक्शनल फूड, सटीक जैव चिकित्सा, जलवायु अनुकूल कृषि, कार्बन स्तर में कमी और इसका उपयोग तथा समुद्री एवं अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे विषयगत क्षेत्रों में स्वदेशी अनुसंधान और विकास-केंद्रित उद्यमिता को प्रोत्साहन और समर्थन.

2) जैव विनिर्माण सुविधाएं, जैव फाउंड्री क्लस्टर और जैव-कृत्रिम बुद्धिमत्ता (बायो-एआई) हब की स्थापना के जरिये प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण में तेजी

3) नैतिक और जैव सुरक्षा विचार पर जोर देते हुए आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के पुनरुत्पादन मॉडल को प्राथमिकता देना.

4) वैश्विक मानकों के अनुरूप नियामक सुधारों का सामंजस्य.

भारत ने पिछले दशक में मजबूत आर्थिक विकास का प्रदर्शन किया है. भारत में चौथी औद्योगिक क्रांति के वैश्विक अग्रणी देशों में से एक होने की अद्भुत क्षमता है. हमारी जैव अर्थव्यवस्था 2014 के 10 बिलियन डॉलर से 13 गुना बढ़कर 2024 में 130 बिलियन डॉलर से अधिक की हो गई है. 2030 तक इसके 300 बिलियन डॉलर के बाजार मूल्य तक पहुंचने की उम्मीद है. विभिन्न क्षेत्रों में बायोई3 नीति के कार्यान्वयन से देश की जैव अर्थव्यवस्था को और बढ़ावा मिलने की संभावना है, साथ ही 'हरित विकास' को प्रोत्साहन मिलेगा. देश की उच्च प्रदर्शन वाली जैव विनिर्माण पहलों को बढ़ावा देने से उभरती प्रौद्योगिकियां और नवाचार सामने आयेंगे, जिनका लाभ उठाते हुए जैव अर्थव्यवस्था की आधारशिला रखी जाएगी.

जैव विनिर्माण 'मेक इन इंडिया' पहल का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनने के लिए तैयार है और यह 21वीं सदी की मांगों को पूरा करने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रदान करेगा. एक बहु-विषयक प्रयास के रूप में, इसमें मानव कोशिकाओं सहित सूक्ष्मजीवों, पौधों और पशु कोशिकाओं की क्षमता को उजागर करने की शक्ति है, ताकि न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन के साथ लागत प्रभावी तरीके से जैव-आधारित उत्पाद विकसित किए जा सकें.

यह परिकल्पना की गई है कि जैव-विनिर्माण हब केंद्रीकृत सुविधाओं के रूप में काम करेंगे, जो उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियों और सहयोगी प्रयासों के माध्यम से जैव-आधारित उत्पादों के उत्पादन, विकास और व्यावसायीकरण को गति प्रदान करेंगे. इससे एक ऐसे समुदाय का निर्माण होगा, जहां जैव-विनिर्माण प्रक्रियाओं के पैमाने, स्थायित्व और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए संसाधन, विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी साझा की जा सकती है. ये जैव-विनिर्माण हब, जैव-आधारित उत्पादों के 'प्रयोगशाला-से-प्रारंभिक विनिर्माण' (लैब-टू-पायलट) और 'पूर्व-व्यावसायिक पैमाने' के विनिर्माण के बीच के अंतर को दूर करेंगे. स्टार्ट-अप इस प्रक्रिया में अभिनव विचारों को लाकर और विकसित करके तथा उन्हें लघु एवं मध्यम आकार के उद्यम (एसएमई) बनाकर और स्थापित निर्माता बनने में सहयोग करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. बायोफाउंड्री का तात्पर्य है, उन्नत क्लस्टरों के निर्माण, ताकि जैविक इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं को पैमाने के अनुरूप- प्रारंभिक डिजाइन और 'परीक्षण चरणों से लेकर पायलट' तथा 'पूर्व-व्यावसायिक उत्पादन' तक तैयार किया जा सके.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | विज्ञ



## आदर्श है सत्य और अहिंसा

मानव जीवन की अमूल्य थाती है वह विचार जो उसे और ज्यादा मानवीय बनाता है. उन मूल्यों में अहिंसा और सत्य सर्वोपरि हैं. मनुष्य को और ज्यादा मनुष्य और सामाजिक बनाने में इन मूल्यों की महत्ता अतुलनीय है. जब कभी 'अहिंसा' पर चर्चा होती है, भगवान बुद्ध और महात्मा गांधी को याद किया जाता है. अक्सर देखा गया है कि धर्म प्रवर्तक उपदेश तो देते हैं, लेकिन खुद वे उन पर चल नहीं पाते. यह बात महावीर, बुद्ध व गांधी पर लागू नहीं होती. इन तीनों ही युग पुरुषों ने अहिंसा के महत्व को समझा, उसकी राह पर चले और इसके अनुभवों के आधार पर दूसरों को भी इस राह पर चलने को कहा. अहिंसा की पहचान उनके लिए सत्य के साक्षात्कार के समान थी. अपने युग में यज्ञों में होने वाली हिंसा से महावीर के मन को गहरी चोट पहुंची , इसलिए उन्होंने अहिंसा का सिद्धांत प्रस्तुत किया. इसके प्रचार के लिए उन्होंने श्रमणों का संघ तैयार किया, जिन्होंने मनुष्य जीवन में अहिंसा के महत्व को बताया. सामान्यतः अहिंसा का अर्थ किसी प्राणी की मन, वचन व कर्म से हिंसा न करना होता है. आदमी में अनेक बुराइयां पाई जाती हैं, जिनकी गिनती करना असंभव है. इन बुराइयों की जड़ में मुख्य पांच दोष मिलेंगे. बाकी सभी दोष इन्हीं से पैदा होते हैं. ये दोष हैं चोरी, झूठ, व्यभिचार, नशाखोरी व परिग्रह यानी धन इकट्ठा करना. इन्हीं बुराइयों के कारण मनुष्य न जाने और किन-किन बुराइयों में लगा रहता है. हिंसा इनमें सबसे बड़ी बुराई है. हिंसा, अहिंसा की विरोधी है. इसका अर्थ सिर्फ किसी प्राणी की हत्या या उसे शारीरिक चोट पहुंचाना ही नहीं होता. महावीर ने इसका व्यापक अर्थ किया कि यदि कोई आदमी अपने मन में किसी के प्रति बुरी भावना रखता है, बुरे व कटु वचन बोलता है तो वह भी हिंसा ही करता है. सभी प्राणी जीना चाहते हैं, अहिंसा उनको अमरता देती है. अहिंसा जगत को रास्ता दिखाने वाला दीपक है. यह सभी प्राणियों के लिए मंगलमय है. अहिंसा माता के समान सभी प्राणियों का संरक्षण करने वाली , पाप नाशक व जीवन दायिनी है. अहिंसा अमृत है. इस प्रकार महावीर ने अहिंसा की व्याख्या की. तपस्या के बाद महावीर ने समदर्शी होकर मौन भंग किया और कहा, 'मा हण, मा हण' अर्थात किसी प्राणी को मत मारो, मत मारो. किसी का छेदन न करो, न करो. किसी को कष्ट न पहुंचाओ. मारोगे तो मरना पड़ेगा. छेदोगे तो छिदना पड़ेगा, भेदोगे तो भिदना पड़ेगा.

# जरूरी है वैज्ञानिक चेतना का समेकित प्रचार

• विज्ञान

**दीपिका अरोड़ा**

विज्ञान के क्षेत्र में नित नए प्रतिमान स्थापित करता भारतवर्ष भले ही अंतरिक्ष तक अपनी पहुंच बना चुका है, किंतु वैचारिक जागृति के स्तर पर हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी रूढ़िवादी मानसिकता से मुक्त नहीं हो पाया है. वह सोच जो काला जादू, भूत-प्रेत जैसी अतार्किक बातों से जोड़ते हुए तथाकथित दिव्य उपचार शक्तियों पर भरोसा करने के लिए उकसाती है. बिना विचारे कि परिणाम कितना भयंकर हो सकता है. हाल ही में, गुरदासपुर (पंजाब) के गांव सिंघपुरा में शरीर से भूत भगाने के नाम पर एक पादरी ने अपने साथियों सहित 30 वर्षीय व्यक्ति को इतना पीटा कि उसकी मृत्यु हो गई. पिछले कुछ समय से बीमार चल रहा, तीन बच्चों का पिता परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था. इसी श्रृंखला में स्मरण आता है गत वर्ष का हृदयविदारक कोच्चि प्रकरण, जब जादू-टोने के उद्देश्य से एक तांत्रिक ने दो महिलाओं की बलि दे दी थी. जनवरी, 2018 में तेलंगाना के हैदराबाद निवासी एक व्यक्ति ने तो चंद्रग्रहण के दिन पूजा के उपरांत अपने ही बच्चे को घर की छत से नीचे फेंक दिया था. तांत्रिक के कथनानुसार, ऐसा करने से उसकी पत्नी लंबी बीमारी से छुटकारा पा सकती थी. सूची बहुत लंबी है. एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले दस वर्षों में अंधविश्वास के कारण एक हजार से अधिक लोगों की जान जा चुकी है. वर्ष 2012 से 2021 के दौरान जादू-टोना देश भर में 1,098 लोगों की मौत का कारण बना. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना के दृष्टिगत जारी आंकड़े बताते हैं, वर्ष 2000 से 2012 के दौरान 350 लोग दूसरों पर काला जादू करने के संदेह में मार दिए गए. दरअसल, हमारे उदार लोकतंत्र के मौलिक सिद्धांत हमें उन बातों पर भी विश्वास की आज़ादी देते हैं, जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं. यही आबादी तथाकथित धर्मगुरुओं एवं ढोंगी बाबाओं के लिए सबसे बड़ा हथियार बन जाती है. अनुयायियों की भीड़ से घिरे, आस्था की आड़ में मानवीय संवेदनाओं से खेलने में पारंगत स्वयंभू होने का दावा करने वाले ये निर्मल वेशधारी ख़ुद को जादुई शक्ति सम्पन्न चिकित्सक के रूप चित्रित करते हैं. कई बार शिक्षित कहलाने वाले लोग तक इनके झांसे में आ जाते हैं.बीते जुलाई माह में इसी के दृष्टिगत सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाख़िल की गई. उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ के कारण 121 लोगों के मारे जाने एवं दिल्ली के 2018 के बुराड़ी कांड में एक घर के 11 सदस्यों की मौत को ऐसे ही मामले बताते हुए, याचिकाकर्ता ने समाज में सक्रिय अवैज्ञानिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु कठोर अंधविश्वास-टोना विरोधी कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया. कानूनी नज़रिए से देखें तो भारतीय संविधान की धारा 295-ए ऐसी कुप्रथाओं को हतोत्साहित करती है. अंधविश्वास के चलते किसी की जान जाने पर आरोपी के विरुद्ध भारतीय कानून के अनुसार, हत्या की सज़ा के तहत कार्रवाई बनती है. दिव्य तरीके से किसी रोग के उपचार का दावा करने वालों पर 'ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीका एक्ट, 1954' के तहत दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है. बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, राजस्थान, असम, महाराष्ट्र, कर्नाटक में अंधविश्वास रोकने हेतु राजकीय स्तर पर कानून लागू किए गए किंतु अंधविश्वास से जुड़ी अनेक घटनाएं फिर भी होती हैं. दरअसल, अंधविश्वास से संबद्ध प्रकरणों पर अंकुश लगाने के लिए केवल कानून लागू होना ही काफी नहीं अपितु लोगों को इस ओर धकेलने वाले सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने की जरूरत है. वहीं शिक्षा प्रणाली के माध्यम से वैज्ञानिक स्वभाव तथा आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण बन जाता है. यही नहीं, अंधविश्वासों को परंपराओं व रीति रिवाज़ों से सर्वथा अलग रखना भी अनिवार्य है. ठीक इसी प्रकार आस्था व अंधविश्वास के मध्य स्थित अंतर स्पष्ट होना भी ज़रूरी है. इष्ट के प्रति आस्था मानसिक सुदृढ़ता प्रदान करती है, जबकि अंधविश्वास आंतरिक स्तर पर निर्बल ही बनाता है. निराधार विश्वास न केवल समूचे समाज के लिए घातक हैं बल्कि देश की साख़ के साथ राष्ट्रीय विकास को भी प्रभावित करते हैं.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले दस वर्षों में अंधविश्वास के कारण एक हजार से अधिक लोगों की जान जा चुकी है. वर्ष 2012 से 2021 के दौरान जादू-टोना देश भर में 1,098 लोगों की मौत का कारण बना. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना के दृष्टिगत जारी आंकड़े बताते हैं, वर्ष 2000 से 2012 के दौरान 350 लोग दूसरों पर काला जादू करने के संदेह में मार दिए गए.

# सियासी नैतिक मानदंडों का हो संरक्षण

• विमर्श

**एल.एस. हरदेनिया**

पश्चिम बंगाल और केरल सांस्कृतिक दृष्टि से देश के सर्वोपरि राज्य हैं. दोनों राज्यों को देश के महान संस्कृतिकर्मियों ने योगदान दिया है. बंगाल में रवीन्द्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा, सुभाषचन्द्र बोस, ज्योति बसु, आदि शामिल हैं. अनेक कवि, सत्यजीत रे समेत अनेक फिल्मकर्मियों ने जन्म लिया है, ऐसे महान राज्य में एक महिला डाक्टर के साथ जो कुछ हुआ वह बंगाल के चेहरे पर कालिख है. इस महिला डाक्टर के साथ न सिर्फ दुष्कर्म किया गया, वरन उसकी हत्या भी की गई. घटना के बाद जो तथ्य सामने आ रहे हैं उनसे लगता है कि वह अनेक गुप्त बातों की जानकार थी, जो मेडिकल प्रोफेशन में नहीं होनी चाहिए थी. वह इन बातों को उजागर करे, उसके पहले ही उसकी हत्या कर दी गई. केरल देश की संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि क्षेत्रों में देश का ही नहीं वरन् दुनिया में भी सर्वोपरि है. अभी हाल में जाहिर किए गए आंकड़े से पता लगा है कि एक लाख में से 19 माताएं या तो बच्चे के जन्म देने के तुरंत बाद या गर्भावस्था के दौरान मर जाती हैं. यह आंकड़ा अमेरिका से भी आगे है. उसके विपरीत उत्तरप्रदेश में 1 लाख में से 167, मध्यप्रदेश में 173 तथा असम में 195 महिलाएं मृत्यु को प्राप्त होती हैं. शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 100 प्रतिशत आबादी शिक्षित हैं. स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी इसी तरह पूरे देश में केरल सर्वोच्च शिखर पर है. ऐसे प्रदेश में वहां के फिल्म जगत में काम करने वाली महिलाओं ने अपने साथ दुष्कर्म की शिकायत की. उनकी शिकायत के चलते वहां की सरकार ने एक अवकाश प्राप्त हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया. इस आयोग ने वहां की सुप्रसिद्ध अभिनेत्रियों की शिकायत को सुना और यह आयोग इस नतीजे पर पहुंचा कि वहां की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों की शिकायत सही है. इस आयोग की रिपोर्ट 2019 में मुख्यमंत्री को भेजी गई. परंतु किन्हीं कारणों से मुख्यमंत्री ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया. इस बीच उन पर दबाव बढ़ता रहा और इस माह में रिपोर्ट सार्वजनिक की गई. रिपोर्ट सार्वजनिक करने में इतनी देर क्यों हुई? इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अनेक प्रकार के स्पष्टीकरण दिये हैं, जिनमें एक स्पष्टीकरण के अनुसार उनका कहना था कि देरी के लिए आयोग के अध्यक्ष ने स्वयं रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करने का सुझाव दिया था. कारण जो भी हो परंतु मलयालम में बनी फिल्में अद्भुत समझी जाती हैं. इन फिल्मों को बनाने में जिन अभिनेत्रियों का योगदान रहता है उनके साथ इस तरह का व्यवहार केरल को शर्मसार करने वाली घटना है. हमारे देश में इस समय महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अनेक अपराधों की खबरें आ रही हैं. महाराष्ट्र में अभी हाल में जो घटना हुई, उसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती थी. एक स्कूल की 4 साल की दो बच्चियों के साथ उसी स्कूल में काम करने वाले एक कर्मचारी ने दुष्कर्म किया. उसी महाराष्ट्र में कुछ दिनों बाद एक सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना की खबर सामने आई. असम में भी ट्यूशन से घर वापिस आ रही एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई. इसके विरोध में असम में पूरे राज्य में प्रदर्शन हुए, परंतु इस घटना को लेकर वहां के मुख्यमंत्री ने जो प्रतिक्रिया जाहिर की वह चौंकाने वाली है. इस बच्ची के साथ अपराध करने वाला व्यक्ति अल्पसंख्यक पाया गया. इस बात का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में यहां के मूल निवासी अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं. शायद उनका इशारा किसकी ओर है, यह वही बता सकते हैं. अभी हाल में महाराष्ट्र में एक हिन्दू संत ने इस्लाम के पैगंबर के खिलाफ अपमानजनक बातें की. उसकी प्रतिक्रिया में मध्यप्रदेश के छतरपुर नाम के स्थान पर मुसलमानों ने रोष प्रकट किया. थाने का घेराव किया और पुलिसकर्मियों को घायल किया. इस घटना के विरोध में पुलिस और प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की. कार्रवाई के फलस्वरूप एक धनी मुस्लिम के मकान को नेस्तनाबूद कर दिया गया. न सिर्फ मकान को नेस्तनाबूद किया बल्कि जो वाहन वहां थे उनको भी तोड़ डाला. क्या वाहन भी प्रदर्शन में शामिल थे? फिर मकान को नेस्तनाबूद करने के पहले इस बात की भी जानकारी नहीं ली गई उसकी कानूनी स्थिति क्या है. यह भी बताया गया कि इस विशाल मकान के भीतर जो मूल्यवान वस्तुएं थीं जैसे गहने, टीवी, फ्रिज उनका क्या हुआ? यदि मकान गैरकानूनी था तो जब वह बन रहा था तब उसका निर्माण क्यों नहीं रोका गया? इस तरह की घटनाएं मध्यप्रदेश के और स्थानों पर भी हुई हैं और उत्तरप्रदेश में तो बड़े पैमाने पर हो रही हैं.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी इसी तरह पूरे देश में केरल सर्वोच्च शिखर पर है. ऐसे प्रदेश में वहां के फिल्म जगत में काम करने वाली महिलाओं ने अपने साथ दुष्कर्म की शिकायत की. उनकी शिकायत के चलते वहां की सरकार ने एक अवकाश प्राप्त हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया.

## मीडिया में अन्यत्र

# देशव्यापी स्तर पर एक नया यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस

**भारतीय रिजर्व बैंक** एक प्रायोगिक परियोजना के बाद आने वाले समय में देशव्यापी स्तर पर एक नया यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस अथवा यूएलआई जारी करने की तैयारी कर रहा है. इस प्लेटफॉर्म की मदद से अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में ऋण बढ़ाया जाएगा, खासकर कृषि और सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) क्षेत्र में.एक बार क्रियान्वयन होने के बाद इसमें इतनी क्षमता है कि यह ऋण क्षेत्र के परिदृश्य को यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई की तरह बदलकर रख दे. यूपीआई से डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया.हाल ही में 'डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐंड इमर्जिंग टेक्नॉलॉजीज' विषय पर आयोजित आरबीआई@90 ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस बात को रेखांकित किया कि यूएलआई प्लेटफॉर्म विभिन्न डेटा सेवा प्रदाताओं से कर्जदाताओं तक डिजिटल सूचना का अबाध और सहमति आधारित प्रवाह सुनिश्चित करेगा. ध्यान देने वाली बात है कि यूएलआई ढांचा विभिन्न स्रोतों से हासिल सूचनाओं तक डिजिटल पहुंच सुनिश्चित करेगा. इससे कर्जदाताओं को संभावित कर्जदारों की ऋण पात्रता के बारे में सही सूचना मिल सकेगी.यह उम्मीद भी है कि ऋण मंजूरी और वितरण में लगने वाले समय में कमी आएगी. ऋण की अबाध आपूर्ति और बिना गहन दस्तावेजीकरण के सहजता से काम होने से कर्जदारों और कर्जदाताओं दोनों को लाभ होगा. शासन की गुणवत्ता में सुधार करने की एक कोशिश में भारत ने अपनी डिजिटल सार्वजनिक अधोसंरचना (डीपीआई) का सही उपयोग किया है. इसमें जनधन खाते, आधार और मोबाइल फोन के साथ यूपीआई भी शामिल है. यूएलआई देश में डीपीआई के सफर में सबसे नया हिस्सेदार बनने को तैयार है. छोटी कंपनियों द्वारा निजी निवेश को बढ़ाने तथा आम घरेलू खपत को गति देने के लिए भारत को एक विकसित ऋण बाजार की आवश्यकता है. बीते सालों के दौरान ऋण की मांग में निरंतर इजाफा हुआ है. उदाहरण के लिए 2021 और 2022 को मिलाकर देखें तो न्यू टु क्रेडिट (एनटीसी यानी नया ऋण लेने वाले) लोगों की संख्या 6.6 करोड़ रही. इसमें से 67 फीसदी लोग ग्रामीण और अर्द्धशहरी इलाकों से थे. इसके बावजूद आम परिवारों और एमसएमई को ऋण की उपलब्धता सीमित बनी रही.ऋण की मांग और आपूर्ति में लगातार अंतर बना रहा है. इसके पीछे कई वजह हो सकती हैं, मसलन कर्जदारों का ऋण जोखिम प्रोफाइल, जोखिम आकलन के लिए अपर्याप्त आंकड़े, सेवा की ऊंची लागत, खासकर ग्रामीण इलाकों में जहां लोग निजी खपत के लिए कम मूल्य का कर्ज लेते हैं.



**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

## शब्द चर्चा

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**


### सायंकाल/सांयकाल

**शाम** के समय का पर्यायवाची शब्द है सायंकाल. इस शब्द के लिखने में कई बार भिन्नता महसूस की जाती है. कुछ लोग सायंकाल को सांयकाल लिखते हैं तो कुछ लोग सायंकाल. वहीं कुछ लोग सायंकाल भी लिख डालते हैं. अधिकतर लोग इस शब्द का उच्चारण सायम्काल के रूप में ही करते हैं. वहीं कुछ लोग इसका उच्चारण सायंकाल की तरह करते हैं यानी सायं+काल. यह उच्चारण इसलिए गलत है, क्योंकि सायंकाल में य पर चंद्र बिंदु नहीं, अनुस्वार है. सवाल है कि अनुस्वार ही क्यों? चंद्र बिंदु क्यों नहीं? आपको बता दूं कि सायंकाल दो शब्द सायम् और काल की संधि से बना है. इस संधि में 'म्' और 'का' का मेल होता है. स्पष्ट है कि यह व्यंजन संधि है. व्याकरण में व्यंजन संधि के नियम के अनुसार संधि होने पर 'म्' का उच्चारण 'ङ्' हो जाता है, लेकिन एक विशेष स्थिति में. इस नियम के अनुसार सायंकाल का उच्चारण सायङ्काल हो जाता है. वैसे किसी संधि के दौरान 'म्' का उच्चारण हर समय ऐसा नहीं होता, बल्कि इस बात पर निर्भर करता है कि 'म्' के बाद आने वाला वर्ण क्या है? स्पर्श वर्ण, अंतस्थ या ऊष्म. यहां यह भी जान लेना आवश्यक है कि क वर्ग से लेकर प वर्ग तक के वर्ण को स्पर्श वर्ण कहा जाता है. उसके बाद य, र, ल और व अंतस्थ तथा श, ष, स और ह ऊष्म वर्ण कहलाते हैं. 'म्' के आगे स्पर्श वर्ण हो तो 'म्' का बदला विकल्प उसी वर्ग का अनुनासिक होगा. जैसे सम्+कल्प=संकल्प या सङ्कल्प. यानी क वर्ग में से संधि होने पर 'म्' का रूप 'ङ्' के जैसा हो जाता है. इसी प्रकार 'म्' के आगे अंतस्थ या ऊष्म वर्ण हो तो 'म्' सीधे अनुस्वार में बदल जाता है. जैसे सम्+हार=संहार. सवाल है कि सायंकाल शब्द का रूप लिखने और बोलने में कैसे बदलता चला गया? संभव है उच्चारण भ्रम के कारण सायंकाल का उच्चारण पहले सायंकाल हुआ होगा और बाद में 'य' का चंद्र बिन्दु खिसक कर 'सा' पर आ गया होगा. निष्कर्षतः सायंकाल का उच्चारण सायङ्काल ही होगा. अगर कोई इसे सांयकाल या सायम्काल बोलता है या लिखता है तो वह गलत है.

# आग लगाए न लगे, बुझाए न बुझे

• तीर-तुक्का

**डॉ. एसके पाण्डेय**



आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे लाल कवि ने चौथी रोटी बेली, वह भी मुक्त छंद बनी. गोल रोटी बेलना कविता लिखने से ज्यादा कठिन काम है, ऐसा कवि को लगने लगा है. उसे अब निराश हो जाना चाहिए था. लेकिन आदत से लाचार वह अपनी रोटी-रचना से अंदर ही अंदर मुदित है. तवे पर पड़ी पहले वाली रोटी अभी सिंकी नहीं थी इसलिए रुक कर प्रतीक्षा करना आवश्यक हो गया था. जब भी प्रतीक्षा का अवसर आता है लाल कवि को कड़क काली चाय लगती है. चाय नहीं हो तो वह घड़ी देखता है. बार-बार घड़ी देखना प्रतीक्षा को सरल करने का भौतिक उपक्रम है. इस वक्त चाय संभव नहीं थी. उसने टेबल पर पड़ी घड़ी उठाकर अपनी कलाई में बांध ली और टाइम देखा. बार-बार घड़ी देखने के बावजूद समय साठ सेकंड प्रति मिनट की दर से ही कटता है. ऐसे में लाल कवि को नीले आसमान की तरफ देखना अच्छा लगता है. आकाश अनंत है और उसे निहारने से प्रतीक्षा में एक क्लासिक-पुट आ जाता है. बेरोजगारी और मुफलिसी के दिन हैं . कमाऊ होता तो इस वक्त सुंदरियां उसे देखकर कह उठतीं– 'अहा... कवि निहार रहा आकाश! क्यों बैठा मलिन मुख निराश!' यहां दिक्कत यह है कि रसोई घर से आसमान नहीं दिखता है. इसलिए लाल कवि लाचार ने छत को निशाने पर लिया. छत पर एक छिपकली चिपकी थी. भावुक लाल कवि की दृष्टि उसी पर टिक गई. कुछ ही देर हुई थी कि कवि को लगा कि छिपकली मुस्कुरा रही है. फाकामस्ती के चलते बहुत समय से लाल कवि को किसी ने मुस्कुरा कर नहीं देखा था. कालेज के दिनों की पिंक छतरी वाली लड़की याद आ गई. एक रिपिट टेलिकास्ट सा हुआ . शरमा कर कवि ने नजरें नीचे की. तवे पर पड़ी रोटी अभी भी सिंकी नहीं थी. लाल कवि भयंकर संवेदनशील है. शोषण, अन्याय व अत्याचार के खिलाफ ठोक कर कविता लिखते हैं. लोग मानते हैं कि उनकी कविताएं कविता नहीं धधकते हुए अंगारे हैं. लेकिन विडंबना यह है कि हर बार अंगारे 'हलवा-सेरेमनी' के काम आ जाते हैं. बाहर इनका कोई असर नहीं होता है. अब देखिए, खुद उनकी रोटी अभी तक सिंकी नहीं है. पेट में एक अलग तरह की आग है जो धीरे-धीरे बढ़ रही है. सुना है दिल्ली मुंबई जैसे नगरों में दस पंद्रह रुपयों में भरपेट खाया जा सकता है. हालांकि आजकल लेखकों और कवियों को पारिश्रमिक देने का चलन समाप्त हो गया है, किन्तु उसे 'भूत-लेखन' से कुछ मिल जाता है. दिल्ली में अगर तीस चालीस रुपयों में दो वक्त का खाना मिल जाए तो लाल कवि क्रांति कर सकता है. उसे अब समझ में आया कि अर्बन-नक्सल का खतरा होने के बावजूद कवि लेखक अपना गांव-गली छोड़कर दिल्ली क्यों भागे चले आते हैं. पापी पेट भर जाए तो 'गालिब कौन जाए दिल्ली की गलियां छोड़कर'. लाल कवि के दिमाग में अब चालीस रुपये और दो वक्त का खाना पकने लगा था. उसने नज़रें उठा कर देखा छिपकली अभी भी मुस्कुरा रही थी. मूड अच्छा था, कवि ने शिष्टाचारवश मुस्कुरा कर उत्तर दे दिया. छिपकली फौरन शरमा का ट्यूबलाइट की पट्टी के पीछे छुप गई. तवे पर पड़ी रोटी अभी भी सिंकी नहीं थी.

# नामकुम प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव 3 को



संवाददाता। नामकुम

आगामी 3 सितंबर को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के बैनर तले होनेवाले घेराव को लेकर नामकुम प्रखंड अंतर्गत हाहाप पंचायत के कई गांवों के ग्रामीणों के साथ बैठक की गई. बैठक का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने किया. घेराव का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन प्लॉट एंट्री में दिक्कत, म्यूटेशन में जनता से मनमानी वसूली, राजस्व कर्मचारी का पंचायत भवन में नहीं बैठना, विधवा वृद्धा व विकलांग पेंशन समय पर नहीं मिलना, लाल कार्ड धारियों को समय पर राशन नहीं मिलना, स्वास्थ्य के क्षेत्र में पंचायतों में नर्स दीदियों का समय पर नहीं बैठना, क्षेत्र में शिक्षकों की कमी व अन्य मुद्दे शामिल हैं. मौके पर आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, चमु बेक, अनिकेत तिर्की आदि मौजूद थे.

# वन विभाग की बड़ी उपलब्धि : तेंदुए की खाल के साथ तीन गिरफ्तार

वरीय संवाददाता। जमशेदपुर

- वन विभाग की टीम ने ग्राहक बन कर तीनों तस्करों को पकड़ा
- तीन दिनों से डालटनगंज में की जा रही थी छापेमारी

जमशेदपुर वन विभाग की टीम ने तेंदुए की खाल की तस्करी करने के आरोप में डाल्टनगंज से तीन शिकारियों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार तस्कर जाकिर हुसैन, दिनेश्वर यादव और विजय यादव, तीनों पलामू के रहने वाले हैं. इससे पहले विभाग ने सोनारी के अशोक विश्वकर्मा, चाईबासा के साम कुजूर व पिंटू कुजूर को जंगली जानवरों को मारने तथा उसकी खाल की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था.

गिरफ्तार आरोपियों के पास से वन विभाग ने जाल-फांस, जानवरों के खाल, हिरण का सींग, खरगोश की हड्डी, सियोल के दांत के अलावा अन्य वन उत्पाद बरामद किया गया. मामले का खुलासा करते हुए डीएफओ सबा आलम अंसारी ने गुरुवार को बताया कि 15 अगस्त को जंगली जानवरों का शिकार करने के आरोप में सोनारी के अशोक विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया. पूछताछ में उसने डालटनगंज के जंगल में जानवरों का शिकार किए जाने की बात कही. उसकी निशानदेही पर रेंजर दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में तीन दिनों से विभाग की टीम डालटनगंज में छापेमारी कर रही थी. इसी दौरान जानवरों की खाल एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों के साथ तीनों तस्करों को गिरफ्तार किया गया.



गिरफ्तार तस्करों के संबंध में जानकारी देते डीएफओ सबा आलम अंसारी.

## राजस्थान से ली थी शिकार करने की ट्रेनिंग

गिरफ्तार जाकिर हुसैन जानवरों के शिकार का मास्टरमाइंड है. पूछताछ में उसने बताया कि उन लोगों ने राजस्थान से शिकार करने की ट्रेनिंग ली थी. वे लोग जानवरों का शिकार करने के बाद उसकी खाल उतारकर महंगे दाम पर बेचते थे. डाल्टनगंज से तेंदुए का खाल जमशेदपुर लाया गया था. पूछताछ में जाकिर हुसैन ने बताया कि एक शिकारी की पूर्व में मौत हो चुकी है. वहीं, दो तस्कर भागने में सफल रहे.

## खाल को विदेश भेजने की तैयारी में थे तस्कर

कई सालों से डालटनगंज के जंगलों में जंगली जानवरों का शिकार कर रहे थे. तेंदुए का शिकार करने के बाद उसके खाल को विदेश भेजने की तैयारी थी. इससे पहले ही वन विभाग ने खाल को बरामद कर लिया. डीएफओ सबा आलम अंसारी ने बताया कि इन शिकारियों का बड़ा नेटवर्क है. स्थानीय लोग पैसे की लालच में इनकी मदद करते हैं. गिरोह में शामिल अन्य शिकारियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है.

## ब्रीफ खबरें

### बैठक में यात्रा निकालने पर की गई विस्तृत चर्चा

**सिल्ली/मुरी।** झारखंड गठन के उद्देश्य, शहीदों का सपना, आंदोलनकारियों का अरमान और अबुआ दिशुम अबुआ राज स्थापित करने को लेकर जेबीकेएसएस जेएसएसयू के बैनर तले केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में आगामी 1 सितंबर को धरती आबा बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु खूंटी से लेकर शहीद रघुनाथ महतो शहादत स्थल लोटा सिल्ली तक न्याय अधिकार सह झारखंड नवनिर्माण यात्रा करने का निर्णय लिया गया है. यात्रा में पारंपरिक वेश भूषा पारंपरिक हथियार के साथ विभिन्न क्षेत्र से हजारों लोग शामिल होंगे. सिल्ली, सोनाहातू, राहे, बुंडू, तमाड़, अड़की, ईचागढ़, कुकड़ू, नीमडीह, चांडिल प्रखंड में बैठक की गई. उक्त जानकारी नकुल कुमार मुकेश ने दी.

### बच्चों के बीच साइकिल का किया गया वितरण

**ओरमांझी।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय ओरमांझी परिसर में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें अतिथियों ने 123 छात्र-छात्राओं को हेमंत सरकार की ओर से साइकिल का निशुल्क वितरण किया. इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप के सलाहकार रमेश उरांव ने कहा कि हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर दिखने को मिल रही हैं. इस दौरान प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तुलसी खरवार, प्रोफेसर प्रेमनाथ मुंडा, सुरेश प्रसाद साहू, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा कुमारी, रमेश उरांव, रिजवान अंसारी, सरिता देवी, हरिमोहन महतो, परमेश्वर भोक्ता, रशीद अंसारी, नरेश यादव आदि उपस्थित थे.

### सामाजिक बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**मांडर।** प्रखंड के बांसजाड़ी में मूल आदिवासियों की सामाजिक बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए. बैठक में विभिन्न तरह के सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और राजनीतिक मुद्दे पर विचार किया गया. बैठक में ग्रामीणों ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन अबुआ आवास एवं सिंचाई हेतु बिजली की आपूर्ति में हो रही दिक्कतों के बारे में बात की. डॉ. परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर आपकी समस्याओं को हल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा. मौके पर प्रो सोमरा उरांव, फुलदेव कुजूर, मांगरा पहान, कुमारदेव उरांव, मंगरा उरांव, विजय उरांव, जितेंद्र उरांव, परुवा उरांव, बिरसा उरांव, सोमरा उरांव, निरंजन तिग्गा, गोंडा उरांव आदि उपस्थित रहे.

मंत्री दीपिका से विधायक ने किसानों की समस्याएं दूर करने का किया आग्रह

# मांडर और बेड़ो में जल्द ही कोल्ड स्टोरेज चालू होगा

संवाददाता। मांडर/बेड़ो

- कोल्ड स्टोरेज में बिजली की व्यवस्था भी जल्द होगी
- मांडर और बेड़ो में मंत्री का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

कृषि एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में किसानों से जुड़ी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जायेगा. इसके साथ ही मांडर एवं बेड़ो के सरकारी कोल्ड स्टोरेज को जल्द ही चालू करने का प्रयास किया जायेगा. मांडर चौक पर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया. उनके साथ मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी थीं. मांडर प्रखंड के बूढ़ाखोखरा में कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने संवेदक से बातचीत की और सभी तकनीकी समस्याओं की जानकारी लेने के बाद उन्होंने कहा कि जल्द ही समाधान के पश्चात निर्माण कार्यों को पूरा किया जायेगा. इसके साथ ही कोल्ड स्टोरेज में बिजली आदि की व्यवस्था भी अविलंब की जायेगी.



## बेड़ो में कोल्ड स्टोरेज का किया निरीक्षण

मांडर के बाद कृषि मंत्री बेड़ो पहुंची, जहां केशा मोड़ पर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया. केशा मोड़ पर उन्होंने एक कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था को देखा. उसके बाद वह बाजारटांड पहुंची, जहां उन्होंने कोल्ड स्टोरेज को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया. इस अवसर पर शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि मंत्री से अनुरोध किया कि वह मांडर, बेड़ो, इटकी, लापुंग एवं चान्हो क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का अविलंब समाधान करें. भ्रमण के दौरान अल्पसंख्यक ग्रामीण जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर, प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आबिद अंसारी, तबारक खान, शमसुल शेख, सरीता तिग्गा, तेतरी उरांव, अबुजर अंसारी, फारुक खान जबकि बेड़ो में विशेष रूप से प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, मुदस्सिर हक आदि उपस्थित थे.

## भ्रमण कार्यक्रम के दौरान ये रहे उपस्थित

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक ग्रामीण जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर, प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आबिद अंसारी, तबारक खान, शमसुल शेख, सरीता तिग्गा, तेतरी उरांव, अबुजर अंसारी, फारुक खान जबकि बेड़ो में विशेष रूप से प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, मुदस्सिर हक, पंचू मिंज, बुधराम लोहरा, मो. शमसाद, देवनिश तिग्गा, मनकु कुजूर, अशामनी मिंज आदि की उपस्थिति रही.

## कोयला मजदूरों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**डकरा।** सीसीएल एनके एरिया स्थित मोनेट डेनियल कोल वाशरी के मजदूरों ने प्लांट परिसर में गुरुवार को बैठक की. बैठक में मजदूरों ने जोर देकर कहा कि कुछ लोग कंपनी को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं, जिसे वे कभी सफल नहीं होने देंगे. ज्ञात हो कि 26 अगस्त को झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति समीर मोहंती ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और खनन विभाग के अधिकारियों के साथ मोनेट डेनियल कोल वाशरी लिमिटेड का निरीक्षण किया था. इस दौरान अधिकारियों ने कोल परियोजनाओं के पदाधिकारियों और वाशरी के महाप्रबंधक से क्षेत्र के पर्यावरण और प्रदूषण से संबंधित पूछताछ की थी. इसके बाद से वाशरी का संचालन बंद है. मजदूरों का कहना है कि कुछ लोग लगातार वाशरी को बंद करने के प्रयास में लगे हैं, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर संकट उत्पन्न हो गया है. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह साजिश जारी रही तो वे आंदोलन करेंगे. मजदूरों ने अपील की कि सरकार नए उद्योग लगाने का प्रयास कर रही है, जिससे रोजगार सृजन हो, लेकिन कुछ लोग निजी स्वार्थ के कारण इन उद्योगों को बंद कराने पर तूले हैं. उन्होंने सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की ताकि उनका रोजगार सुरक्षित रह सके.

## न्यूज अपडेट

### शोकाकुल परिवारों को मिला 52-52 किलो चावल



**ओरमांझी।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में शोकाकुल परिवारों को विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सह विधायक सलाहकार के द्वारा 52-52 किलो चावल सहयोग के रूप में दिया गया. बता दें कि मृतक जयराम उरांव (60), ग्राम बरवे की महुआ टोली के परिवार, मृतक अमर उरांव (45), ग्राम बरवे आदिवासी टोला, मृतक राजेश नायक (35), ग्राम बरवे बसाती के परिवार को सहयोग के रूप में चावल दिया गया. इस दौरान विधायक के सलाहकार रमेश उरांव, सफीउल्लाह अंसारी खाद, धरमा उरांव, सुखराम उरांव, संगीता देवी, दिगंबर मुंडा आदि उपस्थित रहे.

### ऑक्सब्रीज स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता प्रारंभ



**मांडर।** आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ऑक्सब्रीज स्कूल मांडर में दो दिवसीय इंटर हाउस खेल-कूद प्रतियोगिता प्रारंभ की गई. इसमें स्कूल के चारों हाउस के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसका समापन शुक्रवार को विजेताओं को मेडल एवं ट्राफी प्रदान कर किया जाएगा. प्रतियोगिता का प्रारंभ करते हुए स्कूल की प्राचार्य मिस इवोन ई. एक्का ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए स्कूल के शारीरिक शिक्षक क्रेस्टो सिंह को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया. मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण भी मौजूद थे.

### फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया



**बेड़ो।** प्रखंड के तुतलो मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच नवाटांड बनाम गोरके के बीच खेला गया. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि व बेड़ो के उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने कहा कि फुटबॉल प्रतियोगिता की तरह ही जीवन में भी अगर हम टीम भावना से काम करें तो जीत सुनिश्चित है. बेड़ो प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष परवेज आलम ने कहा कि पढ़ाई के साथ जीवन में खेल भी बहुत जरूरी है. मौके पर परवेज आलम, मुखिया पति कुलदीप, वाहिद अंसारी, रबूल अंसारी, शमीम अख्तर, बबलू, चरकु आदि उपस्थित रहे.

### रेलवे मेंस यूनियन ने महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा



**सिल्ली/मुरी।** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा बुधवार को वार्षिक निरीक्षण करने मुरी जंक्शन पहुंचे थे. इस क्रम में दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन मुरी शाखा के सचिव गुरु पदो महतो ने रेल कर्मियों की समस्याओं के तत्काल एवं सटीक समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा. समस्त रेल कर्मियों के बच्चों को समुचित शिक्षा हेतु केंद्रीय विद्यालय का शीघ्र निर्माण, पारिवारिक सांस्कृतिक एवं सांगठनिक कार्यक्रम हेतु एक सामुदायिक भवन का निर्माण, मुरी में पर्याप्त संख्या में टाइप 2 एवं टाइप 3 क्वार्टरों का निर्माण और साथ ही साथ चहारदीवारी का निर्माण, पुराने रेलवे जंक्शन के पूर्वी छोर में स्थित तालाब जो दूषित हो गया है. उसके साफ सफाई एवं सौंदर्यीकरण, मुरी उत्तर रेलवे फाटक के बदले निर्मित सबवे के बदले जमीनी पटल पर सड़क का शीघ्र निर्माण आदि करने की मांग की.

### चेहल्लुम का जुलूस परंपरागत ढंग से निकाला गया

**इटकी।** इटकी में गुरुवार को सेंट्रल मुहर्रम कमेटी और मुहर्रम समन्वय कमिटी गुलाम टोली के संयुक्त तत्वावधान में चेहल्लुम का जुलूस परंपरागत ढंग से निकाला गया साथ ही अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. जुलूस की शुरुआत बाजार परिसर स्थित मुख्य इमामबाड़ा से की गई. जुलूस में शामिल अखाड़ा धारियों ने अपने खेलों का प्रदर्शन किया. जुलूस में सेंट्रल कमिटी की अगुवाई में मोहर्रम समन्वय कमिटी के अखाड़ाधारी अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए इटकी बाजार टांड़ स्तिथ प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचे जहां पर विभिन्न गांव के अखाड़ा धारियों ने अस्त्र शस्त्र की प्रदर्शन किया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शामिल हुए और प्रतिभागी अखाड़ा धारियों को पुरस्कृत किया. इससे पूर्व अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का उद्घाटन बेड़ो डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर व हिंदू जागरण समिति के अध्यक्ष लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने किया.

# अधिवक्ता हत्याकांड में सहयोग करने वाले दो युवक गिरफ्तार



हत्याकांड में दो युवकों की गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी.

संवाददाता। रांची

सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम में बीते दो अगस्त को अधिवक्ता गोपी कृष्ण की हत्या कर दी गई थी. उसके बाद इस कांड के दोनों अपराधी (रोशन मुण्डा और संदीप कालिन्दी) गिरफ्तार किया गया था. दोनों गिरफ्तार अपराधी के द्वारा बताया कि अधिवक्ता गोपी कृष्णा के हत्या करने के बाद भागने के क्रम में एक देशी कट्टा और गोली खेमलाल कालिन्दी (संदीप कालिन्दी का भाई) को छिपाने के लिए दिये थे, और दोनों अपराधी को भगाने में भी सहयोग किया था. इसके बाद से ही पुलिस खेमलाल कालिन्दी को खोज रही थी. इसी दौरान एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए खेमलाल कालिन्दी सिमडेगा से उसके जीजा के घर से पकड़ा. पूछताछ करने पर बताया गया कि हथियार को अपने घर के पास मुडला पहाड़ में छिपा के रखे है. इसके बाद पुलिस की टीम हथियार को बरामद किया. गुरुवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी.

## ब्राउन शुगर के धंधे का किया गया भंडाफोड़

कोतवाली डीएसपी प्रकाश कुमार सोए के नेतृत्व में एक बड़े ड्रग्स रैकेट का खुलासा किया गया है. पुलिस की छापेमारी में घर के तहखाने में छुपा कर रखे गए 105 पुड़िया ब्राउन शुगर और तीन किलो गांजा बरामद किया गया है. एसएसपी ने बताया कि सूचना थी कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर के रहने वाले पवन कुमार और चिंटू अपने घर से ही ड्रग्स का कारोबार कर रहा है. इसके बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम सिविल ड्रेस में पुलिस पवन कुमार के घर में छापेमारी की गई. पवन ने अपने ही घर में एक छोटा सा तहखाना बनाकर उसमें ब्राउन शुगर और गांजा रखा था.

ओरमांझी प्रखंड की चकला ईदगाह में सद्भाव कार्यक्रम का आयोजन

# बुराई नफरत से नहीं, मोहब्बत से की जा सकती है दूर : असद बारी

संवाददाता। ओरमांझी



## खास बातें

- ओरमांझी में मानवता को दी जाती है प्राथमिकता : शैलेंद्र
- भाईचारा को मजबूत करने के लिए साथ चलना होगा : रजब

जिस समाज में सभी समुदाय जाति धर्म के लोग मिलजुल कर आपसी भाईचारी सद्भाव और एकजुटता के साथ रहते हैं वह समाज खुशहाल होता हैं, और विकास की राह में निरंतर आगे बढ़ता रहता है. उक्त बातें बृहस्पतिवार को ओरमांझी प्रखंड के चकला ईदगाह में आयोजित आपसी सद्भाव कार्यक्रम में बतौर अतिथि मिल्ली उमूर के प्रदेश सेक्रेटरी असद बारी ने कहीं. उन्होंने कहा कि नफरत को नफरत से नहीं मोहब्बत से दूर किया जाता है. आज देश का माहौल ठीक नहीं है, जिसे सभी जाति और धर्म के लोगों मिलजुल कर ठीक करना होगा. समाज में फैल रही बुराई को दूर करने के लिए हर वर्ग को आगे आना होगा. शिक्षाविद प्रोफेसर शैलेंद्र मिश्रा ने अपने संबोधन ने कहा कि ओरमांझी आपसी भाईचारे की मिसाल है, जहां सभी जाति और धर्म के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं. यहां जाति और धर्म को प्राथमिकता नहीं दी जाती है, बल्कि मानवता और सद्भाव को प्राथमिकता दी जाती है. उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वालों को कभी यह प्रखंड पसंद नहीं किया है और न करेगा. वहीं दिल रंजन पहान ने कहा कि चकला गांव सदियों से आपसी भाईचारगी व प्रेम मोहब्बत की अनोखी मिसाल रहा है. यहां सरहुल ईद रामनवी सहित अनेक पर्व सभी समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर मनाते हैं. हम लोग समाज को बंटने नहीं देंगे. वहीं यूनाइटेड मिली फोरम के झारखंड प्रदेश सचिव अफजल अनीश ने कहा कि चुनाव के समय लोग हिंदू मुस्लिम करके वोट लेने का काम करते हैं. हम सभी को ऐसे लोगों से बचते हुए समाज के विकास करने वाले लोगों का साथ देना चाहिए. चकला अंजुमन के सेक्रेटरी हाजी रजब अली ने कहा कि आपसी भाईचारा की डोर को मजबूत बनाने के लिए कदम से कदम मिलाकर चलना होगा, और आने वाले नस्ल को भी आपसी सद्भाव, प्रेम, मोहब्बत का पाठ पढ़ना होगा. एकता मंच के अध्यक्ष मोतीलाल महतो ने कहा कि हम लोग एक हैं और हमेशा एक रहेंगे. कार्यक्रम का संचालन अंजुमन कमेटी के सह सचिव मो.जाबिर अंसारी ने किया. मौके पर मुख्य रूप से चकला अंजुमन के सदर हाजी अबुल हसन अंसारी, चामु नायक, जमात ए इस्लामी के अमीरे मुकामी इसराईल अंसारी, अब्दुल कुदुश अंसारी, हाजी सलाउद्दीन अंसारी, इमामुल हक, सिद्दीक अंसारी, जैनुल आबेदिन, आफ़ताब आलम, समी अहमद, एसआईओ सदर सैफ अहमद, इमाम इफ्तेखार, हाजी बिलाल अंसारी, गुलाब अंसारी आदि मौजूद थे.

कवायद

लापुंग प्रखंड के कई विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

# आरसी प्रावि कुरकुरिया के अध्यक्ष बने अजय लकड़ा

सुनील कुमार गुप्ता। लापुंग



विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के बाद चयनित पदाधिकारी एवं सदस्य.

विद्यालय को सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार संचालित करना एवं बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने सहित विद्यालय में शैक्षणिक माहौल तैयार करने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का दायित्व है. इसके लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए उक्त बातें आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया में विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय लकड़ा ने कहीं. लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल अंतर्गत आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय अकमरोमा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कारुम, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कैलू टोली सहित कई विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया. अभिभावकों की आमसभा में आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया में सर्वसम्मति से अजय लकड़ा को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुन लिया गया. वहीं जुनिता बाड़ा उपाध्यक्ष बनायी गयी, जबकि सुमन लकड़ा को संयोजिका चुन लिया गया. बैठक का पर्यवेक्षण सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता ने किया. चुने गए सदस्यों में सुनीता टोप्पो, बंधना उरांव, मीना खलखो, पैकस टोप्पो, रेमनी उराईन, मतियस लकड़ा, मालती एक्का, दिलीप खाखा, मनोरमा लकड़ा, बिरसा उरांव एवं किरण उरांव शामिल हैं. पंचायती राज प्राधिकार से वार्ड सदस्य अनास्तासिया टोप्पो, बाल संसद के प्रधानमंत्री साहिल लकड़ा, संयोजक के रूप में प्रधान शिक्षिका उषा सरोजिनी मिंज एवं सहायक शिक्षिका के रूप में कुमारी फूलमणी मिंज का चयन किया गया. सभा की अध्यक्षता जुनिता बाड़ा एवं संचालन विद्यालय की प्रधान शिक्षिका उषा सरोजिनी मिंज ने की. इस मौके पर वार्ड सदस्य अनास्तासिया टोप्पो, दिलीप खलखो, राम लकड़ा, सोमा उरांव, एरोन तिग्गा, मनोज कच्छप, रिमिश टोप्पो, सुकरमणी उरांव, किरण उरांव, रोशमा पौलिना एक्का फूलमणी उरांव आदि मौजूद थे. राजकीय प्राथमिक विद्यालय अकमरोमा में विद्यालय के प्रधान शिक्षक हफिन्द्र प्रधान के संचालन में अभिभावकों की बैठक आयोजित कर विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया. उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कैलूटोली में भी बैठक के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया.

बेड़ो दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक में आयोजन पर की गई चर्चा

# भव्य व विशाल बनेगा दुर्गा पूजा पंडाल

संवाददाता। बेड़ो



बेड़ो में दुर्गा पूजा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी. उक्त बातें बेड़ो दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक के दौरान दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष साधन कुमार राय ने कहीं. वहीं कोषाध्यक्ष अंकित कुमार सोनी ने कहा कि इस बार दुर्गा पूजा का भव्य एवं विशाल पंडाल बनाया जाएगा. उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा हम सभी का सामूहिक दायित्व है. हमें पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए. उन्होंने कहा कि इस वर्ष श्री राधे कृष्ण यूथ संगम के कार्यकर्ताओं का भी विशेष सहयोग रहेगा. बैठक के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष आकाश रक्षित एवं शशि गोप, उपाध्यक्ष परना महतो, आलोक देवघरिया, शिवेंद्र सौरभ, अजय गुप्ता, संजीव दुबे सचिव उमेश महतो, सह सचिव मुकेश कुमार राय कोषाध्यक्ष अंकित कुमार सोनी, संरक्षक सौमित्र शर्मा, वाणी कुमार राय, सुरेश सोनी, प्रकाश सिंह, रंजीत खत्री, राजेंद्र रौनियार, महावीर गोप, मुन्ना बडाईक सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे. मुन्ना बडाईक ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने बेड़ो में दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया. हमें उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है. बैठक के दौरान बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम को भी पूरी भव्यता के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया गया. बैठक के दौरान डॉ सुदामा वर्मा, रोशन सोनी, पार्थ सोनी, रोहन सेठ, संतोष दास सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे.

## पेरिस पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह में दिखी आकर्षक छटा, अपने-अपने देशों के राष्ट्रीय ध्वज के साथ खिलाड़ी उतरे मैदान में







**पेरिस पैरालंपिक का आगाज : ढलते सूरज की मद्धम रोशनी में हुआ रंगारंग उद्घाटन समारोह**

# नितेश-तुलसीमति की जीत से शुरुआत

भाषा। पेरिस



नितेश कुमार-तुलसीमति मुरूगेसन



ज्योति गडेरिया

भारत के नितेश कुमार और तुलसीमति मुरूगेसन ने हमवतन सुहास यथिराज और पलक कोहली को (एसएल 3 . एसयू 5) के ग्रुप चरण के पहले मैच में हराया

पेरिस पैरालंपिक के पहले दिन गुरुवार को भारत के नितेश कुमार और तुलसीमति मुरूगेसन ने हमवतन सुहास यथिराज और पलक कोहली को पैरालंपिक खेलों में बैडमिंटन मिश्रित युगल (एसएल 3 . एसयू 5) के ग्रुप चरण के पहले मैच में हराया. नितेश और तुलसीमति ने ग्रुप ए का यह मुकाबला 31 मिनट में 21-14, 21-17 से जीता.हरियाणा के करनाल के रहने वाले 29 वर्ष के नितेश और तमिलनाडु की तुलसीमति ने हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था. एसएल 3 खिलाड़ियों के शरीर के एक हिस्से में विकृति होती है, जबकि एसयू 5 खिलाड़ियों के शरीर के ऊपरी हिस्से में विकृति होती है.

**भारत की अरुणा तंवर पैरालंपिक ताइक्वांडो के राउंड 16 में हारीं :** भारत की अरुणा तंवर को गुरुवार को यहां पेरिस पैरालंपिक की ताइक्वांडो स्पर्धा में महिला के 44-47 किग्रा वर्ग के राउंड 16 मुकाबले में तुकी की नुरसिहान एकिंसी से 0-19 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी. अरुणा तुर्की की अपनी प्रतिद्वंद्वी की कोई बराबरी नहीं कर सकीं, जिन्होंने पांच मिनट के राउंड में अपनी इच्छानुसार अंक जुटाये. इस दौरान भारतीय खिलाड़ी ने एक पेनल्टी अंक भी गंवाया. के44 वर्ग में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके एक हाथ में कोहनी के ऊपर की विकलांगता होती है. पैरा ताइक्वांडो को 2021 में तोक्यो पैरालंपिक के दौरान शामिल किया गया था.

**साइकिलिस्ट ज्योति गडेरिया 10वें स्थान पर रहीं :** भारत की ज्योति गडेरिया पैरालंपिक की महिलाओं की सी1-3 3000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट साइकिलिंग स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में 10वें और अंतिम स्थान पर रहकर बाहर हो गईं. ज्योति ने 3000 मीटर की दूरी तय करने में चार मिनट 53.929 सेकेंड का समय लिया जिससे वह 10वें स्थान पर रहीं. चीन की वांग जियाओमेई (3:44.660) और ब्रिटेन की डाफने श्रागर (3:45.133) क्वालीफाइंग दौर में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहीं जिससे अब दोनों स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगी. जर्मनी की मैके हॉसबरगर और स्विट्जरलैंड की फ्लूरिना रिगलिंग क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं जिससे दोनों के बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला होगा.

**चार घंटे चला समारोह :** ओलंपिक की मेजबानी के चंद हफ्ते बाद ही पेरिस में करीब चार घंटे तक शहर के बीचोंबीच चले उद्घाटन समारोह के साथ ही खेलों में जीवट और जिजीविषा की बानगी पेश करते पैरालंपिक का आगाज हुआ. ढलते सूरज की मद्धम रोशनी में हजारों खिलाड़ियों ने चैम्प्स एलिसीस एवेन्यू से प्लेस डे ला कोंकोर्ड तक चली देशों की परेड में हिस्सा लिया जहां फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युअल मैकरोन ने पैरालम्पिक खेलों की आधिकारिक शुरुआत की घोषणा की. ऐतिहासिक चौक के आसपास बनाई दीर्घाओं से करीब 50000 लोगों ने उद्घाटन समारोह देखा. आठ सितंबर तक चलने वाले इन खेलों में 22 विधाओं में 4000 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं.

**पेरिस पैरालंपिक में 4,000 से अधिक एथलीट प्रतियोगिता में भाग लेंगे**

## सुमित व भाग्यश्री ने की भारतीय दल की अगुवाई

भाषा। पेरिस

**आठ सितंबर को होगा समापन समारोह**



भालाफेंक सितारे सुमित अंतिल और शॉटपुट खिलाड़ी भाग्यश्री जाधव ने चैम्प्स एलिसीस एवेन्यू से शुरू होकर प्लेस डे ला कोंकोर्ड तक चार घंटे तक चले पैरालंपिक खेल उद्घाटन समारोह में भारतीय दल की अगुवाई की. फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युल मैकरोन ने खेलों की शुरुआत की घोषणा की.

भारत ने पैरालंपिक खेलों के इतिहास में अपना सबसे बड़ा 179 सदस्यीय दल भेजा है जिसमें 12 खेलों के 84 खिलाड़ी शामिल है. टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले अंतिम और चीन के एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीतने वाली भाग्यश्री भारतीय दल के ध्वजवाहक थे. उद्घाटन समारोह विविधता, लचीलापन और प्रतिस्पर्धा की भावना को समर्पित था और इसमें ऐसे प्रदर्शन शामिल थे, जो फ्रांसीसी संस्कृति और दृढ़ संकल्प और समानता के पैरालंपिक खेलों के मूल्यों की बानगी देते हैं. भारत ने खेलों के पिछले संस्करण में पांच स्वर्ण सहित 19 पदक जीते थे और इस बार दोहरे अंकों में स्वर्ण पदक जीतकर इस संख्या को कम से कम 25 तक ले जाने की उम्मीद है. टीम में कई दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं जिनमें राइफल निशानेबाज अवनी लेखरा (10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1) भी हैं जो तोक्यो में पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाली पहली महिला बनीं. अन्य पोडियम दावेदारों में पैरा-तीरंदाज शीतल देवी शामिल हैं, जो अपने पैरों से निशाना लगाती हैं क्योंकि वह बिना हाथों के पैदा हुई थीं. सुरंग विस्फोट से बचे होकाटो सेमा (शॉट पुटर) और नारायण कोंगनापल्ले (नौकायन खिलाड़ी)भी पदक उम्मीदों में हैं. भारत ने हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में 29 स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे. विभिन्न शारीरिक और बौद्धिक विकलांगता वाले 4,000 से अधिक एथलीट इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे जिसका समापन आठ सितंबर को होगा. अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स ने अपने भाषण में कहा, पेरिस 2024 पैरालंपिक खेल दिखाएंगे कि जब सफलता की बाधाओं को हटा दिया जाता है, तो विकलांग व्यक्ति उच्चतम स्तर पर क्या हासिल कर सकते हैं.

## विंबलडन चैंपियन क्रेसिकोवा यूएस ओपन से बाहर

एजेंसी। न्यूयॉर्क



विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेसिकोवा अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में एलेना गैब्रियेला रूसे से 4-6, 5-7 से हारकर बाहर हो गयीं. आठवीं वरीयता प्राप्त क्रेसिकोवा ने पेरिस ओलंपिक के बाद कोई मैच नहीं खेला था. रूसे का सामना अब 26वीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की टेलर टाउनसेंड को 6-3, 7-5 से मात दी. किसी महिला खिलाड़ी ने 2012 में सेरेना विलियम्स के बाद एक ही साल में विंबलडन और अमेरिकी ओपन खिताब नहीं जीते हैं. पुरुष वर्ग में फ्रांसिस टियाफो ने 32 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच अलेक्जेंडर शेवचेंको के खिलाफ पहले दो सेट जीत लिये, लेकिन तीसरे सेट के पहले गेम में शेवचेंको ने कोर्ट छोड़ दिया. वहीं 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने रॉबर्टो बतिस्ता एगुट को 6-3, 6-4, 6-4 से हराया. अब उनका सामना टियाफो से होगा, जिन्हें पिछले साल उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हराया था. अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने मातेओ बेरेतिनी को 6-3, 7-6, 6-1 से मात दी, जबकि ब्रेंडन नाकाशिमा ने आर्थर काजाक्स को हराया और अब उनका सामना 18वीं वरीयता प्राप्त लोजेंजो मुसेत्ती से होगा. जिरि लेहेका ने मिचेल क्रूगर को 6-7, 0-6, 6-4, 6-4, 7-5 से हराया. अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा, जिन्होंने आर्थर रिंडरनेश को 4-6, 5-7, 6-1, 6-2, 6-2 से हराया. महिला वर्ग में गत चैम्पियन कोको गाफ टी मारिया को 6-4, 6-0 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गई. अब उनका सामना 27वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा. अमेरिका की मेडिसन कीस ने माया जोइंट को 6-4, 6-0 से मात दी. अब उनका सामना एलिसे मर्टेंस से होगा, जिन्होंने एला टोमजानोविच को 6-3, 6-2 से हराया.



### यूएस ओपन : नोवाक जोकोविच तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** गत चैंपियन नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए, जब सर्बिया के ही लास्लो जेरे ने तीसरे सेट में चोटिल होने के बाद कोर्ट छोड़ दिया. जोकोविच पूरे मुकाबले में अपनी सर्विस पर जूझते नजर आये. उन्होंने बाद में कहा भी कि अगर लास्लो चोटिल नहीं होते तो शायद वह हार भी सकते थे. वह 6-4, 6- 4, 2-0 से आगे थे, जब लास्लो पीछे हट गए. जोकोविच की अमेरिकी ओपन में यह 90वीं जीत थी. अब उनका सामना शुक्रवार को 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सेइ पोपिरिन से होगा.



### न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच नियुक्त किये गये जैकब ओरम

**ऑकलैंड ।** न्यूजीलैंड ने पूव तेज गेंदबाज जैकब ओरम को मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में भारत में होने वाली तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया. न्यूजीलैंड के लिए तीन वनडे और चार टी20 विश्व कप खेल चुके 46 वर्षीय ओरम सात अक्टूबर को जिम्मेदारी संभालेंगे. न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ बेंगलुरु में 16 से 20 अक्टूबर तक श्रृंखला का पहला टेस्ट मैच खेलेगी, जिसके बाद पुणे (24 से 28 अक्टूबर) और मुंबई (एक से पांच नवंबर) में टेस्ट खेले जायेंगे. हाल में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्व कप के दौरान ओरम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच रहे थे.

### आफरीदी को दूसरे टेस्ट में नहीं मिली जगह

**रावलपिंडी ।** शाहीन आफरीदी को बांग्लादेश के खिलाफ रावलपिंडी में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए पाकिस्तान की टीम में जगह नहीं मिली है. हालांकि पाकिस्तान के मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने 'ड्रॉप' शब्द का उपयोग नहीं किया, लेकिन कहा कि आफरीदी अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं. पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट के एक दिन पहले 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की है.

## मांडविया, जफर इकबाल ने मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी

**राष्ट्रीय खेल दिवस**

भाषा। नयी दिल्ली



खेलमंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान जफर इकबाल ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर यहां मेजर ध्यान चंद को श्रद्धांजलि दी. स्वतंत्रता पूर्व लगातार तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद का जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है. मांडविया ने यहां नेशनल स्टेडियम पर ध्यान चंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये .

उन्होंने पीटीआई वीडियो से कहा, राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर हम मेजर ध्यान चंद को उनकी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि जो खेलेगा, वह खिलेगा. उन्होंने कहा, देश के नागरिकों को फिट और स्वस्थ रहना है ताकि स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें. ऐसा समाज राष्ट्र निर्माण में मदद करता है. हमें 2047 तक विकसित भारत बनाना है, जिसमें सभी नागरिक स्वस्थ हों. स्वस्थ रहने के लिए खेलना जरूरी है. हर किसी को एक घंटे अपनी पसंद का खेल खेलना चाहिए. मैं भी अपना पसंदीदा खेल फुटबॉल खेलूंगा. जफर इकबाल ने पेरिस ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा, हमें खेलों के उत्थान के लिए काफी मेहनत करनी है. पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है. उन्होंने कहा, हम बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं. देश में खेल संस्कृति पैदा हो रही है, जो बड़ी उपलब्धि है. सरकार खेलों पर काफी पैसा खर्च कर रही है.

मुझे उम्मीद है कि भविष्य में प्रदर्शन और अच्छा होगा. उन्होंने लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम की तारीफ करते हुए कहा, यह हमारे लिये स्वर्ण पदक की तरह है. इससे युवाओं को हॉकी खेलने की प्रेरणा मिलेगी. अब पीआर श्रीजेश टीम में नहीं हैं, लेकिन हमें उनके जैसा गोलकीपर तैयार करना होगा.

### खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर



महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी सरकार खेलों को बढावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि अधिक से अधिक युवा खेलों में अपनी चमक बिखेरें. प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं. आज हम मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि दे रहे हैं. यह उन सभी को बधाई देने का अवसर है, जिन्हें खेलों का जुनून है और जो भारत के लिए खेले हैं. उन्होंने कहा, हमारी सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है. हम यह भी सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध हैं कि अधिक से अधिक युवा खेलें और खेलों में अपनी चमक बिखेरें. राष्ट्रीय खेल दिवस हर वर्ष 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर मनाया जाता है.

## बालाजी और युकी अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** भारत के युगल खिलाड़ियों एन श्रीराम बालाजी और युकी भांबरी ने अमेरिकी ओपन पुरुष युगल वर्ग में अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ पहले दौर के मुकाबले जीत लिये हैं. बालाजी और अर्जेंटीना के गुइडो एंड्रियोजी ने न्यूजीलैंड के मार्कस डेनियल और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला को 5-7, 6-1, 7-6 से हराया. युकी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती ने स्थानीय वाइल्ड कार्डधारी रियान सेजेरमैन और पैट्रिक टी को 6-3, 6-4 से मात दी. अब उनका सामना अमेरिका के आस्टिन क्राइसेक और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर से होगा.



## शाहरुख का 3000 मीटर स्टीपलचेस में राष्ट्रीय रिकॉर्ड

भाषा। लीमा

**विश्व अंडर 20 : विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में**



भारत के शाहरुख खान ने 3000 मीटर स्टीपलचेस में राष्ट्रीय अंडर 20 रिकॉर्ड तोड़कर अपनी हीट में छठे स्थान पर रहते हुए विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया. 18 वर्ष के शाहरुख ने आठ मिनट 45:12 सेकंड का समय लेकर अपनी हीट में छठा स्थान हासिल किया. फाइनल 31 अगस्त को होगा. दोनों हीट में से शीर्ष आठ खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई है. इससे पहले अंडर 20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड राजस्थान के 19 वर्ष के राजेश के नाम था, जिन्होंने मई में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर चैंपियनशिप में चौथा स्थान हासिल करके आठ मिनट 50:12 सेकंड का समय निकाला था. खान का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन आठ मिनट 51:75 सेकंड का था, जब उन्होंने पिछले साल जून में कोरिया में एशियाई अंडर 20 चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था.

### विल पुकोवस्की ने क्रिकेट से विदा ली

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने लगातार सिर में चोट और कनकशन (सिर में चोट के कारण अचेत होना) की घटनाओं के बाद सिर्फ 26 वर्ष की उम्र में क्रिकेट को अलविदा कह दिया. चिकित्सा विशेषज्ञों की पैनल के सुझाव के बाद उन्होंने रिटायर होने का फैसला किया. 9 न्यूज मेलबर्न ने गुरुवार को यह जानकारी दी.

**सम्मान** **क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर के शुरुआती कोच रहे हैं आचरेकर**

# आचरेकर की याद में स्थापित होगी स्मारक, लगेगी प्रतिमा

एजेंसी। नयी दिल्ली





'गॉड ऑफ क्रिकेट' के नाम से मशहूर पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बचपन के कोच रहे रमाकांत आचरेकर को समर्पित एक स्मारक बनाया जाएगा और इस खास प्रस्ताव को महाराष्ट्र सरकार ने मंजूरी दे दी है. सचिन तेंदुलकर ने भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए महाराष्ट्र सरकार के एक खास फैसले की सराहना की. आचरेकर ने तेंदुलकर और कई अन्य भारतीय खिलाड़ियों को उनके बचपन के दौरान मुंबई के प्रसिद्ध क्रिकेट केंद्र में कोचिंग दी थी. सचिन ने सरकार के इस फैसले पर अपनी खुशी व्यक्त की है. उन्होंने एक्स पर लिखा, आचरेकर सर का मेरे और कई अन्य लोगों के जीवन पर बहुत प्रभाव रहा है. मैं उनके सभी छात्रों की ओर से बोल रहा हूं. उनका जीवन शिवाजी पार्क में क्रिकेट के इर्द-गिर्द घूमता था. शिवाजी पार्क में हमेशा रहना ही उनकी इच्छा रही होगी. मैं आचरेकर सर की कर्मभूमि पर उनकी प्रतिमा बनाने के सरकार के फैसले से बहुत खुश हूं.महाराष्ट्र सरकार ने एक सरकारी प्रस्ताव (जीआर) जारी किया, जिसमें शिवाजी पार्क में गेट नंबर 5 के पास आचरेकर की याद में एक स्मारक स्थापित करने की अनुमति दी गई. प्रतिमा की ऊंचाई छह फीट होगी और इस प्रस्ताव को महाराष्ट्र सरकार के शहरी विकास विभाग ने मंजूरी दे दी है. प्रस्ताव के अनुसार, स्मारक का रखरखाव बी वी कामथ मेमोरियल क्रिकेट क्लब द्वारा किया जाएगा तथा राज्य से कोई वित्तीय सहायता नहीं ली जाएगी.

## तीन पाक हॉकी खिलाड़ियों पर आजीवन प्रतिबंध

भाषा। लाहौर



पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) की जानकारी के बिना जाने और यूरोपीय देश में शरण मांगने के प्रयास के लिए पाकिस्तान के तीन हॉकी खिलाड़ियों और एक फिजियो पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है. पीएचएफ के महासचिव राणा मुजाहिद ने बृहस्पतिवार को पुष्टि की कि मुर्तजा याकूब, इहतेशाम असलम और अब्दुर रहमान फिजियोथेरेपिस्ट वकास के साथ पिछले महीने नेशन्स कप के लिए नीदरलैंड और पोलैंड गए थे. मुजाहिद ने कहा, जब टीम स्वदेश लौटी और हमने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए ट्रेनिंग शिविर की घोषणा की तो इन तीनों ने हमें सूचित किया कि घरेलू मुद्दों के कारण वे शिविर में शामिल नहीं हो पाएंगे. उन्होंने कहा, पर बाद में हमें पता चला कि वे टीम को जारी किए गए उसी शेंगेन वीजा पर एक बार फिर हालैंड चले गए थे और उन्होंने वहां राजनीतिक शरण मांगी थी. मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान के लिए यह निराशाजनक प्रकरण है जिससे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए यूरोपीय देशों के वीजा के लिए आवेदन करना मुश्किल हो जायेगा.

## ब्रीफ खबरें

### भाई ने भाई की चाकू से गोद कर की हत्या

**भागलपुर ।** जिले के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर में गुरुवार को एक भाई ने ही चाकू से गोदकर अपने भाई की हत्या कर दी. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई मोजाहिदपुर थाना पहुंचा और वहां पुलिस के पास अपनी जुर्म को कबूल कर लिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि दोनों भाई में आपसी तनाव नहीं था. आए दिन दोनों भाई के बीच विवाद होते रहता था. इसी विवाद में छोटा भाई ने घटना को अंजाम दिया.

### आपसी विवाद में पति ने कर ली खुदकुशी

**अररिया ।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के राम मनोहर लोहिया पथ वार्ड संख्या 7 में पति पत्नी के बीच हुए आपसी विवाद के बाद पति ने कमरे में बंद होकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली.घटना बीती रात की है. पुलिस ने बुधवार की देर रात को ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुरुवार को अररिया सदर अस्पताल भिजवाया. मृतक कुलदीप साह स्वर्गीय उपेंद्र प्रसाद साह का पुत्र है. जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच रोजाना झगड़ा होता था और बीती बुधवार रात को भी झगड़ा हुआ. जिसके बाद कुलदीप ने अपनी पत्नी और बच्चे को कमरे से बाहर निकाल दिया और गेट बंद कर दिया.

### सारण जिला परिषद अध्यक्ष की कुर्सी गई

**छपरा ।** सारण जिला परिषद अध्यक्ष जयमित्रा देवी की कुर्सी चली गई है. उनके विरुद्ध लगा अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया है. अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 29 मत एवं विपक्ष में 18 मत पड़े. कुल 47 सदस्य सदन में उपस्थित थे. सारण जिला परिषद की अध्यक्ष जयमित्रा देवी की याचिका को खारिज करते हुए पटना हाईकोर्ट ने सारण के डीएम को निर्देश दिया कि वे सारण जिला परिषद की अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए डेट फिक्स करें. इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष सहित सभी 47 सदस्य उपस्थित हुए.

#### दादा के अंतिम संस्कार के बाद नदी में गए थे स्नान करने

# नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत, एक को बचाने में दोनों डूबे

संवाददाता । पूर्णिया



घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

पूर्णिया में दादा के अंतिम संस्कार के दौरान नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई. मौके पर मौजूद गोताखोरों ने उनके शव को निकाल लिया है. मौत के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ हुआ है. सूचना पर घटनास्थल पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटना नवगछिया थाना क्षेत्र के महादेवपुर घाट की है. मृतक की पहचान रुपौली प्रखंड स्थित मोहनपुर थाना क्षेत्र के नकडहरी गांव निवासी अर्जुन शर्मा के 16 वर्षीय पुत्र तूफानी कुमार और सुनील शर्मा के 12 वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार के रूप में हुई है.

**दोनों तैरना नहीं जानते थे :** पूर्व मुखिया संजय मंडल ने बताया कि वे नकडहरी गांव के मुनि शर्मा के अंतिम-संस्कार में शामिल होने महादेवपुर घाट गए थे. अंतिम-संस्कार के बाद पियुश कुमार (15) और तूफानी कुमार शर्मा (12) गंगा नदी के किनारे स्नान करने गए. अचानक पियुश का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया. पीयूष के गहरे पानी में जाते ही तूफानी शर्मा उसे बचाने आगे बढ़ा, तबतक वह भी गहरे पानी में चला गया और दोनों तैरना नहीं जानने के कारण एक-दूसरे से लिपट गए तथा गहरे पानी में समा गए.

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल :** धर, दोनों को डूबते देख लोग शोर मचाने लगे. शोर सुनकर घाट किनारे झोपड़ी बनाकर रहनेवाले एक गोताखोर दौड़ता हुआ आया तथा उन्हें बचाने के लिए गहरे पानी में उतरा, परंतु काफी खोजबीन के बाद उसे निकाला गया, परंतु तबतक दोनों की मौत हो चुकी थी. उनके शव निकलते ही ग्रामीणों सहित सभी स्वजनों में चीत्कार मच गया. महादेवपुर घाट से लेकर नकडहरी गांव तक स्वजनों के चित्कार से पूरा गांव शोक में डूब गया है. सूचना पर नवगछिया थाना पुलिस दोनों किशोर की लाश को भागलपुर में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया.

#### गोपालगंज में पांच किशोरियां नहर में डूबीं

### तीन को ग्रामीणों बाहर निकाला, दो लापता

**गोपालगंज ।** गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के लाछ्पुर गांव से होकर गुजरी नहर में बुधवार की देर शाम नहाने गयीं पांच किशोरियां डूब गयीं. ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीन किशोरियों को बाहर निकालने में कामयाबी पायी. वहीं दो किशोरी अभी भी लापता हैं. सूचना मिलने पर गोपालपुर थाने की पुलिस टीम पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से किशोरियों की तलाश शुरू कर दी. लापता दोनों किशोरियां लाछ्पुर गांव के दिलीप खरवार की पुत्री शशिबाला कुमारी तथा श्यामदेव गोंड की पुत्री छठी कुमारी बतायी जा रही हैं. वहीं इस घटना में सद्दाम हुसैन की पुत्री मन्नत परवीन, कमलेश पटेल की पुत्री शिवानी कुमारी तथा भुटेला चौहान की पुत्री चांदना कुमारी को ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद सुरक्षित बचा लिया है.

### केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा छह सितंबर को पहुंचेंगे पटना

**पटना ।** केन्द्रीय स्वास्थ्यमंत्री जेपी नड्डा सितंबर के पहले हफ्ते बिहार के दौरे पर पहुंच रहे हैं . केंद्रीय मंत्री बनने के बाद उनकी यह पहली बिहार यात्रा होगी. वो 6 सितंबर को दो दिवसीय बिहार प्रवास पर राजधानी पटना पहुंचेंगे. वो दो दिनों में चार अस्पतालों का उद्घाटन करेंगे. केंद्रीयमंत्री नड्डा आईजीआईएमएस नेत्र अस्पताल सहित चार मेडिकल कॉलेज अस्पतालों के सुपर स्पेशयिलिटी ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे. उनके अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेने की संभावना है. नड्डा सबसे पहले आईजीआईएमएस के आई हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे. पटना के बाद वह भागलपुर में 200 बेड के सुपर स्पेशलियलिटी ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे.

#### अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खां बोले-

## वक्फ की भूमि पर बनेगा अल्पसंख्यक विद्यालय

संवाददाता । कटिहार

कटिहार जिला में कटिहार सदर प्रखंड अन्तर्गत मौजा सिरनिया में वक्फ संख्या 1505 जाफरगंज की 4.32 एकड़ भूमि पर अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजना का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है. विभागीय निदेशानुसार उक्त भूमि का लीज एग्रीमेंट कराकर विभाग को अग्रेतर कार्रवाई हेतु उपलब्ध करा दिया गया है. उक्त जानकारी बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खां ने गुरुवार को जिला अतिथि गृह में दी. उन्होंने बताया कि वर्तमान में दरभंगा एवं किशनगंज जिले में इसी सत्र से पढ़ाई चालू हो रही है, जिसके नामांकन के लिए अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभावान छात्र व छात्राएं जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय कटिहार में भी 05 सितंबर तक आवेदन भरकर जमा कर सकते हैं.

मंत्री ने कहा कि वक्फ विकास योजनान्तर्गत बहुउद्देशीय भवन कटिहार जिले से वक्फ स्टेट संख्या-2793 मजार पीरोत्तर, कदवा प्रखंड कदवा का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है. बिहार राज्य मदरसा सुढ़ीकरण योजना अन्तर्गत मदरसा में आधारभूत संरचनाएं जैसे अतिरिक्त वर्ग कक्ष, स्मार्ट क्लास रूम, शौचालय एवं लाइब्रेरी आदि का निर्माण कार्यकारी एजेंसी द्वारा कराया जाता है.

#### दलदल में फंसे मवेशी को निकालने के दौरान बड़ा हादसा

## करंट लगने से दो लोगों की मौत

- घटना को लेकर मृतक के घर में कोहराम मच गया

संवाददाता । पूर्णिया



जिले के निर्मली थाना इलाके में एक ही परिवार को दो लोगों की मौत हो गई. मृतक की पहचान निर्मली थाना क्षेत्र के बेलासिंगारमोती वार्ड 1 निवासी राजेंद्र मंडल के 16 वर्षीय पुत्र जय प्रकाश मंडल और 19 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश मंडल के रूप में हुई है. जय प्रकाश 11वीं और ओम प्रकाश 12वीं पास है. बताया जा रहा है कि चारा खिलाकर लौटने के दौरान कोसी नदी के दलदल में राजेंद्र मंडल का मवेशी फंस गया था. राजेंद्र मंडल और उसके तीन पुत्र सहित अन्य लोग मवेशी को दलदल से निकालने गए थे. जहां बगल के खेत में धारा प्रवाहित बिजली तार के संपर्क में दो छात्र आ गए, उसे बचाने के क्रम में तीसरा भाई भी करंट की चपेट में आ गया. इधर, घटना को लेकर मृतक के घर में कोहराम मच गया है. वहीं, निर्मली थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि बिजली करंट से दो छात्र की मौत हुई है. तीसरा जख्मी खतरे से बाहर है, निर्मली अनुमंडलीय अस्पताल में दो छात्रों को लाया गया था. जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर के द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया गया. पुलिस प्रक्रिया के बाद दोनों मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया गया है. वही तीसरे का अस्पताल में ही उपचार जारी है.

#### जहानाबाद में बोले जदयू प्रदेश अध्यक्ष

## तेजस्वी खुद भ्रष्टाचारी हैं वो सीएम पर न कुछ बोलें

**जहानाबाद ।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए बोला कि वो अपने किए हुए कार्य पर नहीं बोल रहे हैं. वह सरकार पर बोल रहे हैं, ट्रांसफर पोस्टिंग पर बोल रहे हैं, जबकि हकीकत है कि तेजस्वी यादव खुद भ्रष्टाचारी हैं और भ्रष्टाचार का कई आरोप उन पर है. भ्रष्टाचार के मामले में हुए जमानत पर चल रहे हैं. ऐसी स्थिति में हमारे नेता नीतीश कुमार पर बोलने का उनका कोई हक नहीं है. प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने आगे बताया कि जितने दिनों से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री का पद संभाल रहे हैं, उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है. यही कारण है कि पिछले लोकसभा चुनाव में बिहार में एनडीए को 40 में से 30 सीट मिली. उन्होंने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव अरबों रुपये की जो संपत्ति अर्जित किए हैं, वह कहां से आई है.

### दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस को बनाया बंधक

**पूर्णिया ।** पूर्णिया में दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंचे दिल्ली पुलिस को स्थानीय लोगों ने बंधक बना लिया. इतना ही नहीं उनके साथ मारपीट भी की. लोगों का आरोप है कि दिल्ली पुलिस की टीम ने बिना स्थानीय पुलिस की अनुमति के ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने की कोशिश की. घटना पूर्णिया के कसबा स्थित गुदड़ी बाजार में हुई. बताया जा रहा है कि जहां दिल्ली पुलिस की टीम दुष्कर्म के आरोपित विक्की ठाकुर को पकड़ने आई थी. टीम ने गलती से कृष्णा चौधरी के घर में घुस गई.

#### डीजीपी आरएस भट्टी बनाए गए सीआईएसएफ के डीजी

## दलजीत सिंह चौधरी को बीएसएफ की कमान

- कुछ दिन पहले तेजस्वी ने डीपीजी भट्टी की बेबसी भी बयां की थी

संवाददाता । पटना

कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. डीजीपी आरएस भट्टी को सीआईएसएफ के डीजी के पद पर नियुक्त किया गया है. पदभार ग्रहण करने की तिथि से उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख 30 सितंबर 2025 तक या अगले आदेश तक वो इस पद पर बने रहेंगे. वहीं दलजीत सिंह चौधरी जो वर्तमान में एसएसबी के महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं, वो अब सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक के पद पर तैनात किए गए हैं. इस पद पर वो कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 30 नवंबर 2025 को उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक या अगले आदेश तक बने रहेंगे. पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पसंद पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से भट्टी को वापस बिहार बुलाया गया था. इसी महीने उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर लौटने का अनुरोध किया था और तब राज्य की नीतीश कुमार सरकार ने इसकी अनुमति दी. साल 2022 में बिहार की महागठबंधन सरकार ने उन्हें राज्य के डीजीपी की जिम्मेदारी दी थी. बता दें कि कुछ दिन पहले तेजस्वी यादव ने डीपीजी भट्टी की बेबसी भी बयां की थी. उन्होंने साफ कहा था कि पुलिस प्रशासन की ट्रांसफर-पोस्टिंग मुख्यमंत्री के चाटुकार करते हैं. बिहार में पुलिस विभाग की ट्रांसफर-पोस्टिंग कुछ खास लोग ही करते हैं. इसमें डीजीपी की नहीं सुनी जाती. तेजस्वी यादव जब भी बिहार के अपराध को लेकर सरकार पर निशाना साधते थे, तो नीतीश कुमार का ही नाम लेते थे. डीजीपी को सीधे तौर पर कुछ नहीं कहते थे. इस बात की चर्चा पहले से ही थी कि बिहार में डीजीपी आरएस भट्टी अब केंद्र सरकार में सेवा देना चाहते हैं.

## कारोबार

### एमउएम इंडिया और ओयो ने किया समझौता

**नयी दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी एम3एम इंडिया और ओयो होटल्स एंड होम्स की मूल कंपनी ओरावेल स्टेज ने गुरुग्राम में 'संडे' ब्रांड के तहत एक प्रीमियम होटल शुरू करने के लिए प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. एम3एम इंडिया ने बयान में कहा, उसने भारत में 'संडे' होटल शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. इस परियोजना का विकास 1.69 लाख वर्ग फुट में किया जाएगा. इसमें 220 कमरे होंगे. यह होटल गुरुग्राम में साउथर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) पर होगा.

### अर्बन वॉल्ट ने बेंगलुरु में लिया ऑफिस

**नयी दिल्ली ।** अर्बन वॉल्ट ने घरेलू तथा वैश्विक कंपनियों की ओर से प्रबंधित कार्यस्थलों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए रियल एस्टेट कंपनी ब्रिगेड ग्रुप से बेंगलुरू में एक लाख वर्ग फुट कार्यस्थल पट्टे पर लिया है. अर्बन वॉल्ट कॉर्पोरेट जगत को प्रबंधित कार्यस्थल समाधान प्रदान करती है. उसके खंड में वर्तमान में 20 लाख वर्ग फुट से अधिक कार्यालय स्थान है, जिसमें 30,000 से अधिक 'डेस्क' शामिल हैं. कंपनी ने बयान में कहा, उसने बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड में 'ब्रिगेड समिट' परियोजना में जगह ली है.

### जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को मिला ठेका

**नयी दिल्ली ।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (एमएसईडीसीएल) से 400 मेगावाट की अतिरिक्त पवन-सौर हाइब्रिड परियोजना का ठेका मिला है. कंपनी के बयान के अनुसार, इसके साथ ही तीसरे चरण के तहत जेएसडब्ल्यू नियो को आवंटित संचयी क्षमता 600 मेगावाट हो गई. बयान में कहा गया, कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को एमएसईडीसीएल से 'ग्रीनशू' विकल्प के तहत अतिरिक्त 400 मेगावाट की पवन-सौर हाइब्रिड पावर परियोजना के लिए एमएसईडीसीएल के तीसरे चरण का ठेका मिला है.

#### मुकेश अंबानी ने की एआई क्लाउड की घोषणा

## जियो यूजर्स को 100 जीबी तक फ्री मिलेगा क्लाउड स्टोरेज

एजेंसी । नई दिल्ली/मुंबई



देश के जाने-माने उद्योगपति एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने गुरुवार को 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में जियो एआई क्लाउड वेलकम ऑफर का ऐलान किया. उन्होंने एजीएम को संबोधित करते हुए कहा कि इसमें जियो यूजर्स को 100 जीबी तक का फ्री क्लाउड स्टोरेज मिलेगा. आरआईएल-डिज्नी विलय पर कहा कि यह भारत के मनोरंजन उद्योग में एक नए युग की शुरुआत है. मुकेश अंबानी ने 47वीं एजीएम के दौरान शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, मैं जियो एआई क्लाउड वेलकम ऑफर की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं.

आज, मैं घोषणा कर रहा हूं कि जियो उपयोगकर्ताओं को अपने सभी फोटो, वीडियो, दस्तावेज, डेटा और अन्य सभी डिजिटल सामग्री को सुरक्षित रूप से स्टोर करने और एक्सेस करने के लिए 100 जीबी तक मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा. उन्होंने कहा कि हमारे पास अधिक स्टोरेज की आवश्यकता वाले लोगों के लिए बाजार में सबसे किफायती कीमतें भी होंगी. हम इस साल दिवाली से जियो एआई क्लाउड वेलकम ऑफर लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं. इसके साथ ही मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस 5 सितंबर, 2024 को 1:1 रेश्यो में बोनस इश्यू देने पर विचार करेगी.

मुकेश अंबानी ने कहा कि उनका तेल से लेकर दूरसंचार तक का कारोबार करने वाला समूह अल्पकालिक लाभ कमाने और संपत्ति जमा करने के कारोबार में नहीं है, बल्कि उसका ध्यान देश के लिए धन सृजन पर है. आरआईएल के शेयरधारकों की 47वीं सालाना आम बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए काम कर रही है. उन्होंने कहा कि जियो 8 सालों में दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल डेटा कंपनी बन गई है. प्रत्येक जियो यूजर्स प्रति माह 30 जीबी डेटा का उपभोग करता है. इसकी कीमत विश्व एवरेज की एक चौथाई है.

उन्होंने लोकसभा चुनाव में जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी. अंबानी ने बताया कि दुकानों की संख्या के मामले में शीर्ष 5 वैश्विक खुदरा विक्रेताओं में रिलायंस रिटेल शामिल है. बाजार पूंजीकरण के मामले में यह शीर्ष 10 खुदरा विक्रेताओं में शामिल है. कर्मचारियों की संख्या के मामले में भी शीर्ष 20 खुदरा विक्रेताओं की सूची में रिलायंस रिटेल का नाम शामिल है. आरआईएल-डिज्नी विलय पर मुकेश अंबानी ने कहा कि यह भारत के मनोरंजन उद्योग में एक नए युग की शुरुआत है. उन्होंने कहा कि हम कंटेंट निर्माण को डिजिटल स्ट्रीमिंग के साथ जोड़ रहे हैं.

#### हुरुन इंडिया रिच 2024 लिस्ट किया जारी

## मुकेश से आगे निकले गौतम बन गए सबसे अमीर शख्स

एजेंसी । नयी दिल्ली



मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ते हुए अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं. लंबे वक्त से मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर शख्स बने हुए थे, मगर अब यह ताज गौतम अडानी को मिल गया है. हुरुन इंडिया रिच 2024 लिस्ट के मुताबिक इस लिस्ट में कुल 1,539 भारतीयों का नाम शामिल किया गया है. इन सभी व्यक्तियों की संपत्ति 1,000 करोड़ से अधिक है. इस लिस्ट में टॉप पर गौतम अडानी का नाम है, वहीं दूसरे स्थान पर मुकेश अंबानी हैं. इस लिस्ट को 31 जुलाई 2024 के डेटा के अनुसार बनाया गया है. इसके साथ ही भारत में पिछले साल हर पांच दिन में एक नया अरबपति बना है.

**अडानी की संपत्ति 1,61,800 करोड़ रुपये पर पहुंच गई :** हुरुन इंडिया रिच 2024 की लिस्ट के मुताबिक 62 वर्षीय गौतम अडानी की संपत्ति 1,61,800 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है. वहीं लिस्ट में दूसरे स्थान पर मुकेश अंबानी का नाम है, जिनकी संपत्ति 1,014,700 करोड़ रुपये है. लिस्ट में तीसरे स्थान पर एचसीएल के शिव नाडर का नाम है. उनकी कुल नेट वर्थ 314,000 करोड़ रुपये है. चौथे स्थान पर साइरस पूनावाला का नाम आता है. उनकी नेट वर्थ 289,900 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है. लिस्ट में पांचवें स्थान पर सन फर्मा के दिलीप संघवी का नाम है, जो कुल 249,900 करोड़ रुपये के मालिक हैं.

कुमार मंगलम बिड़ला इस सूची में 6ठें स्थान पर हैं और उनकी नेट वर्थ 235,200 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है. हिंदुजा के गोपीचंद हिंदुजा की नेटवर्थ 192,700 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है. राधाकृष्ण दमानी इस लिस्ट में 190,900 करोड़ की संपत्ति के साथ आठवें स्थान पर हैं. लिस्ट में 9वें स्थान पर अजीम प्रेमजी का नाम है, जिनकी नेट वर्थ 190,700 करोड़ तक पहुंच गई है. लिस्ट में 10 वें स्थान पर नीरज बजाज का नाम है, जिनकी नेट वर्थ 162,800 करोड़ तक पहुंच गई है.

### बायोकॉन ने जैनसेन के साथ किया समझौता

**नयी दिल्ली ।** बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने यूरोप, ब्रिटेन, कनाडा तथा जापान में 'ऑटोइम्यून' बीमारियों के उपचार के लिए बायोसिमिलर दवा पेश करने के लिए जैनसेन के साथ समझौता किया है. ऑटोइम्यून बीमारियों से तात्पर्य ऐसी स्थिती से है जब शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से अपनी ही स्वस्थ कोशिकाओं, ऊतकों तथा अंगों पर हमला करने लगती है. बायोकॉन लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी ने जैनसेन बायोटेक इंक, जैनसेन साइंसेज आयरलैंड तथा जॉनसन एंड जॉनसन के साथ एक निपटान व लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. इस समझौते से स्टेलारा के प्रस्तावित बायोसिमिलर, बीएमएबी 1200 के व्यावसायीकरण का रास्ता साफ हो गया है. कंपनी ने बयान में कहा, निपटान समझौते की शर्तों के अनुसार बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने यूरोप, ब्रिटेन, कनाडा और जापान में बाजार में प्रवेश की तारीखों को निश्चित करने के लिए जैनसेन के साथ पेटेंट विवादों को सुलझा लिया है. इन बाजारों में विनियामक दस्तावेजों की वर्तमान में समीक्षा की जा रही है.

## पेज एक का शेष

### क्या से क्या हो गया...

हो सकता है कि मीडिया की खबरों में भी कयास की मात्रा अधिक हो, लेकिन अपमान होने के एक-डेढ़ महीने बाद स्वाभिमान का फुंफकारते हुए जाग जाना कुछ न कुछ चुगली तो जरूर करता है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आरोप है कि यह सब किया-कराया भाजपा का है. लेकिन यदि भाजपा ने चंपाई को उकसाया हो तो इसमें गलत क्या है ? राजनीतिक दल संन्यासियों की टोली तो होते नहीं हैं. सभी मौके की तलाश में रहते हैं और चारा फेंकते रहते हैं. सवाल तो उस पर है जो जीवनभर जिस बैनर तले राजनीति करता रहा, फलता-फूलता रहा वह फंस कैसे गया और हरा से भगवा कैसे हो गया ?

अब लौटते हैं मूल विषय पर. वह यह कि उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाया क्यों गया. जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा था कि वह संगठन का काम देखेंगे. फिर उन्होंने फैसला क्यों बदला ? ऐसा लगता है कि 30 जून को भारतीय न्याय संहिता के समर्थन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तस्वीर वाले फुल पेज विज्ञापन ने सब गुड़ गोबर कर दिया. जिस विधेयक का पुरजोर विरोध विपक्ष ने किया और उसके समर्थन में भाजपा की भी किसी राज्य सरकार ने विज्ञापनी उत्साह नहीं दिखाया, उस पर विपक्षी गंठबंधन के मुख्यमंत्री का फिदा हो जाना कचोटेगा ही. उससे ऐसा लगा कि चंपाई भाजपा के प्रति नरम कोना रख रहे हैं. हेमंत के मित्र हिमांशु शेखर चौधरी को खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष पद से हटाने की हिमाकत क्यों की गयी ? कुछ और भी निर्णय थे जिनसे यह संभावना प्रबल हो रही थी कि शतरंज का यह प्यादा फर्जी हो गया है और टेढ़ा चलने लगा है. वैसे चंपाई को यह मालूम होना चाहिए था कि जनादेश हेमंत को मिला था. उन्होंने रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उन्हें कमान सौंपी थी. वह चाहते तो कल्पना सोरेन, बसंत सोरेन या किसी और को भी बागडोर सौंप सकते थे. लेकिन उन्होंने चंपाई की वरीयता, दल के प्रति उनकी निष्ठा और शिबू सोरेन से अतिशय लगाव के कारण उन्हें मौका दिया था. लेकिन राज्य की सबसे ऊंची कुर्सी मिलने के बाद वह उन्मत्त हो गये. अंततः जो टाइगर अब तक तीर-कमान लेकर घूमता था, वह अब हाथ में कमल लेकर घुमेंगे. अच्छा होता कि वह संन्यास ले लेते और अपने पुत्र के लिए टिकट का जुगाड़ कर लेते. चंपाई के पास थोड़ी भी लोकलाज होती तो वह अपनी पीड़ा के इजहार के साथ ही मंत्री पद छोड़ देते. लेकिन वह मंत्री रहते हुए उलगुलान का भ्रम पाले हुए थे और जनधारणा यह है कि वह कहीं के नहीं रह जायेंगे, यहां तक कि ससम्मान घर वापसी के लायक भी नहीं.

चंपाई शयद सोच रहे होंगे कि जैसे अर्जुन मुंडा झामुमो से भाजपा में आने के बाद न केवल मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और पार्टी के बड़े नेता बन गये, कुछ वैसा ही उनके साथ भी होगा. लेकिन वह साल दूसरा था और यह साल दूसरा है. भाजपा ने रघुवर दास को राज्यपाल बनाकर और अर्जुन मुंडा को केंद्र में सेट कर बाबूलाल के लिए मैदान खाली कर दिया था. लेकिन अभी तो अर्जुन मुंडा भी राज्य की राजनीति में ही हैं और ऊपर से चंपाई का पच्चड़. आलाकमान ने बाबूलाल को दिल्ली बुलाया था. शायद कुछ आशंकाएं या अफवाहें दूर करने के लिए. बिना प्रदेश अध्यक्ष की सहमति के केंद्र चंपाई को पार्टी में शामिल करने का निर्णय नहीं लेता. लेकिन चंपाई भाजपा के लिए नया सिरदर्द नहीं होंगे, इसकी गारंटी कौन लेगा-देगा ? जो झामुमो में सब कुछ पाकर उसका नहीं रहा, वह समुद्र बन चुकी भाजपा में बिना खास तवज्जो के कब तक रह पायेगा ? चंपाई को अपने बारे में गलतफहमी होगी जिसे आनेवाला वक्त दूर कर देगा.



#### वित्त मंत्रालय ने गांधीनगर आईएफएससी में शेयर सूचकांकों में किया बदलाव

## न्यूनतम शेयरों की मात्रा घटाकर 10 प्रतिशत की

एजेंसी । नयी दिल्ली



वित्त मंत्रालय ने गांधीनगर आईएफएससी में शेयर सूचकांकों में सूचीबद्ध होने के लिए कंपनियों को आकर्षित करने के प्रयास में कारोबार के लिए उपलब्ध शेयरों की आवश्यकता को 25 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है. गांधीनगर स्थित गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (गिफ्ट सिटी) विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम, 2005 के तहत भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) है. मंत्रालय के आधिकारिक बयान के अनुसार, आर्थिक मामलों के विभाग ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों (आईएफएससी) के भीतर अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों में सूचीबद्ध होने की इच्छुक भारतीय कंपनियों के लिए वैश्विक मानकों के अनुरूप सूचीबद्ध आवश्यकताओं को आसान बनाने के लिए प्रतिभूति अनुबंध विनियमन नियम, 1956 में संशोधन किया है. विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण उपकरण) 2019 और कंपनियां (अनुमेय क्षेत्राधिकार में शेयरों की सूचीबद्धता) नियम 2024 के तहत अंतरराष्ट्रीय सूचकांक योजना भारत में निगमित कंपनियों के शेयरों को प्रत्यक्ष सूचीबद्ध करने, सार्वजनिक भारतीय कंपनियों को गिफ्ट-आईएफएससी में अनुमत अंतरराष्ट्रीय शेयर सूचकांकों में अपने शेयर जारी करने और सूचीबद्ध करने में सक्षम बनाने के लिए एक नियामक ढांचा प्रदान करती है.इसे और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए, नए नियमों में यह प्रावधान किया गया है कि आईएफएससी में केवल अंतरराष्ट्रीय सूचकांक पर सूचीबद्ध होने की इच्छुक भारतीय कंपनियों के लिए प्रस्ताव दस्तावेज के अनुसार जनता को न्यूनतम पेशकश व आवंटन के लिए निर्गम-पश्चात शेयर की आवश्यकता कम से कम 10 प्रतिशत होगी. इसमें कहा गया है कि, ऐसी कंपनियों के लिए निरंतर सूचीबद्धता की आवश्यकता भी 10 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जैसा कि एससीआरआर के तहत रेखांकित किया गया है. एससीआरआर में संशोधन से उभरते व प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप तथा कंपनियों के लिए वैश्विक पूंजी तक पहुंच आसान होगी. मंत्रालय ने कहा कि इससे विशेष रूप से वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ने वाली तथा अन्य बाजारों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के अवसरों की तलाश करने वाली भारतीय कंपनियों को लाभ होगा. यह पहल आईएफएससी में एक जुझारू व विश्व स्तरीय नियामक और कारोबारी माहौल प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जिससे वैश्विक वित्तीय प्रणाली में भारत की स्थिति मजबूत होगी. इससे पहले आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही के दौरान गुजरात स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में सॉवरेन ग्रीन बांड का कारोबार शुरू हो सकता है.

## न्यूज अपडेट

### दो सांसदों का राज्यसभा से इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** युवाजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के राज्यसभा के दो सदस्यों बीडा मस्थान राव यादव और वेंकटारमन राव मोपीदेवी ने सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है. राव का कार्यकाल जून 2028 में समाप्त होना था. वह तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) छोड़कर वाईएसआरसीपी में शामिल हुए थे. उनके तेदेपा में वापस जाने की संभावना है.

### उद्यान में बाघ ने होमगार्ड को मार डाला

**गुवाहाटी।** असम के ओरंग राष्ट्रीय उद्यान में एक बाघ ने एक होमगार्ड पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. प्रभागीय वन अधिकारी प्रदीप्त बरुआ ने संवाददाताओं को बताया कि उद्यान के बिलपारा क्षेत्र में बुधवार शाम को दो होमगार्ड पैदल गश्त कर रहे थे, तभी एक बाघ ने उनमें से एक पर हमला कर दिया और उसे जंगल के अंदर खींच कर ले गया. तलाश अभियान चलाया गया. बाघ को गार्ड को जंगल के अंदर घसीटते हुए देखा गया था.

### स्पेसएक्स को उड़ान भरने से रोका

**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष क्षेत्र की निजी कंपनी स्पेसएक्स के बूस्टर रॉकेट के बुधवार को नीचे उतरते समय आग की चपेट में आने के बाद कंपनी के प्रक्षेपण रोक दिए गए हैं. अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन ने फ्लोरिडा तट पर तड़के हुई दुर्घटना के बाद कंपनी के फाल्कन 9 रॉकेट को उड़ान भरने से रोक दिया और जांच के आदेश दिए. इस दौरान जान-माल का नुकसान होने की कोई सूचना नहीं मिली है.

### अल साल्वाडोर में 6.1 तीव्रता का भूकंप

**सैन साल्वाडोर।** अल साल्वाडोर में बुधवार दोपहर 6.1 तीव्रता का भूकंप आया. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. बहरहाल, इस दौरान जान-माल का नुकसान होने की अभी तक कोई खबर नहीं मिली है. साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि ला लिबर्टाड के पश्चिमी क्षेत्र के तट से 60 किलोमीटर दूर आए भूकंप ने अल साल्वाडोर के अधिकतर हिस्से को हिलाकर रख दिया.

### दुरोव के खिलाफ प्रारंभिक आरोप तय

**पेरिस।** फ्रांसीसी प्राधिकारियों ने सोशल मीडिया मंच 'टेलीग्राम' के मुख्य कार्यकारी अधिका पावेल दुरोव पर अपने 'मैसेजिंग ऐप' का इस्तेमाल कथित आपराधिक गतिविधियों के लिए करने के प्रारंभिक आरोप लगाए और मामले की जांच जारी रहने तक उनके फ्रांस छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया. फ्रांसीसी अभियोजकों ने दुरोव को चार दिन की पूछताछ के बाद बुधवार को पुलिस हिरासत से रिहा कर दिया. 'टेलीग्राम' का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों के लिए किए जाने के आरोपों को लेकर उनसे पूछताछ की.

### पांच और चरमपंथियों को मारने का दावा

**यरूशलम।** इजराइली सेना ने कब्जे वाले 'वेस्ट बैंक' में एक व्यापक अभियान के दौरान एक स्थानीय कमांडर समेत पांच और चरमपंथियों को मार गिराने का दावा किया. 'नूर शम्स' शरणार्थी शिविर में 'इस्लामिक जिहाद' चरमपंथी समूह के कमांडर मोहम्मद जाबेर (जिसे अबू शुजा के नाम से भी जाना जाता है) की मौत की फलस्तीनियों ने तत्काल पुष्टि नहीं की. सेना ने कहा कि इजराइली सेना के साथ बृहस्पतिवार को सुबह हुई मुठभेड़ में शुजा और चार अन्य चरमपंथी मारे गए.

### राजद्रोह में दो पत्रकार दोषी ठहराए गए

**हांगकांग।** हांगकांग की एक अदालत ने एक बंद हो चुके समाचार संस्थान के दो पूर्व संपादकों को राजद्रोह के एक मामले में बृहस्पतिवार को दोषी ठहराया. इस फैसले को मीडिया की स्वतंत्रता के भविष्य के संकेतक के रूप में देखा जा रहा है. 'स्टैंड न्यूज़' के पूर्व प्रधान संपादक चुंग पुई-कुएन और पूर्व कार्यवाहक प्रधान संपादक पैट्रिक लैम को 2021 में गिरफ्तार किया गया था और उन्होंने राजद्रोही सामग्री को प्रकाशित करने और पुनः प्रस्तुत करने की साजिश के आरोप को कबूल नहीं किया था.

### 92 और अमेरिकियों के प्रवेश पर रोक

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को ऐलान किया कि 92 और अमेरिकी नागरिकों का देश में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है. इनमें पूर्व में रूस में काम कर चुके कुछ पत्रकार, अधिकारी और कुछ व्यापारी शामिल हैं. कहा गया कि "मॉस्को को रणनीतिक रूप से हराने के घोषित लक्ष्य के साथ बाइडन प्रशासन द्वारा अपनाई गई रूस को अलग-थलग करने की नीति' के जवाब में अमेरिकियों पर प्रतिबंध लगाया गया है. 'झूठी खबरें तैयार करने और उनका प्रसार करने में शामिल अग्रणी तथाकथित उदार-वैश्विक प्रकाशनों का प्रतिनिधित्व' करने वाले अमेरिकी पत्रकारों पर प्रतिबंध लगाया गया है.

### गैस रिसाव से एक व्यक्ति की मौत

**दुबई।** ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड केंद्र में गैस रिसाव के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए. यह जानकारी ईरानी सरकारी टेलीविजन ने दी. इसमें कहा गया है कि यह रिसाव इस्फहान प्रांत में रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक कार्यशाला में हुआ और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गैस रिसाव ऐसे समय हुआ है जब 31 जुलाई को ईरान की राजधानी तेहरान में हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हनिया की हत्या के बाद से तनाव बना हुआ है.

---

**गुजरात : बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 18,000 लोगों को स्थानांतरित व 1,200 लोगों को बचाया गया, बारिशजनित घटनाओं में 26 की मौत**

# बारिश की स्थिति में सुधार, कुछ हिस्सों में अब भी बाढ़ जैसी स्थिति

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बातचीत की और स्थिति का जायजा लिया

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात में बृहस्पतिवार को बारिश कम हुई, जिससे स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ लेकिन वडोदरा और राज्य के कुछ अन्य हिस्सों में अब भी नदियां उफान पर होने से वहां बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है. अधिकारी राहत एवं बचाव अभियान जारी रखे हुए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बात की और स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने मुख्यमंत्री से बाढ़ के बाद बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए उचित कदम उठाने को भी कहा. अधिकारियों ने बताया कि गुजरात में पिछले तीन दिनों में, बुधवार तक, बारिश से संबंधित घटनाओं में 26 लोगों की मौत हो गई है. राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) की अद्यतन जानकारी में बताया गया कि गुजरात के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 18,000 से अधिक लोगों को स्थानांतरित किया गया है तथा लगभग 1,200 लोगों को बचाया गया है. सुरक्षाबलों ने कुछ लोगों को हेलीकॉप्टर के जरिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया.

**वडोदरा जिले में भारी बारिश के बाद जलमग्न घर की छत पर आया मगरमच्छ**



### त्रिपुरा सरकार ने किया पूरे राज्य को प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित

**अगरतला।** त्रिपुरा में भारी बाढ़ के कारण हुई जनहानि और संपत्ति के भारी नुकसान के बाद राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश को प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया है. एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. त्रिपुरा में भारी बाढ़ से जनहानि हुई है और सार्वजनिक व निजी अवसंरचनाओं तथा संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है. राहत, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव बिरजेश पांडे ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा, 'अभी तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है, दो लोग घायल हैं और एक लापता है. प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार हाल की बाढ़ के कारण 15 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है.' जनहानि के अलावा सार्वजनिक और निजी संपत्तियों के नुकसान को काफी नुकसान हुआ है. राज्य सरकार के अनुरोध के बाद केंद्र ने बाढ़ से हुए नुकसान का मौके पर जाकर आकलन करने के लिए पांच सदस्यीय टीम भेजी है.

---

**मलयालम फिल्मों की हस्तियों के खिलाफ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न का मामला**

# माकपा विधायक सहित कई अभिनेताओं पर गाज

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम/कोच्चि**

सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक एम. मुकेश और अभिनेता जयसूर्या समेत मलयालम फिल्मों की नामचीन हस्तियों के खिलाफ बलात्कार और यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है जिसके बाद सत्तारूढ़ गठबंधन ने बृहस्पतिवार को मांग की कि मुकेश को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देना चाहिए. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की नेता एनी राजा ने कहा कि मुकेश के विधायक बने रहने का अब कानूनी या नैतिक आधार नहीं है, क्योंकि उनके खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है. उन्होंने विधायक से पद छोड़ने की अपील की. मुकेश पर एक अभिनेत्री ने आरोप लगाया है कि अभिनेता ने कई साल पहले उसका यौन उत्पीड़न किया था जिसके आधार पर उन पर मामला दर्ज किया गया. लोकप्रिय मलयालम अभिनेताओं जयसूर्या और मनियनपिला राजू के खिलाफ भी यौन उत्पीड़न के आरोप में अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं. पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी.

सारा घटनाक्रम न्यायमूर्ति के हेमा समिति की रिपोर्ट में सामने आए चौंकाने वाले निष्कर्षों से जुड़ा माना जा रहा है. कुछ फिल्मों में काम कर चुकी शिकायतकर्ता ने जाने माने अभिनेता एवं विधायक एम. मुकेश, जयसूर्या और मनियानपिला राजू के अलावा अभिनेताओं के संघ में प्रमुख भूमिका निभाने वाले इडावेला बाबू के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाए हैं. अभिनेत्री ने फेसबुक पर पोस्ट में लिखा था, 'मैं मलयालम फिल्म उद्योग में मुकेश, मनियनपिला राजू, इडावेला बाबू, जयसूर्या, चंद्रशेखरन, प्रोडक्शन कंट्रोलर नोबल और विचू द्वारा मेरे साथ शारीरिक और मौखिक दुर्व्यवहार किए जाने की घटनाओं की रिपोर्ट करने के लिए यह पोस्ट लिख रही हूं.' अभिनेत्री ने लिखा, 'वर्ष 2013 में एक प्रोजेक्ट पर काम करते समय इन व्यक्तियों ने मुझे शारीरिक और मौखिक रूप से प्रताड़ित किया. मैंने सहयोग करने और काम जारी रखने की कोशिश की, लेकिन यह दुर्व्यवहार बर्दाश्त से बाहर हो गया.'



**'माकपा विधायक का पद पर बने रहने का अधिकार नहीं'**

कोच्चि शहर के मरदु पुलिस थाने में मुकेश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) के तहत बुधवार रात प्राथमिकी दर्ज की गई. पुलिस ने बताया कि यह मामला भारतीय दंड संहिता के तहत इसलिए दर्ज किया गया है, क्योंकि कथित अपराध भारतीय न्याय संहिता के लागू होने से पहले हुआ था. माकपा की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री के. के. शैलजा ने कहा कि यदि यह साबित हो जाता है कि पार्टी विधायक एम. मुकेश पर लगाए गए आरोप सही हैं तो उन्हें विधायक के पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है. शैलजा ने कहा कि न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के मद्देनजर वर्तमान में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) मुकेश के खिलाफ लगे आरोपों सहित अन्य मामलों में लगाए गए सभी आरोपों की जांच कर रहा है. उन्होंने कहा कि एसआईटी के अपनी रिपोर्ट देने के बाद सरकार इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी.

**'वाम सरकार गलत काम करने वाले को नहीं बचाएगी'**

एलडीएफ के विधायकों पर विपक्ष के तीखे हमले के बीच गठबंधन ने कहा कि बलात्कार के आरोपों का सामना करने वाले कांग्रेस विधायकों ने इस्तीफा नहीं दिया है. एलडीएफ के संयोजक ई पी जयराजन ने कहा कि विभिन्न अभिनेताओं और निर्देशकों के खिलाफ लगे आरोपों के संबंध में दर्ज किसी भी मामले में न तो माकपा और न ही वामपंथी सरकार, गलत काम करने वाले को बचाएगी. संवाददाताओं ने जयराजन से सवाल किया था कि मुकेश इस्तीफा देंगे या नहीं. जयराजन ने कहा कि इससे पहले दो अन्य विधायकों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के बड़े मामले दर्ज किए गए और उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है. उनका इशारा कांग्रेस विधायक एम विंसेंट और एल्डहोस कुन्नापिल्ली की ओर था. जयराजन ने कहा कि अगर वे इस्तीफा दे देते तो तीसरे विधायक (मुकेश) को भी इस्तीफा देना पड़ता. कानून सभी विधायकों पर समान रूप से लागू होता है.

---

# घुसपैठ की कोशिश में तीन आतंकी ढेर

- जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास लंबी मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों को मिली सफलता

**एजेंसी। श्रीनगर**

सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की दो कोशिशों को नाकाम कर दिया और तीन आतंकवादियों को मार गिराया. सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '(तंगधार ऑपरेशन में) एक आतंकवादी के मारे जाने की पुष्टि हो गई है. कुपवाड़ा के माछल क्षेत्र में जारी घुसपैठ विरोधी अभियान में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है. इसके अलावा दो एके राइफल, एक पिस्तौल, चार हथगोले और युद्ध से जुड़ी अन्य सामग्री बरामद की गई है.'

सेना ने कहा कि दोनों स्थानों पर तलाश अभियान जारी है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक दिन पहले कुपवाड़ा पुलिस द्वारा दी गई विशेष जानकारी के आधार पर 28 अगस्त को दोनों अभियान शुरू किए गए थे. उन्होंने बताया कि पुलिस कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा से घुसपैठ के प्रयासों पर कड़ी नजर रख रही है और जमीनी स्तर पर खुफिया जानकारी जुटा रही है. अधिकारियों ने कहा, 'मंगलवार को माछिल सेक्टर के कुमकडी और करनाह सेक्टर से एक साथ घुसपैठ की कोशिशों के बारे में दो विशेष सूचनाएं प्राप्त हुईं.

अधिकारियों ने बताया कि संबंधित सैन्य इकाइयों के साथ सूचनाएं साझा की गईं और जम्मू-कश्मीर पुलिस एवं सेना की संयुक्त टीम को तैनात किया गया.' उन्होंने कहा कि कुमकडी में बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई. मुठभेड़ बृहस्पतिवार सुबह तक चली. इसी तरह के एक अन्य अभियान में बुधवार रात करीब नौ बजे करनाह सेक्टर में संदिग्ध गतिविधि का पता चला, जिसके बाद सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई. अधिकारियों ने कहा, 'सुबह दोनों स्थानों की तलाशी लेने पर कुमकडी में दो शव और करनाह में एक शव देखा गया.' कुपवाड़ा जिले में जम्मू-कश्मीर पुलिस की खुफिया जानकारी के आधार पर यह छठा अभियान चलाया गया था. इन अभियानों में 10 आतंकवादी मारे गए हैं और वे सभी विदेशी थे.

### बांग्लादेश : पूर्व स्पीकर पूर्व वाणिज्य मंत्री हत्या के मामले में गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में हाल ही में आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में एक सुनार की हत्या के मामले में पूर्व स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी और पूर्व वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी को गिरफ्तार किया गया है. मीडिया रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई. इन प्रदर्शनों के कारण ही देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिर गई थी. बांग्लादेश के अंग्रेजी अखबार ''ढाका ट्रिब्यून'' में प्रकाशित खबर में बताया गया कि रंगपुर में दर्ज एक हत्या के मामले में पूर्व वाणिज्य मंत्री मुंशी (74) को रैपिड एक्शन बटालियन ने ढाका के गुलशन में बुधवार रात गिरफ्तार किया है. बताया गया कि प्रदर्शन के दौरान 38 वर्षीय सुनार मुस्लिम उद्दिन मिलन की हत्या के लिए मुंशी व संसद की पूर्व अध्यक्ष चौधरी सहित 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. इस मामले में कई अज्ञात लोग भी आरोपी हैं.

# पाक ने पीएम मोदी को भेजा एससीओ सम्मेलन का बुलावा

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



- 15-16 अक्टूबर को होने वाले आयोजन में भाग लेने के लिए शासनाध्यक्षों को निमंत्रण भेजे

पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अक्टूबर में यहां आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है. विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. संवाददाता सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि 15-16 अक्टूबर को होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शासनाध्यक्षों को निमंत्रण भेजे गए हैं.

खबर में बलूच के हवाले से कहा गया है, "भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी निमंत्रण भेजा गया है. कुछ देशों ने पहले ही एससीओ के शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने की पुष्टि कर दी है. तय समय पर यह बताया जाएगा कि किस देश ने पुष्टि की है." पाकिस्तान और भारत के बीच तनावपूर्ण संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है, जिसका मुख्य कारण कश्मीर मुद्दा और पाकिस्तान की तरफ से होने वाला सीमा पार आतंकवाद है. भारत कहता रहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी की तरह संबंध चाहता है. हालांकि वह इस बात पर जोर देता रहा है कि इस तरह के संबंध के लिए आतंक और शत्रुता से मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है.

---

**मणिपुर : पूर्वी इंफाल जिले में तलाशी के दौरान हथियारों का जखीरा बरामद**

- पुलिसकर्मियों से तीन राइफल और गोला-बारूद कथित तौर पर छीनने के बाद यह तलाश अभियान चलाया गया था

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर के पूर्वी इंफाल जिले के सेकता अवांग लेईकाई इलाके में तलाश अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया गया है. एक बयान में यह जानकारी दी गई. बयान में बताया गया कि इलाके में तलाश अभियान के दौरान तीन इन्सास राइफल, दो एके-56 राइफल, मैगजीन, गोला-बारूद और सैन्य वर्दी सहित कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं.

पश्चिमी इंफाल जिले के लेइकिन्थाबी इलाके में कुछ बंदूकधारियों द्वारा पुलिसकर्मियों से तीन राइफल और गोला-बारूद कथित तौर पर छीनने के बाद यह तलाश अभियान चलाया गया था. पुलिस के बयान में कहा गया है कि इस वारदात के संबंध में चार पुलिसकर्मियों और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. अदालत ने उन्हें दस दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है. इसमें बताया गया कि सुरक्षा बलों ने मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में भी तलाश अभियान चलाया और काकचिंग के वाबागई नतेखोंग से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया. बयान में कहा गया है, 'तलाश अभियान के दौरान पांच बंदूकें, 10 ग्रेनेड, एक बुलेटप्रूफ जैकेट और एक वायरलेस सेट बरामद किया गया है." मइती समुदाय और कुकी समुदाय के लोगों के बीच हुई हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए और हजारों लोग बेघर हो गए हैं.

### जापान में तूफान से भारी बारिश, 3 लोगों की मौत

**टोक्यो।** दक्षिणी जापान में बृहस्पतिवार को भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ आए तूफान के कारण कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई तथा क्यूशू में बिजली गुल होने से ढाई लाख घर अंधेरे में हैं. तूफान के और विकराल होने के चलते बाढ़, भूस्खलन तथा बड़े स्तर पर नुकसान की आशंका व्यक्त की गई है. जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि तूफान 'शानशान' ने सुबह दक्षिणी क्यूशू के सतसुमासेंदाई के पास दस्तक दी, जहां 24 घंटे में 60 सेमी तक बारिश होने के आसार हैं. इसने बताया कि पिछले 24 घंटे में हुई बारिश अगस्त की औसत बारिश से अधिक है जिससे नदियां उफान पर आ गई हैं और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है.

# असम में बाल-बहुविवाह पर लगेगी रोक

- विस में अनिवार्य मुस्लिम विवाह, तलाक पंजीकरण विधेयक पास

**एजेंसी। गुवाहाटी**



असम विधानसभा ने मुस्लिमों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण संबंधी एक विधेयक को बृहस्पतिवार को पारित किया. असम मुस्लिम विवाह एवं तलाक अनिवार्य पंजीकरण विधेयक, 2024 राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने मंगलवार को पेश किया था. असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सवालों का उत्तर देते हुए कहा कि काजियों द्वारा किए गए सभी पूर्व पंजीकरण वैध रहेंगे और केवल नये विवाह ही कानून के दायरे में आएंगे. उन्होंने कहा, "हम मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत इस्लामी रीति-रिवाजों से होने वाली शादियों में बिल्कुल भी हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं. हमारी एकमात्र शर्त यह है कि इस्लाम द्वारा निषिद्ध शादियों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा."


शर्मा ने कहा कि इस नये कानून के लागू होने से बाल विवाह पंजीकरण पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी. विधेयक के 'उद्देश्य और कारण' में कहा गया है कि यह बाल विवाह और दोनों पक्षों की सहमति के बिना विवाह की रोकथाम के लिए प्रस्तावित किया गया है. मोहन ने कहा कि इससे बहुविवाह पर रोक लगाने में मदद मिलेगी, विवाहित महिलाओं को ससुराल के घर में रहने, भरण-पोषण के अधिकार का दावा करने में सक्षम बनाया जा सकेगा, साथ ही इससे विधवाओं को अपने उन उत्तराधिकार के अधिकार तथा अन्य लाभ और विशेषाधिकार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी, जिनकी वे अपने पति की मृत्यु के बाद हकदार हैं. उन्होंने कहा कि यह विधेयक पुरुषों को शादी के बाद पत्नियों को छोड़ने से भी रोकेगा और विवाह संस्था को मजबूत करेगा.

---

**अध्ययन** हालांकि माइक्रोप्लास्टिक से हमारे स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित खतरे की जांच करने वाला शोध सीमित

# माइक्रोप्लास्टिक हमारे दिमाग में हैं, इससे कितना चिंतित होना चाहिए?

**लगातार न्यूज नेटवर्क**



**क्या यह हमारे स्वास्थ्य के लिए चिंता की बात है?**

हम अभी तक मानव मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक के प्रभावों को नहीं जानते हैं. कुछ प्रयोगशाला प्रयोगों से पता चलता है कि माइक्रोप्लास्टिक्स मस्तिष्क की सूजन और कोशिका क्षति को बढ़ाते हैं, जीन अभिव्यक्ति को बदलते हैं और मस्तिष्क की संरचना को बदलते हैं. माइक्रोप्लास्टिक कणों के प्रभाव के अलावा, माइक्रोप्लास्टिक भी जोखिम पैदा कर सकता है यदि वे पर्यावरण विषाक्त पदार्थों या बैक्टीरिया को शरीर में और उसके आसपास ले जाते हैं. विभिन्न प्लास्टिक रसायन भी माइक्रोप्लास्टिक से निकलकर शरीर में प्रवेश कर सकते हैं. इनमें प्रसिद्ध हार्मोन-विघटनकारी रसायन शामिल हैं जिन्हें बीपीए के नाम से जाना जाता है. लेकिन माइक्रोप्लास्टिक्स और उनके प्रभावों का अध्ययन करना कठिन है.

नोट्रे डेम (अमेरिका)। प्लास्टिक हमारे कपड़ों, कारों, मोबाइल फोन, पानी की बोतलों और खाद्य कंटेनरों में है, लेकिन हाल के शोध से हमारे स्वास्थ्य पर प्लास्टिक के छोटे टुकड़ों के प्रभाव के बारे में पहले से मौजूद चिंताएं और बढ़ गई हैं. अमेरिका के एक अध्ययन में पहली बार मानव मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक पाया गया है. अध्ययन, जिसे अभी तक अन्य वैज्ञानिकों द्वारा स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया गया है, को मीडिया में डरावना, चौंकाने वाला और चिंताजनक बताया गया है, लेकिन वास्तव में माइक्रोप्लास्टिक्स क्या हैं? हमारे स्वास्थ्य के लिए उनका क्या मतलब है? क्या हमें चिंतित होना चाहिए? माइक्रोप्लास्टिक क्या हैं? क्या यह दिखाई देता है? हम अक्सर प्लास्टिक की वस्तुओं को अविनाशी मानते हैं, लेकिन प्लास्टिक छोटे-छोटे कणों में टूट जाता है, परिभाषाएं अलग-अलग होती हैं लेकिन आम तौर पर माइक्रोप्लास्टिक पांच मिलीमीटर से छोटे होते हैं. इससे कुछ चीजें इतनी छोटी हो जाती हैं कि उन्हें नग्न आंखों से देखा नहीं जा सकता. इसलिए, माइक्रोप्लास्टिक्स के बारे में लेखों को चित्रित करने के लिए मीडिया द्वारा उपयोग की जाने वाली कई छवियां भ्रामक हैं, क्योंकि कुछ बहुत बड़े, स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले टुकड़े दिखाती हैं. पीने के पानी और रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों के कई स्रोतों में माइक्रोप्लास्टिक होने की सूचना मिली है. इसका मतलब है कि हम अपने आहार के जरिए लगातार उनके संपर्क में रहते हैं. इस तरह का व्यापक, दीर्घकालिक (दीर्घकालिक) जोखिम इसे मानव स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बना देता है. हालांकि माइक्रोप्लास्टिक से हमारे स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित खतरे की जांच करने वाला शोध सीमित है, लेकिन यह बढ़ रहा है.

**माइक्रोप्लास्टिक मस्तिष्क में कैसे पहुँचते हैं? :** माइक्रोप्लास्टिक आमतौर पर दूषित भोजन और पानी के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं. यह आंत माइक्रोबायोम (आपकी आंत में रोगाणुओं का समुदाय) को बाधित कर सकता है और सूजन पैदा कर सकता है. इससे प्रतिरक्षा प्रणाली और आंत और मस्तिष्क के बीच जटिल, दो-तरफा संचार प्रणाली के माध्यम से पूरे शरीर पर प्रभाव पड़ता है. यह तथाकथित आंत-मस्तिष्क अक्ष स्वास्थ्य और बीमारी के कई पहलुओं में शामिल है. यह भी हो सकता है कि हम वायुजनित माइक्रोप्लास्टिक में सांस ले रहे हों. एक बार जब ये कण आंत या फेफड़ों में होते हैं, तो वे रक्तप्रवाह में जा सकते हैं और फिर शरीर के चारों ओर विभिन्न अंगों में यात्रा कर सकते हैं. अध्ययनों में मानव मल, जोड़ों, यकृत, प्रजनन अंगों, रक्त, वाहिकाओं और हृदय में माइक्रोप्लास्टिक पाया गया है.

(द कन्वरसेशन)

# प्रदूषण से लड़ने को तटरक्षक बल को मिला 2,500 करोड़ रु का पोत

**एजेंसी। पणजी**

- रक्षा राज्यमंत्री ने गोवा के वास्को में 'जीएसएल यार्ड 1267' का जलावतरण किया

भारतीय तटरक्षक बल के लिए गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित प्रदूषण नियंत्रण पोत बृहस्पतिवार को बल में शामिल किया गया. इसकी लागत करीब 2,500 करोड़ रुपये है. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने गोवा के वास्को में आयोजित एक समारोह में भारतीय तटरक्षक बल के लिए नवनिर्मित प्रदूषण नियंत्रण पोत, ''जीएसएल यार्ड 1267'' का जलावतरण किया.

सेठ ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'यह पोत 72 प्रतिशत आत्मनिर्भर है और इसमें तटीय प्रदूषण से लड़ने की क्षमता है.' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पोत भारतीय तटरक्षक बल के लिए एक परिसंपत्ति होगा, जो "अवांछित तत्वों से हमारे तटों को सुरक्षित रखने के लिए" गश्त करेगा. सेठ ने कहा कि रक्षा राज्य मंत्री के रूप में अपने शुरुआती 85 दिन के दौरान उन्होंने सेनाओं के बारे में जानने में काफी समय बिताया. उन्होंने कहा, 'हमारी सेनाओं के बारे में जानने के बाद, मैं कह सकता हूं कि भारतीय रक्षा क्षेत्र मजबूत है.' उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण पोत के जलावतरण को देश के समुद्री पर्यावरण की रक्षा और तेल प्रदूषण को कम करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम बताया. उन्होंने कहा, 'अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह पोत समुद्री जीवों को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.'

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)